खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 18 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 174 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 11°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 29 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




एआई वैश्विक सम्मेलन में कुप्रबंधन की खबरें सरकार की अक्षमता का परिणाम : खड़गे पेज 2




पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला खेल टाइम्स



रमजान मुबारकः इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना सम्पादकीय



तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने पेज 12

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलीकॉप्टर बनाएगा: पीएम मोदी

## पीएम ने फ्रांस को स्पेशल पार्टनर बताया, मैक्रों बोले: भारत पर भरोसा, इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं

**मुंबई, वार्ता**



- दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया
- मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति का किया स्वागत

**फ्रांस के** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

मुंबई में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलीकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। मैक्रों ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में भरोसा रखता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों अपनी पत्नी के साथ पीएम मोदी के न्योते पर तीन दिन के भारत दौरे पर आए हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितम्बर 2023 में जी-20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकाने तबाह करने वाली हैमर मिसाइलें भारत में बनाने पर भी करार

**मुंबई।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लगी। इनमें राफेल लड़ाकू विमान की खरीद पर चर्चा से लेकर हैमर मिसाइलों को भारत में बनाने के लिए समझौते पर भी बात हुई। इन मिसाइलों का जिक्र इसलिए भी अहम है, क्योंकि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में इन मिसाइलों की भूमिका काफी अहम रही थी। दरअसल, भारत ने बीते साल सात मई में जब पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, तब हमारे किसी भी जवान या विमान ने सीमा पार नहीं की थी। बल्कि आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने का असल काम इन्हीं हैमर मिसाइलों और भारत की स्वदेशी निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों के जरिये किया गया था।

# नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी नसीहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए
- जनहित याचिका पर सुनवाई करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### एआई को तेजी से अपना रहा है भारत : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है क्योंकि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। श्री प्रधान ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भारत में एआई की सीमा को आगे बढ़ाना पर मंगलवार को आयोजित एक सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान श्री प्रधान ने सम्मेलन को भारत में एआई की वृद्धि को दिखाने और तेज़ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोची हुई एक नई पहल बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है, क्योंकि देश एआई को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि एआई भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपरपावर बनाने में एक बदलाव लाने वाली भूमिका निभाएगा और विकसित भारत 2047 के विज़न में अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग तरीके से सोच रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं इसलिए छात्रों और युवाओं को एआई का प्रयोग करके सशक्त बनने की अपील की।

### दिल्ली विवि परिसर में एक माह तक प्रदर्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में विश्वविद्यालय परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है, जो मंगलवार से प्रभावी हो गया है तथा एक महीने तक लागू रहेगा। आदेश के अनुसार परिसर में अनियंत्रित सार्वजनिक सभाओं और प्रदर्शनों से यातायात अवरोध, जन-जीवन को खतरा तथा शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका जताई गई है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में भी कई बार आयोजक ऐसे कार्यक्रमों को नियंत्रित करने में असफल रहे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई।

### इंडिया एआई समिट में शामिल होंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। गेट्स फाउंडेशन के प्रवक्ता के अनुसार, बिल गेट्स तय कार्यक्रम के मुताबिक समिट में हिस्सा लेंगे और अपना कीनोट एड्रेस देंगे। मंगलवार को वेबसाइट पर गेस्ट की लिस्ट में उनका नाम नहीं था। ऐसे में खबरें चल रही थीं कि सरकार ने उनका निमंत्रण रद्द कर दिया है। इसकी वजह अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादित दस्तावेजों में आए उनके नाम को बताया गया था। 16 फरवरी से दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुई समिट 20 फरवरी तक चलेगी।

# अजित पवार प्लेन क्रैश की सीबीआई जांच की मांग

- उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार सीएम फडनवीस से मिलीं, भतीजे रोहित ने साजिश की जताई थी आशंका

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और एनसीपी नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात कर बारामती विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। सुनेत्रा के साथ उनके बड़े बेटे पार्थ पवार, एनसीपी नेता सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ भी थे।

सुनेत्रा ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर सीएम को एक पत्र सौंपा। तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से बात करने का भरोसा दिया है। इधर, विमान दुर्घटना जांच एजेंसी (एएआईबी) ने लियरजेट-45 के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा निकालने के लिए विशेष सहयोग मांगा है। पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को एनसीपी नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान क्रैश हुआ था।

### बारामती में क्रैश विमान के ब्लैकबॉक्स जलकर नष्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में पिछले महीने हुए विमान हादसे के दोनों ब्लैक बॉक्स जलकर नष्ट हो चुके हैं और अब जांच सिर्फ डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) तथा कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) के आधार पर होगी। बारामती में 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गई थी। हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दोनों पायलट समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द



- कर्नाटक चुनाव में 40% कमीशन वाले विज्ञापन का मामला
- हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका खारिज की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40 फीसदी कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

करप्शन रेट कार्ड वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40 फीसदी कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया। मामले में कर्नाटक की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक जून 2024 को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और 7 जून 2024 को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील दत्त यादव की सिंगल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की याचिका मंजूर की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की कार्यवाही आगे बढ़ाना कानून की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा।

### चुनाव आयोग तुगलकी आयोग बना: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग को तुगलकी आयोग बताया और आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। ममता ने राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला कर्मचारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर चुनाव आयोग स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। आयोग लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों से आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि भाजपा को खुश करने के लिए बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने चुनाव आयोग की ओर से निलंबित किए गए सात असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) का बचाव भी किया।

# मुंबई तट के पास तीन संदिग्ध तेल टैंकर जब्त

- पहचान छिपाने के लिए नाम-झंडा बदला
- ईरान सरकार बोली: जहाजों से हमारा कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली/मुंबई।** भारत ने इस महीने मुंबई तट के पास तीन तेल टैंकर जब्त किए हैं। इन जहाजों के आईएमओ नंबर अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों से मेल खाते हैं और इनका ईरान से संबंध होने का शक है। हालांकि, ईरान की नेशनल ईरानियन ऑयल कंपनी (एनआईओसी) ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया है।

सूत्रों के मुताबिक इन जहानों के नाम स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफिजआ हैं। इन्हें मुंबई तट से लगभग 100 नाटिकल माइल्स पश्चिम में संदिग्ध गतिविधियों के बाद रोका गया था। बाद में जांच के लिए मुंबई पोर्ट लाया गया है। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। इन जहाजों की मालिक विदेशी कंपनियां हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस कार्रवाई की जानकारी 6 फरवरी को एक्स पर दी थी, लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा दी गई। सूत्रों के अनुसार इस घटना के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड ने निगरानी और सख्त कर दी है। 24 घंटे भारत के समुद्री क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं। इसके लिए करीब 55 जहाज और 10-12 विमान तैनात किए गए हैं।



नई दिल्ली: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) की परीक्षा में बैठने से पहले कक्षा 10वीं की छात्राएं खुशी का इजहार करते हुए।

# भारत के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं: मोदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- प्रधानमंत्री ने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की

**नई दिल्ली।** ग्लोबल साउथ में अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन इंडिया एआई समिट 2026 नई दिल्ली में जारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से विशेष बातचीत की।

उन्होंने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने साफ किया है कि भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का जरिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज एआई एक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ा है। यह मानवीय क्षमताओं को अभूतपूर्व तरीकों से बढ़ा सकता है, लेकिन अगर इसे बिना मार्गदर्शन के छोड़ दिया गया, तो यह मौजूदा सामाजिक नींव की परीक्षा भी ले सकता है। इसीलिए उन्होंने जानबूझकर इस समिट को प्रभाव के इर्द-गिर्द तैयार किया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसके परिणाम सार्थक और न्यायसंगत हों, न कि केवल नवाचार तक सीमित रहें। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना भारत के सभ्यतागत दर्शन को दर्शाती है, जिसका अर्थ है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य सभी का कल्याण और सभी की खुशी होना चाहिए। तकनीक मानवता की सेवा के लिए है, उसे प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई सिस्टम दुनिया भर के समाजों से ज्ञान और डेटा लेते हैं, इसलिए इसके लाभ सभी तक पहुंचने चाहिए, न कि केवल शुरुआती अपनाने वालों तक सीमित रहने चाहिए। भारत ग्लोबल साउथ की कम प्रतिनिधित्व वाली आवाजों और विकास प्राथमिकताओं को मंच दे रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि एआई विकसित भारत 2047 की यात्रा में एक परिवर्तनकारी अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। एआई का रणनीतिक उपयोग विकास की गहरी चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ आर्थिक अवसर पैदा करने और शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने में मदद करता है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

- 53.37 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंगलवार को लखनऊ में पार्क रोड स्थित शिविर कार्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया, जिससे सभी परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इसके अलावा टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001806607 और 18001806608 जारी किए गए हैं। इसके अलावा यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के हेल्पलाइन नंबर 18001805310 और 18001805312 भी उपलब्ध रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि शोषित-वंचितों के सशक्तीकरण और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय को व्यवहारिक धरातल पर उतारने का कार्य किया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उधर 17 फरवरी को उनकी 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार की राजनीति में भी एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

### यूपीएसटीडीसी ने शुरू किया 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज की शुरुआत की है। इस सेवा के माध्यम से लखनऊ से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु बिना लंबी कतारों में प्रतीक्षा किए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। यह विशेष व्यवस्था अयोध्या जिला प्रशासन के सहयोग से तैयार की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 से संचालित लखनऊ-अयोध्या टूर पैकेज को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब एक दिवसीय आरामदायक यात्रा के लिए टेंपो ट्रैवलर सेवा 21 फरवरी से शुरू की जा रही है। इच्छुक यात्री आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में विस घेराव से पहले अजय राय गिरफ्तार

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बर्बरता!

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जनता के हक की आवाज उठाने पर सरकार ने करवाई गिरफ्तारी: अजय
- गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत व तानाशाही की हार

**लखनऊ।** मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में विधानसभा घेराव के ऐलान के बीच मंगलवार को प्रदेश की सियासत गरमा गई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध को दबाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। राजधानी लखनऊ में विधानसभा के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। गिरफ्तारी के बाद अजय राय ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता के हक की आवाज उठाने पर भाजपा सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लखनऊ की सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरता की गई, उन्हें पीटा गया और हिरासत में लिया गया। अजय राय ने कहा कि पुलिस का यह दमनचक्र कांग्रेस के सिपा. हियों को नहीं डिगा पाएगा। गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत है और यह तानाशाही की हार है। लड़ाई जारी रहेगी। सरकार की तानाशाही और अन्याय के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता डटकर खड़ा है। चाहे मनरेगा का मामला हो, अहिल्याबाई होलकर से जुड़ा विवाद हो, अविमुक्तेश्वरानंद के कथित अपमान का मुद्दा हो, किसानों की जमीन का सवाल हो या लखनऊ की पुरानी मजारों को तोड़े जाने का मामला-कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सच्चाई जनता के सामने आकर रहेगी। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। फिलहाल इस घटना के बाद प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है और कांग्रेस ने अपने आंदोलन को जारी रखने का संकेत दिया है।

### विधानसभा में शायरी से एक दूसरे पर किए सियासी वार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सवाल-जवाब के दौरान सियासी तकरार के साथ शायरी का रंग भी देखने को मिला। समा. जवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने शायरी पढ़ते हुए सरकार पर हमला बोला तो मंत्री गुलाबो देवी ने उसका जवाब दिया। रागिनी सोनकर ने एडेड स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार विज्ञान के शिक्षक क्यों उपलब्ध नहीं करा पा रही है और जो प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी भर्तियां कब तक की जाएंगी। इस पर जवाब देते हुए मंत्री गुलाबो देवी ने भी शायरी के अंदाज में पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जानकर अंजान बने, ये कुछ और बात है, इनको मालूम न हो ये और बात है। सूर्य की किरणें कितनी भी चमचमाएं, लेकिन सागर को सुखा नहीं सकतीं। मंत्री ने संकेत दिया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## परिषदीय विद्यालयों की बंदी पर सपा ने किया हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने कहा- एक भी स्कूल नहीं हुआ बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में परिषदीय विद्यालयों के कथित बंदी के मुद्दे पर सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। समाजवादी पार्टी के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरक. ारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जबकि गांव-गांव शराब की दुकानें खोली जा रही हैं।

सपा विधायकों ने शिक्षकों की कमी, भर्तियों में देरी और टीईटी को अनिवार्य किए जाने जैसे मुद्दों पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। सपा सदस्यों ने कहा कि परिषदीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण उनकी स्थिति कमजोर हो रही है। शिक्षकों की नियुक्तियां लंबित हैं और कई स्कूल स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह स्पष्ट किया कि सरकार ने किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है, लेकिन एक भी स्कूल बंद नहीं किया गया है। मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

निजी स्कूलों की फीस और किताब-ड्रेस के नाम पर वसूली के मुद्दे पर भी सदन में चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि राज्य में फीस रेगुलेशन एक्ट लागू है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति शिकायतों की जांच करती है और दोषी पाए जाने पर निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

## एआई सम्मेलन सरकार की अक्षमता का परिणाम: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है।

खड़गे ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत की डिजिटल और एआई क्षमताओं को प्रदर्शित करने का यह एक शानदार अवसर था, लेकिन इस एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं। उनका कहना था कि खबरों के अनुसार 'प्रचार की भूखी' मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है। इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुं. चने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने बयान में कहा कि बताया जा रहा है कि प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहाँ तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई भुगतान के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

## यूपी में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया

### विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पीडीए मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समा. जवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला और कहा कि अखिलेश यादव को आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) की शाखाओं में जाना चाहिए, ताकि उन्हें जल्दी उठने की आदत हो जाए। योगी ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप लगाया। सीएम ने विपक्ष की नीतियों को हिंदू विरोधी करार दिया। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि पीडीए मतलब 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी'।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में जब बीजेपी सरकार बनी थी, तब राज्य का बजट करीब 3 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 9,12,600 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। यह विकास की दिशा में बड़ा कदम है। सीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। पहले यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने जो काम किया है, वह अतुलनीय है। सीएम ने कहा कि परसेप्शन प्रचार से नहीं बनता, पौने नौ वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने कानून व्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे राज्य में शांति और विकास का माहौल बना है। विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि इनके लिए इनका परिवार ही सबकुछ है, इन्होंने परिवार को ही प्रदेश मान लिया है। आगरा के म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर करने का जिक्र किया और कहा कि यह इतिहास के सम्मान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत है, भारत की आजादी का मंत्र रहा है। जो गीत समग्र भारत को जोड़ने का काम किया था। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज का अपमान भारतीय संविधान का अपमान है और यह राष्ट्रद्रोह है। योगी ने विपक्ष को राष्ट्रविरोधी बताते हुए कहा कि ऐसे लोग देश की एकता को कमजोर करते हैं।

### सपा सरकार में स्थापित चिकित्सा संस्थानों की अनदेखी कर रही है योगी सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाया है कि सपा शासनकाल में स्थापित मेडिकल कॉलेजों, कैंसर इंस्टीट्यूट और अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। यादव का कहना है कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कई मेडिकल कॉलेजों की इमारतें तो खड़ी कर दीं, लेकिन उन्हें सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर बिना पर्याप्त डॉक्टरों और स्टाफ के संचालित हो रहे हैं या अधूरी स्थिति में हैं, जिससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। सपा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने जनहित के अस्पतालों की बजाय अपने राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे को प्राथमिकता दी है। पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था की मौजूदा स्थिति से स्पष्ट है कि विभागीय समन्वय और प्रभावी नेतृत्व का अभाव है। स्वास्थ्य मंत्री पर भी सपा ने निशाना साधते हुए कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली कमजोर हुई है और मंत्री की भूमिका सीमित दिखाई देती है। सपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की स्थिति चिता. जनक है और भविष्य में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान बदलाव की अटकलें भी लगाई जा रही हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com



सेंसेक्स 83450.96
निफ्टी 25725.40



सोना रु. 151000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



आईटी और बैंकिंग सेक्टरों में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती गिरावट के बाद तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.81 अंक (0.21 प्रतिशत) की बढ़त में 83,450.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,725.40 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, सार्वजनिक बैंक, एफएमसीजी, ऑटो, मीडिया, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। एलएंडटी, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्टस, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और सनफार्मा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टीसीएस के शेयर भी हरे निशान में रहे। क्वालिटी वाल्स का शेयर पांच प्रतिशत के करीब टूटा। इटरनल, टाटा स्टील और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत से बीच गिरे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### दोपहिया की बिक्री 2.9 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद: क्रिसिल


**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जाएगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आई तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। उसने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का घरेलू कंपनियों की बिक्री पर कुछ खास असर नहीं होगा।

### चांदी की कीमत 6 हजार गिरी, सोना 3 हजार घटा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 6,667 रुपए गिरकर 2.34 लाख पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,903 रुपए सस्ता होकर 1.51 लाख पर आ गया है। पिछले चार कारोबारी दिन में चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है। इसने 29 जनवरी को 3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी घ1.51 लाख सस्ती हो चुकी है। सोना भी बीते चार कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 25 हजार सस्ता हो चुका है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कीमत बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन होते हैं, ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।

## चावल कमजोर, गेहूं, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



- गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े, चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,842 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत तीन रुपये बढ़कर 2,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 15 रुपये और चना दाल की 12 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल 11 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये और उड़द दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 57.44 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 33 रुपये और सरसों तेल 29 रुपये सस्ती हुई। वनस्पति में 19 रुपये और सूरजमुखी तेल में 15 रुपये की गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई।

## अयोध्या की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक उछाल: आईआईएम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर विकसित 'टेंपल इकॉनमी मॉडल' को भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) की ताजा केस स्टडी में मजबूती मिली है। 'इकॉनमिक रेनेसांस ऑफ अयोध्या' शीर्षक से जारी अध्ययन में कहा गया है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन, निवेश, रोजगार और राजस्व में व्यापक वृद्धि दर्ज की गई है। अध्ययन के अनुसार मंदिर निर्माण से पूर्व अयोध्या मुख्यत: एक पारंपरिक तीर्थस्थल तक सीमित थी, जहां आगंतुकों की संख्या और स्थानीय बाजार की आय सीमित थी। होटल श्रृंखलाओं की उपस्थिति नगण्य थी और बुनियादी ढांचा भी सीमित था। रोजगार के अवसर कम होने के कारण युवाओं का पलायन सामान्य था। पर्यटन से होने वाला राजस्व भी राज्य की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान नहीं दे पा रहा था। रिपोर्ट में उल्लेख है कि जनवरी 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले छह महीनों में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। अब वार्षिक स्तर पर 5.6 करोड़ आगंतुकों की संभावना जताई गई है।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नेताओं के ...** जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें, जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। कपिल सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है, ताकि लोकतांत्रिक माहौल खराब न हो। जस्टिस बागची ने कहा कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही कई सिद्धांत तय कर चुका है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि नेता पार्टी का ही सदस्य होता है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने जयपुर से लॉन्च किया किसानों का एआई साथी 'भारत विस्तार' 2026

**लखनऊ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को जयपुर (राजस्थान) से किसानों के लिए समर्पित एआई आधारित प्लेटफॉर्म 'भारत विस्तार' 2026 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह प्लेटफॉर्म आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और सटीक समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 'भारत विस्तार' देश की कृषि व्यवस्था को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इसके जरिए किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब केवल एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। इस नई सुविधा के तहत किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 नंबर डायल कर खेती से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। एआई तकनीक के उपयोग से किसानों को मौसम, बीज, खाद, कीटनाशक और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी तुरंत और सटीक रूप से मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

## चिकित्सकों के लिए मददगार होगा एआई: पटेल

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं बल्कि उनकी सहायता के लिए है और इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर देगा।

श्रीमती पटेल ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान 'नवाचार से प्रभाव: सार्वजनिक स्वास्थ्य में बदलाव लाने वाली एआई' विषय पर एक सत्र में भाग लिया। इस सत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने में इसकी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप 'भारत के लिए एआई केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता नहीं बल्कि सर्व-समावेशी बुद्धिमत्ता है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का मूल्यांकन केवल उन्नत एल्गोरिद्म के आधार पर नहीं, बल्कि इस आधार पर होना चाहिए कि यह तकनीक लोगों के जीवन को कितना प्रभावित करती है और स्वास्थ्य असमानताओं को किस हद तक कम करती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत की विशाल एवं विविध आबादी, ग्रामीण-शहरी अंतर तथा संक्रामक और असंक्रामक रोगों का दोहरा बोझ विशेष चुनौतियां प्रस्तुत करता है। ऐसे परिदृश्य में एआई एक अपरिहार्य सहायक बन जाती है। उन्होंने बताया कि एआई को रोग निगरानी, रोकथाम, निदान और उपचार सहित स्वास्थ्य सेवा की पूरी श्रृंखला में एकीकृत किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सहायता के लिए है।

इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण नैदानिक निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर मिलेगा। षचिकित्सा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि एक कला भी है, जिसमें संवे. दनशीलता और मानवीय स्पर्श की अहम भूमिका है। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि एआई भारत को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाने का रणनीतिक अवसर प्रदान करता है।

# प्रशिक्षण से मिलती है चुनौतियों को अवसर में बदलने की सीख: सीएम

## भाजपा दीनदयाल उपाध्याय मंडल में प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला आयोजित

■ कार्यक्रम में प्रदेश के पदाधिकारी व विधायक हुए शामिल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रशिक्षण महाभियान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी के इस प्रशिक्षण को कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, नए उत्साह और नवीन परिवर्तन के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि एकमात्र पार्टी है जिनके कार्यक्रम निर्बाध गति से चलते रहते हैं। समय-समय पर संगठन मे नवीनता के लिए इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित होते हैं। यह प्रशिक्षण हम सब कार्यकर्ताओं को सिखाएगा कि कैसे चुनौतियों को अवसर में बदल जाता है और कैसे जन सेवा के क्षेत्र में हमें संवे. दनशीलता और समर्पण की वृद्धि करनी है।

रेसकोर्स में स्थित एक सार्वजनिक स्थल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्बाध चलने वाले कार्यक्रमों के चलते ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर स्थापित हुई है। इस अभियान से हमें और बेहतर स्पष्ट होगा कि किस तरह हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उसको विकास में सहभागी बनाना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बार-बार देश और प्रदेश की जनता का पीएम मोदी के नेतृत्व में हमें मौका देना बताता है कि वह झूठ, भ्रम, अफवाह और खोखले वादों पर विश्वास नहीं करती है। प्रदेश की जनता भी आज बेहद समझदार है और उसकी निर्णय की क्षमता अद्भुत है। वह काम पर विश्वास करती है और सकारात्मक बदलाव से प्रभावित होती है। सबके सहयोग से सभी कार्य सही हो रहे हैं, लिहाजा हमें सिर्फ इस पर विचार करना है कि कैसे उसे ठीक तरह से लोगों तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा भाजपा केवल चुनावी नहीं समाज के मार्गदर्शन की भूमिका में भी काम करती है। लिहा. जा ऐसे प्रशिक्षण से तैयार कार्यकर्ता, ऐसा संगठन का निर्माण करते हैं जो वोट के साथ जनता का विश्वास भी अर्जित करते हैं।



### प्रशिक्षण से होगा संगठन से राष्ट्र निर्माण लक्ष्य प्राप्ति को कार्यकर्ता निर्माण: अमरपाल

क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रभारी अमरपाल मौर्य ने स्पष्ट किया कि संगठन से राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्यकर्ताओं का निर्माण इससे होगा। इस मौके पर सीएम धामी ने प्रशिक्षण की जरूरत पर बल देते हुए कहा, आज जनता झूठ, भ्रम, अफवाह, खोखले वादों पर विश्वास नहीं करती है, जिसका परिणाम है केंद्र और राज्य में भाजपा का चुनाव।

### प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा, प्रशिक्षित कार्यकर्ता वोट के साथ अर्जित करता है जनता का विश्वास

समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि यह प्रशिक्षण हम सभी कार्यकर्ताओं के सामाजिक कार्यक्षेत्र की कुशलता और विस्तार के लिए बहुत आवश्यक है। जिसमें आने वाले दिनों में संगठन की रीति नीति, विचार और सिद्धांत के साथ कार्यपद्धति को बारीकी से समझने और दोहराने का अवसर मिलेगा। समय समय पर संचालित होने वाली यह वृहद प्रशिक्षण श्रृंखला ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी और श्रेष्ठ पार्टी बनाती है। हम सबको आत्मसार करना चाहिए कि भाजपा एक राजनैतिक संगठन है जो सामाजिक सरकारों के लिए काम करता है। लिहाजा हम ऐसे प्रशिक्षण से योग्य, क्षमतावान, संवेदनशील और जागरूक कार्यकर्ता का निर्माण करते हैं जो जनता के वोट से अधिक, उसका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य पर काम करता है। भट्ट ने कहा, यह प्रशिक्षण ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करता है जो वोट से अधिक जनता का विश्वास भी अर्जित करते हैं।

### कार्ययोजना बैठक में इनकी रही मौजूदगी

कार्ययोजना बैठक में अभियान के प्रदेश संयोजक प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल दीप्ति रावत, अभियान सह संयोजक प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, रमेश चौहान, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, आशा नौटियाल, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष रुचि भट्ट, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, कस्तूभानंद जोशी, पुष्कर काला, आदित्य चौहान, सतीश लखेड़ा, विनय गोयल ,राजेंद्र नेगी, हनी पाठक, कमलेश रमन, कुंवर जपेंद्र समेत प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सह प्रभारी, अभियान की जिला टोली के सदस्य शामिल हुए।

# 24 को कुमाऊं व 26 को गढ़वाल मंडल की होगी प्रशिक्षण कार्यशाला: अजेय

■ 26 को कुमाऊं और 28 फरवरी को गढ़वाल मंडल की जिला कार्यशाला का होगा आयोजन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रशिक्षण महाभियान के अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 24 फरवरी को कुमाऊं मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला और 26 फरवरी को गढ़वाल मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

इसी तरह 26 फरवरी को कुमाऊं और 28 फरवरी को गढ़वाल में जिला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत 7 से 14 अप्रैल के मध्य, मंडल प्रशिक्षण वर्ग संपन्न किए जाएंगे। प्रशिक्षण को लेकर उन्होंने बताया कि बूथ स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण 2 सत्रों में 4 घंटे का होगा, जिसमें बूथ अध्यक्ष, पालक, समिति एवं पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके बाद मंडल स्तर का प्रशिक्षण सात सत्रों में 24 घंटे का होगा जिसमें शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी संबंधित क्षेत्र से जुड़े हुए प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। जिले स्तर पर 11 सत्रों में प्रशिक्षण 2 दिन तक चलेगा, जिसमें रात्रि प्रवास आवश्यक होगा। इस दौरान उन्होंने शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए सभी से सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य बोध जैसे पंच परिवर्तन को भी स्थाई रूप से जीवनचर्या में शामिल करने का आवाहन किया।

### चार सत्रों में आयोजित हुई बैठक: चौहान

रेसकोर्स में स्थित एक सार्वजनिक स्थल पर हुई कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के क्रम में आज प्रदेश प्रशिक्षण योजना बैठक संपन्न हुई। चार सत्रों में आयोजित इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अभियान के क्षेत्रीय प्रभारी अमरपाल ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान, कार्यकर्ता निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को साकार करने के लक्ष्य से किया जाता है।

# विधवा को प्रताड़ित करने वाले बैंक पर डीएम का 'हंटर'

■ बैंक की मनमानी पर जिला प्रशासन का कड़ा प्रहार, वसूले 2 लाख

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी में मानवता को शर्मसार करने वाले एक बैंक की मनमानी पर जिला प्रशासन ने कड़ा प्रहार किया है।

आईआईएफएल बैंक द्वारा बीमा क्लेम के रूप में 14.61 लाख रुपये प्राप्त करने के बावजूद एक विधवा महिला से अवैध वसूली और प्रताड़ना का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर प्रशासन ने बैंक से ही 2 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर पीड़ित महिला को न्याय दिलाया।नवाबगढ़ निवासी ज्योति के पति दान सिंह ने 2021 में बैंक से होम लोन लिया था, जिसका बीमा भी कराया गया था। अगस्त 2023 में पति की मृत्यु के बाद बीमा कंपनी ने बैंक को 14.61 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। इसके बावजूद बैंक प्रबंधन ने न तो मूल दस्तावेज वापस किए और न ही खाता बंद किया। उल्टा, बैंक के रिकवरी एजेंट विधवा और उनकी दो मासूम बेटियों को धमकाकर वसूली के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।पीड़ित की गुहार पर डीएम सविन बंसल ने एसडीएम (न्याय) कुमकुम जोशी को जांच सौंपी। जांच में बैंक को दोषी पाया गया। डीएम के सख्त रुख के बाद प्रशासन की टीम ने बैंक से शेष देयता के रूप में 2 लाख रुपये की वसूली की।किसी भी बैंक या रिकवरी एजेंट द्वारा महिलाओं, बुजुर्गों या असहायों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### इग्नू ने जारी किए प्रवेश परीक्षा को ऑनलाइन आवेदन

**देहरादून।** इग्नू द्वारा बीएड, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) व पी.जी.डी.आर.पी.सी. में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन जारी किए है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू में बी.एड., पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) एवं पी.जी.डी.आर.पी.सी. कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया वर्तमान में जारी है, जिसके अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थी 27 फरवरी तक बी.एड., 5 मार्च तक पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) व पीजीडीआरपीसी की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने कहा कि इग्नू का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुँचाना है।

# एआई भारत विस्तार योजना से लाभांवित होंगे किसान: जोशी

■ एआई भारत विस्तार योजना का हुआ शुभारंभ, देहरादून से वर्चुअली जुड़े कृषि मंत्री जोशी

■ कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जताया आभार

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ "एआई भारत विस्तार" योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी सर्किट हाउस, देहरादून से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े।

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "भारत विस्तार" योजना देशभर के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आज राजस्थान के जयपुर से प्रारंभ की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि इस योजना के माध्यम से कृषि एवं औद्यानिकी फसलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका महत्वपूर्ण है, जिससे किसानों को सटीक और समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किसानों को एक ही स्थान पर फसलों की आवश्यकताओं, मंडीभाव, सिंचाई का समय, उन्नत बीज, फसल बीमा तथा अन्य कृषि संबंधी जानकारी उपलब्ध होगी।



कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि "एआई भारत विस्तार" के माध्यम से किसान भाई अपने मोबाइल से 155261 नंबर डायल कर फसलों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों को घर बैठे विशेषज्ञ परामर्श और मार्गदर्शन उपलब्ध होगा।

कृषि मंत्री जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्लेटफॉर्म खेती को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाएगा तथा किसानों को एक क्लिक पर समाधान उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर निरंजन डोभाल, निदेशक उद्यान सुंदर लाल सेमवाल, महेंद्र पाल, नरेंद्र यादव, रतन कुमार सहित बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

# 9 से 13 मार्च तक भराड़ीसैंण विधानसभा में होगा बजट सत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा में 9 से 13 मार्च तक बजट सत्र होगा। प्रदेश सरकार ने बजट सत्र की तिथि घोषित कर दी हैं। इस संबंध में विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग ने विधानसभा सचिवालय को पत्र भेज दिया है। राज्यपाल की अनुमति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना जारी की जाएगी।

पिछले वर्ष भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में मरम्मत कार्य के चलते प्रदेश सरकार ने देहरादून विधानसभा भवन में बजट सत्र आहूत किया था। कैबिनेट ने बजट सत्र की तिथि व स्थान तय करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया था। सीएम ने पहले ही संकेत दिए थे बजट सत्र गैरसैंण में ही होगा। अब सरकार ने अधिकारिक रूप से तिथि घोषित कर दी है। 9 से 13 मार्च तक बजट सत्र की तिथि तय की गई। राज्यपाल की अनुमति के बाद विधानसभा सचिवालय बजट सत्र की अधिसूचना जारी करेगी।



■ राज्यपाल की अनुमति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना की जाएगी जारी

विधानसभा को अब तक पक्ष व विपक्ष के विधायकों से 500 से अधिक प्रश्न मिल चुके हैं। सत्र आहूत होने में अभी समय है, जिससे प्रश्नों की संख्या बढ़ सकती है। इसके अलावा सरकार की ओर से कई विधयेक, वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट पर सदन पटल पर रखे जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि भराड़ीसैंण विधानसभा में बजट सत्र कराने के लिए हमारी तैयारी पूरी है। विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी व्यवस्थाओं में लगे हैं। राज्यपाल की अनुमति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना जारी की जाएगी।

### कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**देहरादून।** पशुचिकित्सा विज्ञान के बदलते परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए पशुपालन विभाग के पशुचिकित्साधिकारियों के कौशल विकास हेतु उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद द्वारा मंगलवार पशुपालन विभाग में कार्यरत 20 पशुचिकित्साधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. उदय शंकर, निदेशक, पशुपालन विभाग, देहरादून एवं डा. कैलाश उनियाल, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद, देहरादून द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर डा. प्रलयंकर नाथ, रजिस्ट्रार, पशुचिकित्सा परिषद ने अवगत कराया कि परिषद के उद्देश्यों के अनुरूप "सतत कौशल विकास कार्यक्रम" के अंतर्गत पशुचिकित्सकों के व्यावसायिक कौशल संवर्द्धन हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे।

# सहकारिता के जरिये ग्रामीण विकास पर अहम फोकस: डॉ. रावत

■ गुजरात में आयोजित सहकारिता मंथन में नवाचारी योजनाओं की दी जानकारी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**गुजरात/देहरादून।** गुजरात में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित सहकारिता मंत्रियों के मंथन बैठक में मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना, मिलेट्स मिशन योजना तथा दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना की जमकर सराहना की गई। साथ ही इन योजनाओं को मॉडल के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनाये जाने पर भी विचार किया गया, ताकि राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के तहत किसानों की आय में वृद्धि, पशुधन अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण आजीविका सहित पोषण योजनाओं को प्रोत्साहन मिल सके।



सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि केन्द्रीय सहका. रिता मंत्री की अध्यक्षता में सहका. रिता मंत्रियों की उच्चस्तरीय मंथन बैठक में 'सहकार से समृद्धि' को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों की मंथन किया गया। इस महामंथन में राज्य सरकार द्वारा सरकारिता के क्षेत्र में संचालित विभिन्न नवाचारी योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिसमें दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना, मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना तथा मिलेट्स मिशन योजना शामिल है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप राज्य में इन परिवर्तनकारी योजनाओं को लागू किया गया है। जिनका मकसद ग्रामीण विकास, आर्थिक सशक्तिकरण व सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, पशुधन अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण आजीविका, मिलेट उत्पादन व पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देना है। डॉ. रावत ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अंतर्गत सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों, काश्तकारों, युवाओं व महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया जाता है।

इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी, केंद्रीय राज्य मंत्री (सहकारिता) कृष्ण पाल गुर्जर एवं मुरलीधर मोहोल सहित देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्री गण उपस्थित रहे ।

# दूर होगा जाम का झाम, 11 स्थानों पर जल्द मिलेगी पार्किंग सुविधा

■ आवास विभाग के अधीन विभिन्न पार्किंग प्रोजेक्ट पर तेजी से हो रहा है काम

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आवास विभाग प्रदेश के बड़े शहरों, तीर्थ स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर जाम की समस्या दूर करने के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के 11 स्थानों पर जल्द पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, जिसमें 1082 वाहन पार्क हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यभार ग्रहण करते ही, आवास विभाग को, विकास प्राधिकरणों के जरिए बड़े शहरों, तीथार्टन और पयर्टन केंद्रों में युद्धस्तर पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, इसके बाद विभिन्न विकास प्राधिकरणों के जरिए 195 स्थानों पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव प्राप्त हुए, इसमें सरफेंस पार्किंग से लेकर मल्टी लेबल पार्किंग और टनल पार्किंग के तक के विकल्प शामिल थे। इसी आधार पर आवास विभाग 114 जगह पार्किंग की डीपीआर को मंजूरी प्रदान कर चुका है, जिसके लिए बजट भी जारी हो चुका है। जिसमें से प्रथम चरण में 54 स्थानों पर कुल 3244 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है, यानि इन स्थानों पर पार्किंग सेवा शुरु हो चुकी है।

अब दूसरे चरण में 11 अन्य स्थानों पर पार्किंग निर्माण करीब 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है, आवास विभाग इसी वित्तीय वर्ष में यहां निर्माण पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इससे 1082 वाहनों के लिए पार्किंग सेवा उपलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा विकास प्राधिकरणों द्वारा अपने संसाधनों से 11 अन्य स्थानों पर भी पार्किंग निर्माण की जा रही है, जिससे 359 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।



उत्तराखंड में प्रतिवर्ष करोड़ों लोग तीर्थाटन, पयर्टन के लिए पहुंच रहे हैं। सड़कों का नेटवर्क अच्छा होने से अब बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों से आते हैं, इस कारण यातायात जाम की समस्या होने की स्वाभाविक है। इसी समस्या को देखते हुए, बीते चार सालों में विभिन्न स्थानों पर करीब छह वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने पर काम किया जा रहा है। जिसमें से कुछ पर काम पूरा भी हो चुका है। इससे यातायात जाम की समस्या काफी हद तक दूर हो सकेगी।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

### सचिव आवास के विकास प्राधिकरणों को पार्किंग निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

सचिव आवास डॉ आर राजेश कुमार ने सभी विकास प्राधिकरणों को पार्किंग निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी यात्रा सीजन से पहले सभी चिन्हित स्थानों पर पार्किंग सुविधा बहाल की जाए, साथ ही पार्किंग स्थलों पर शौचालय, लाइट और साफ सफाई की भी उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पालन करने के भी निर्देश दिए हैं।

### नगर निगम ने अतिक्रमण के विरुद्ध की कार्रवाई

**देहरादून।** वार्ड 84 बंजारावाला स्थित कालिका मंदिर के सामने नगर निगम की भूमि एवं सड़क पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा था। इस पर नगर आयुक्त महोदया ने स्वयं स्थल पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमित भूमि एवं सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। इसी क्रम में वार्ड 18 इंदिरा कॉलोनी में माननीय पार्षद एवं स्थानीय निवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि इंदिरा कॉलोनी पुल के पास पूर्व में नगर निगम का एक शौचालय स्थित था, जिस पर किसी व्यक्ति द्वारा कब्जा कर अवैध रूप से मांस की दुकान संचालित की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर आयुक्त ने स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# डॉग स्क्वाड टीम ने जिला कलेक्ट्रेट में की सघन चेकिंग, परिसर को कराया खाली

■ मेल आने के बाद सघन चेकिंग में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** बीते सोमवार को देहरादून से आई डॉग स्क्वायड ,बीडीएस की टीम ने जिला न्यायालय में सघन चेकिंग की लेकिन किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध स्थिति जिला न्यायालय नहीं मिली।

मंगलवार को सुरक्षा की लिहाज से डॉग स्क्वायड और बीडीएस टीम ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंची तो कलेक्ट्रेट में भी हड़कंप मच गया और सभी कर्मचारियों को अधिकारियों को जिला कलेक्ट्रेट परिसर से कुछ समय के लिए बाहर किया गया और डॉग स्क्वायड टीम ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सघन चेकिंग की है।



इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार ने बताया कि जिला कलेक्ट्रेट, न्यायालय, विकास भवन आदि भीड़भाड़ वाले स्थान होते हैं।

मेल आने के बाद चेकिंग की जा रही है कि कहीं कोई संदिग्ध स्थिति तो नहीं है लेकिन आम लोगों का कहना है कि यह सीमांत जनपद है इस प्रकार से लोगों के अंदर डर का माहौल बना हुआ है और लोग परेशान भी हो रहे हैं फिलहाल कलेक्ट्रेट में डॉग स्क्वायड और बीडीएस टीम के द्वारा सघन चेकिंग अभियान पूरा हो गया है।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं

## कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत ने जनपद स्तरीय बैठक में अधिकारियों को किया निर्देशित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा पहुंचे कुमाऊ आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिला योजना, राज्य योजना और केंद्र पोषित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में कुमाऊं आयुक्त रावत ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी और प्रत्येक विभाग लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करे। वहीं, जनपद में संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा तथा वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए सड़क



सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, लंबित सड़क परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने, यातायात सुगमता के लिए प्रस्तावित पार्किंग निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित कार्यों की प्रगति पर भी विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। मुख्यमंत्री घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने आदि के भी निर्देश दिए। यहां डीएम अंशुल सिंह, एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, डीएफओ दीपक सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने अपराध पर अंकुश लगाने और लोगों के लिए सुरक्षित और निर्भय वातावरण तैयार करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि नशे और मादक पदार्थों की चेन को तोड़ते हुए जनपद को नशा मुक्त बनाए जाने पर गंभीरता से कार्य किया जाए। वहीं, कुमाऊ कमिश्नर ने जनपद में संचालित पिंक ई रिक्शा योजना, सखी बाजार, नशा मुक्ति केंद्र, गोवंशों के लिए कन्हावन योजना और शिक्षा स्वयंसेवक योजनाओं जैसी पहलों की सराहना की।

### कुमाऊं आयुक्त ने अल्मोड़ा कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को अल्मोड़ा कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर कोर्ट में लंबित वादो का अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि मामलों के निस्तारण में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब न होने पाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने रिकॉर्ड रूम का भी अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, बहुमूल्य एवं ऐतिहासिक दस्तावेजों के संरक्षण तथा उनके डिजिटलीकरण के निर्देश दिए। कहा कि दस्तावेजों के सभी बस्तों पर वर्षवार स्टीकर चस्पा किए जाएं। जिससे अभिलेखों को ट्रेस करना आसान हो। आजादी से पूर्व के अभिलेखों को अलग से सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराया जाए तथा अनावश्यक देरी से बचा जाए। जनसेवा में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर भी उन्होंने बल दिया। जिलाधिकारी को कहा कि उनके अधीनस्थ न्यायालयों में चल रहे वादों की नियमित समीक्षा की जाए। यहां निरीक्षण के दौरान डीएम अंशुल सिंह, एडीएम युक्ता मिश्र, एसडीएम सदर संजय कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कैरियर काउंसलिंग व गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** मंगलवार को आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कालेज शांतिपुरी में प्रधानाचार्य डा. बीसी भट्ट की अध्यक्षता में करियर काउंसलिंग एवं गाईडेंस



कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं से रोजगार की तमाम संभावनाओं पर चर्चा कही। वही बताया की हमें समय की परिस्थितियों को देखते हुए रोजगार पाने से अधिक दूसरों को रोजगार देने वाले बनने की चाह रखनी चाहिए। कार्यक्रम को प्रधानाचार्य डा. बीसी भट्ट, पीटीए अध्यक्ष मोहन सिंह कोरंगा, वरिष्ठ प्रवक्ता पीएन सिंह, भारत सिंह आदि ने संबोधित किया तथा संचालन हिन्दी प्रवक्ता एनपी सिंह ने किया। इस दौरान फार्मासिस्ट ममता भटनागर, एनएसएस प्रभारी प्रियंका पवार समेत विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 55 गाड़ियों पर कार्रवाई, चालान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर बागेश्वर पुलिस सख्त रुख अपनाए हुए है। यातायात नियम तोड़ने वाले 55 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 12 वाहनो को कोर्ट का चालान किया।




पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के निर्देशन में सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु जनपद पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। मंगलवार को यातायात नियमों और पुलिस आदेशों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत कार्यवाही की गई। 12 वाहनो का कोर्ट का चालान किया गया। सार्वजनिक स्थानों में शांति व्यवस्था भंग करने वाले हुड़दंग करने वाले 35 व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। पुलिस ने बताया कि बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान भी निरंतर जारी है, ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। वाहनों को केवल पुलिस द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करने की अपील की है।

### युवती ने ब्लेड से हाथ की नस काटी

**बागेश्वर।** आपसी कहा सुनी में युवती ने ब्लेड से हाथ की नसें काटी। परिजन समय पर महिला को जिला अस्पताल लाए। यहां महिला का प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार जोशी बरेली निवासी हाल जोशी गांव काजल कुमारी पत्नी जय प्रकाश कुमार के बीच मंगलवार की सुबह किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। तभी महिला ने ब्लेड से अपने हाथ की नसें काट दी। समय रहते परिजन महिला को जिला अस्पताल ले आए। यहां चिकित्सकों ने महिला का उपचार किया। बताया जा रहा है कि महिला के साथ में सात टांके लगे है। जो अब खतरे से बाहर है। हालांकि अस्पताल ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## केवलगंज में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, करनाल द्वारा वित्त पोषित भैंस सुधार पर नैटवर्क परियोजना के तहत ग्राम केवलगंज, गदरपुर में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डा. डी. कुमार, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशु आनुवंशिकी और प्रजनन विभाग ने किया। कार्यक्रम का संचालन डा. एके घोष, परियोजना अधिकारी और प्राध्यापक, पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग ने किया। डा. घोष ने परियोजना के उद्देश्य और इसके तहत पशुपालकों को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भैंसों में परजीवी रोगों की पहचान और उनकी रोकथाम के उपायों के



साथ-साथ प्रसवोपरांत उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण साझा किया। डा. डी. कुमार ने भैंसों की नस्लों और उन्नत भैंस उत्पादन पर प्रकाश डाला। डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक, पशु उत्पादन और प्रबंधन विभाग ने भैंसों और महिष-वत्सों की देखरेख और उनके आवास की उचित व्यवस्था के बारे में बताया। डा. बीएन शाही, प्राध्यापक, पशु प्रजनन विभाग ने संतुलित और पोषक आहार तैयार करने की विधि बताते हुए उन्नत पशुपालन के सभी तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की। डा. सुनील कुमार, सहायक प्राध्यापक (पशु प्रसूति विभाग) ने भैंसों में ऋतु के लक्षण, कृत्रिम गर्भाधान का सही समय, जनन तंत्र से जुड़ी बीमारियों और उनकी रोकथाम पर जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने संक्रमण से बचाव, संक्रमित पशुओं का उपचार और गाभिन पशुओं की देखभाल के बारे में भी बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शैलेन्द्र सिंह और गोपाल दत्त पांडे ने पशुपालकों का पंजीकरण किया और उन्हें आवश्यक सामग्री वितरित की। इस शिविर में कुल 51 पशुपालकों ने भाग लिया, जिनमें से 40 को मिनरल मिक्सचर, कैल्शियम, डीवॉर्मिंग, लिवर टॉनिक, टब, गमबूट, टॉर्च और छाता प्रदान किए गए।

## ट्रंचिंग ग्राउंड के विरोध में 24 को अनशन का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** ग्राम पंचायत पगना, बेहरगांव में प्रस्तावित ट्रेंचिंग ग्राउंड के विरोध में ग्रामीणों ने 24 फरवरी को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन और सांकेतिक आमरण अनशन की घोषणा की है। इस आश्रय का उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, साथ ही ग्रामीणों ने आपत्तियां दर्ज कराई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद बागेश्वर उनकी सहमति के बिना क्षेत्र में ट्रेंचिंग ग्राउंड निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि 15 फरवरी 2025 को ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया था। लेकिन तब तत्कालीन जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद उन्होंने धरना प्रदर्शन स्थगित किया। 9 फरवरी 2026 को जेसीबी मशीन भेजकर निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास भी ग्रामीणों के विरोध के बाद रोकना पड़ा। नदी, स्कूल और आबादी के पास प्रस्तावित स्थल ग्रामीण सज्जन लाल टम्टा ने बताया कि प्रस्तावित स्थल से लगभग 50 मीटर नीचे सरयू-गोमती नदी बह रही है, जबकि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों के अनुसार ऐसी इकाइयों की दूरी कम से कम 200 मीटर होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त चयनित स्थल से प्राथमिक पाठशाला की दूरी लगभग 20 मीटर बताई गई है तथा करीब 50 परिवार 50 मीटर के दायरे में निवास करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एनजीटी नियमावली के तहत स्कूल और आवासीय क्षेत्रों से भी पर्याप्त दूरी अनिवार्य है।

## सत्यापन में चार सटोरिये गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** वर्तमान में पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे क सत्यापन अभियान के दौरान कोतवाली काशीपुर पुलिस टीम द्वारा सटोरिए नूर हसन का



पीछा करते हुए घर में दाखिल होकर घर में चलाए जा रहे सट्टा कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए मौके से सट्टे से संबंधित सामग्री व सट्टा धनराशि 33,690 रुपये नकद बरामद किये गये। सट्टे का कारोबार कर रहे अन्य तीन अभियुक्तों को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों को जुआ अधिनियम की धाराओं में गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कोतवाली काशीपुर में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है तथा अन्य वैधानिक कार्रवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त नूर हसन पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी मोहल्ला बांसफोड़ान काशीपुर, अजय यादव पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी मोहल्ला ओझान काशीपुर, नन्हे यादव पुत्र धनीराम निवासी पंजाबी सराय काशीपुर, राकेश कुमार पुत्र बाबूराम निवासी मोहल्ला कटोराताल काशीपुर बताये गये हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र मेहता, गणेश पांडे, हेड कांस्टेबल संजय, कांस्टेबल अमरदीप व देवनाथ थे।

## नगर निगम में लगा विशाल बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** उत्तराखंड शासन के निर्देशानुसार संचालित महत्वाकांक्षी अभियान जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के अंतर्गत आज नगर निगम काशीपुर के प्रांगण में एक विशाल बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जन-सामान्य की शिकायतों को न केवल सुना गया, बल्कि उनका मौके पर ही निस्तारण कर सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर दीपक बाली एवं विधायक त्रिलोक सिंह चीमा द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न केन्द्रीय व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्रदान किया गया।

### जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार




मौके पर कुल 185 शिकायतों का पंजीकरण कर उनका त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर में राजस्व, ग्राम्य विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास तथा शहरी विकास विभाग नगर निगम काशीपुर सहित कुल 24 विभागों के अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे कैंप के उपरांत क्षेत्र भ्रमण कर पात्र व्यक्तियों के आवेदन भरवाएं ताकि कोई भी व्यक्ति केंद्र व राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। बहुउद्देशीय शिविर में अनेक पात्र स्त्री पुरुषों को श्रम विभाग द्वारा कंबल एवं छतरी वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर आयुक्त रविन्द्र सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती चंद्रप्रभा, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला सहित सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल व शालिनी नेगी, स्वास्थ्य निरीक्षक मनोज बिष्ट मौजूद रहे। साथ ही, सभी वार्डों के पार्षदगण, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और निगम के कर्मचारी गणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## एक नजर

### अल्मोड़ा कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**अल्मोड़ा।** नैनीताल और उत्तरकाशी के बाद अब अल्मोड़ा जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार को मिले मेल के बाद कोर्ट में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर बम निरोधक दस्ते के साथ भारी संख्या में पुलिस बल पहुंची। हालांकि बम की धमकी अफवाह मिली। मंगलवार को अल्मोड़ा कोर्ट में धमकी भरे ई-मेल की सूचना पर हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी हरबंस सिंह के नेतृत्व में बम स्कोट समेत पुलिस बल मौके पर पहुंची। कोर्ट परिसर के कोने-कोने की जांच की गई। साथ ही परिसर के आसपास भी गहन छानबीन की गई। लेकिन टीम को कुछ भी हाथ नहीं लगा। जिसके बाद कोर्ट प्रशासन समेत अधिवक्ताओं ने राहत की सांस ली। इधर, सीओ बीएस भंडारी ने बताया कि जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी का मेल आया है। इस पर टीम ने न्यायालय और परिसर की गहनता से छानबीन की। कहीं भी कुछ नहीं मिला। मॉकड्रिल कर सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट रहने को कहा गया है।

### एमएसएमई योजनाओं पर विशेष व्याख्यान

**पंतनगर।** सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग द्वारा स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के अंतर्गत 'महिलाओं और एससी/एसटी वर्ग के लिए एमएसएमई की फंडिंग योजनाएं' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक दीपक कपरी और प्रबंधक सचिन कुमार ने छात्रों को विभिन्न सरक. ारी ऋण योजनाओं और बैंकिंग सहायता की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि छात्र अपने कौशल और प्रोजेक्ट्स को एमएसएमई के तहत सफल स्टार्टअप में बदल सकते हैं। अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल ने उद्यमिता के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डा. मनीषा गहलौत सहित अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। वेबिनार में छात्रों ने सक्रिय सहभागिता की और अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए।

### भैंस सुधार पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पंतनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, करनाल द्वारा वित्त पोषित भैंस सुधार परियोजना के अंतर्गत ग्राम केवलगंज, गदरपुर में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. डी. कुमार, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशु आनुवांशिक एवं प्रजनन विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का संच. ालन डा. एके घोष ने किया, जिन्होंने परियोजना के उद्देश्य और इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। अन्य विशेषज्ञों ने भैंसों के परजीवी रोगों, उन्नत भैंस उत्पादन, संतुलित आहार, कृत्रिम गर्भाधान और प्रसव पूर्व/प्रसवोपरांत देखभाल पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में 51 पशुपालकों ने भाग लिया, जिनमें 40 को मिनरल मिक्स, कैल्शियम, डीवार्मिंग, लिवर टॉनिक, और अन्य सामग्री वितरित की गई।

### दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**काशीपुर।** रामनगर रोड पर सरकारी अस्पताल के समीप स्थित गुप्ता राजमा-चावल वालों की दुकान का ताला तोड़कर बाइक सवार अज्ञात युवक गल्ले में रखी 15-20 हजार रुपये नकद और सिलेंडर चोरी कर ले गया। सोमवार रात करीब साढ़े बारह बजे हुई उक्त वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर।** आईटीआई कोतवाली क्षेत्र निवासी एक नाबालिग को भगा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद कर लिया। विगत दिवस एक व्यक्ति ने आईटीआई कोतवाली में तहरीर सौंपकर बताया कि हेमपुर इस्माइल, हरप्रतापपुर निवासी चंदन उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी चंदन के घर से नाबालिग को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पालतू कुत्ते को उठा ले गया तेंदुआ

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी रोड स्थित साईं विहार कॉलोनी में तेंदुए ने एक पालतू कुत्ते को अपना निवाला बना लिया। इसके बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। काशीपुर रेंज कार्यालय प्रभारी भोपाल सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम को साईं विहार कॉलोनी के पास एक निजी स्कूल के समीप तेंदुए ने पालतू कुत्ते को अपना निवाला बनाया है। तेंदुए की शिकायत मिलने के बाद जहां पर तेंदुआ दिख रहा है, वहां गश्त बढ़ा दी गई है। लोगों को जागरूक करते हुए तेंदुआ दिखने पर तत्काल सूचना वन विभाग को देने को कहा गया है।

### कोतवाली पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

**काशीपुर।** शहर में बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों के सत्यापन को लेकर आईटीआई पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कोतवाली क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 29 लोगों का सत्यापन किया। कोतवाली पुलिस ने हिदायत दी है कि शहर में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों, घरेलू सहायकों और निर्माण श्रमिकों का सत्यापन अनिवार्य है। सत्यापन न कराने पर संबंधित व्यक्ति या मकान मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मकान मालिकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों, ठेकेदारों और नागरिकों से अपील की है कि वे अपने यहां रहने या काम करने वाले सभी बाहरी लोगों का तुरंत सत्यापन कराएं।

### ज्ञानार्थी कॉलेज 'ज्ञान वार्ता' चैनल का शुभारंभ

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज 'ज्ञान वार्ता' न्यूज़ चैनल का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा ने की। इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि 'ज्ञान वार्ता' न्यूज़ चैनल विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त एवं उपयोगी मंच सिद्ध होगा। इससे विशेष रूप से जनसंचार, एनीमेशन तथा अन्य पाठ्यक्रमों के छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में मीडिया का महत्व निरंतर बढ़ रहा है और इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि इस चैनल के माध्यम से छात्र समाचार लेखन, एंकर. रंग, वीडियो संपादन तथा डिजिटल सामग्री निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीख सकेंगे। कॉलेज की सचिव शिवानी मेहरोत्रा तथा संस्थान प्रमुख प्रतिमा सिंह ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

### झूला पुल की मरम्मत का काम शुरू

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय के सरयू नदी के ऊपर बने एक सौ साल पुराने झूला पुल के मरम्मत कार्य शुरू होने लगा है। पुल के आस पास बैठे फड़ व्यापारियों को मौके से उठा दिया गया है। इसके अलावा आस पास बने छोटी छोटी दुकानों को तोड़ने का काम शुरू हो गया है। बता दें कि लंबे समय से झूला पुल के जीर्ण शीर्ण होने पर पुल में आवागमन पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। पुल की मरमत के लिए कई बार व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन प्रशासन से वार्ता कर पुल के लिए उचित धनराशि आवंटन करने की मांग की गई। आखिरकार पुल के लिए शासन से पैसा अवमुक्त हो गया है।

## यूजीसी बिल तत्काल लागू हो

### हल्द्वानी में मूल निवासी संघ की रैली, बुद्ध पार्क में सभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूजीसी विनियम 2026 को लेकर मूल निवासी संघ जिला इकाई नैनीताल ने मंगलवार को हल्द्वानी नगर में एक राष्ट्रव्यापी समर्थन रैली आयोजित की। इस रैली के दौरान, एक ज्ञापन यूजीसी बिल 2026 के समर्थन में राष्ट्रपति को भेजने के लिए उप जिला अधिकारी के माध्यम से दिया गया। रैली अंबेडकर पार्क, मंगल पड़ाव से प्रारंभ होकर बुद्ध पार्क, तिकोनिया चौराहे तक पहुंची, जहां यह सभा में बदल गई। सभा में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने यूजीसी बिल 2026 को तत्काल लागू करने की मांग की और उच्चतम न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को हटाने का आह्वान किया। सभा में उपस्थित लोगों ने दृढ़ संकल्पित होकर कहा कि जब तक यूजीसी




बिल 2026 लागू नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मूल निवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चनियाल, जिला अध्यक्ष जीआर आर्य, जिला प्रभारी आरपी गंगोला, भाकपा माले के कैलाश पांडे, केके बोरा, इंजीनियर के चंद्र, जीआर टम्टा, नफीस अहमद, पूर्व पार्षद राधा आर्य, पार्षद रोहित कुमार, फिरोज खान, मुकेश बौद्ध, सुंदर लाल बौद्ध, विनोद कुमार उर्फ पिन्नु, यशोदा बौद्ध, हरीश मौर्य, रामनरेश दोहरे, हरीश लोधी, संजय टम्टा, दीपक कुमार, रितिक कुमार, लक्की राजपूत, रोहित कुमार आर्य, किशोरी लाल, गोपाल ग्वासीकोटी और नंदन ग्वासीकोटी शामिल हुए।

## आईएमटी में रोजगारोन्मुखी कौशल कार्यशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज में 'इम्प्लीमेंटेशन ऑफ द एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम' विषय पर एक सप्ताह की कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यशाला महिन्द्रा



एंड महिन्द्रा की सीएसआर पहल महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का आज पहला दिन रहा और यह बीबीए, बीसीए, बी.कॉम (ऑनर्स) एवं एमबीए की द्वितीय एवं अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विशेष रूप से आयोजित की गई है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन रिसोर्स पर्सन सीए प्रभात दिवाकर द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में छात्राओं को रोजगारोन्मुखी कौशलों के साथ-साथ निम्न विषयों पर भी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला के पहले दिन छात्राओं में उत्साह और सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी एक सप्ताह तक जारी रहेगा। डॉ. निमिषा ने बताया कि संस्थान के प्लेसमेंट विभाग द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यहां बताते चलें की संस्थान की प्रबंध समिति लगातार इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन लिए प्रयासरत रहती है जिससे विद्यार्थी इससे महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।

## एनसीसी कैडेट्स का सम्मान

### छात्राओं ने रोशन किया महाविद्यालय का नाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 24 यूके एनसीसी गर्ल्स सब यूनिट राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राष्ट्रीय कैंपों में भाग लेने वाली छात्राओं का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान गणतंत्र दिवस परेड 2026 में प्रतिभाग करने वाली सीनियर अंडर ऑफिसर रिया बिष्ट, थल सैनिक कैंप नई दिल्ली में भाग लेने वाली कैडेट प्रियंका देउपा, एसएनआईसी लक्षद्वीप में हिस्सा लेने वाली अंडर ऑफिसर दिव्यांशी और कैडेट दीपशिखा फुलारा, उत्तरकाशी में पर्वतारोहण की बेसिक कैंप करने वाली कैडेट गौरी काफलटिया और प्रियांशी पांडे, वाटर राफ्टिंग ऋषिकेश में भाग लेने वाली सार्जेंट



शोभा और कैडेट टीमा चिलवाल, तथा एडवांस लीडरशिप कैंप में प्रतिभाग करने वाली कारपोरल उर्मिला परिहार और अषिता आर्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एनएस बनकोटी ने विद्यार्थियों को उनके असाधारण प्रयासों और सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा आपका प्रयास और समर्पण हमें गर्व महसूस कराता है, और हमें आशा है कि आप आने वाले समय में और भी बड़े मुकाम हासिल करेंगे। कार्यक्रम में 24 यूके एनसीसी गर्ल्स बटालियन की एएनओ लेफ्टिनेंट डाक्टर ज्योति टम्टा भी उपस्थित रहीं।

# बर्खास्त शिक्षक के घर मिले असलहे

## रेलवे बनाम बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में फैसले से पहले सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई से पहले बनभूलपुरा में असलहों और कारतूस की बरामदगी ने सनसनी फैला दी है। यहां शिक्षा विभाग से बर्खास्त दुष्कर्मी शिक्षक के घर से यह भारी मात्रा में कारतूस व असलहें बरामद हुए है। जिसमें 312 और 315 बोर के असलहों में लगने वाले कारतूस के साथ एके-47 गन में लगने वाले उस कारतूस को भी बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल भारतीय सेना करती है। बनभूलपुरा पुलिस ने इस आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात बनभूलपुरा पुलिस को गौजाजाली उत्तर में आयशा मस्जिद के पास मो.मोबिन खान पुत्र



अब्दुल बसीर खान के घर में झगड़े की सूचना मिली। आनन-फानन में एसआई जगवीर सिंह, एसआई मोनी टम्टा, कांस्टेबल यासीन, अमित शरण को मौके पर भेजा गया। खबर देने वाले मुखबिर ने पुलिस को यह भी बताया कि मो.मोबिन के पास अवैध असलहे और कारतूस भी हैं, जिसके दम पर वह अपने परिवार को न सिर्फ धमका रहा है, बल्कि कमर में असलहा लगाकर कर घूम रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो मोबिन अपने बेटे, बहू और पत्नी को धमका रहा था। मोबिन घर के कमरे में रखे सोफे पर बैठा था। घर उसकी पत्नी मुमताज खान, बेटा मो. जकी खान और बहु तहसीन फातमा भी मौजूद थी। पुलिस ने जब मोबिन से तमंचों के बारे में पूछा तो वह पुलिस को बरगलाने लगा। पुलिस ने सख्ती से पूछा तो बोला, जेल में रहने के दौरान उसकी पहचान ज्ञानी नाम के व्यक्ति से हुई थी, जिससे उसने तमंचा लिया था, लेकिन बाद में लौटा दिया। पुलिस ने जब उसकी पत्नी मुमताज खान, मो जकी खान और बहू तहसीन से पूछा तो बताया कि मोबिन ने अलमारी के ऊपर तमंचा छिपा रखा है। पुलिस को ऊंची अलमारी तक पहुंचने के लिए सीढ़ी का सहारा लेना पड़ा। पुलिस ने अलमारी के ऊपर रखे सामान को चैक किया तो वहां से 315 और 12 बोर के दो तमंचों के साथ 315 बोर में इस्तेमाल होने वाले 2 कारतूस, 12 बोर इस्तेमाल होने वाले 4 कारतूस, 7.62 बोर का एक और 10 कारतूस 7.65 बोर के बरामद किए। जांच में सामने आया कि 7.65 बोर का कारतूस एक-47 गन में इस्तेमाल किया जाता है और इसका इस्तेमाल आमतौर पर भारतीय सेना करती है। पुलिस ने जब एके-47 में बरामद होने वाले कारतूस और 7.65 एमएम के बारे पूछा तो उसने कुछ भी साफ जवाब नहीं दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी 60 वर्षीय मो. बिन को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि आरोपी मोबिन पूर्व में शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक था। वह एक नाबालिग से दुष्मर्क के मामले का सजायाफ्ता है और फिलहाल वह जमानत में बाहर है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच कर रही है कि उसके पास प्रतिबंधित कारतूस कहां से आए।

# गौलापार रोड में स्कॉर्पियों का कहर, दो को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते सोमवार की रात काठगोदाम-गौलापार हाईवे पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक कार को टक्कर मारी दी। इतना ही नहीं स्कॉर्पियों ने पास ही स्थित एक रेस्टोरेंट से बाहर निकल रहे दो युवकों को भी टक्कर मार दी। सड़क हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस व स्थानीय लोगों ने आनन फानन में दोनो को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि बीते सोमवार रात करीब 12 बजे गौलापार क्षेत्र के रहने वाले वसीम खां और जिशान खां रात को खेड़ा स्थित एक रेस्टोरेंट से खाना खाकर बाहर निकल रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी।

बताया जा रहा कि इससे पहले तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने पहले एक खड़ी कार में टक्कर मारी और फिर दोनों युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कॉर्पियो चालक ने हादसे के बाद गाड़ी रोकी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल भेजा, जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि चालक के नशे में होने की पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल, पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है, जिसके बाद संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी।** घर से खेत में काम करने गई एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार रातीघाट भवाली निवासी मुन्नी देवी (37) पत्नी गोपाल सिंह यहां परिवार के साथ रहकर खेती-बाड़ी का काम करती थीं। बताया जा रहा कि बीते 16 फरवरी को मुन्नी देवी घर से खेत में काम करने की बात कहकर निकली थी। जब कुछ देर बाद घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खेत में जाकर देखा तो वह बेसुध पड़ी थी। आनन फनन में परिजनों द्वारा उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान मुन्नी देवी ने दम तोड़ दिया। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

# 302 लोगों का सत्यापन, 78 पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में आपराधिक गति. विधियों पर नियंत्रण रखने के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एक बार फिर ऑपरेशन क्रैकडाउन और वेरिफिकेशन ड्राइव चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने शहरभर में कई स्थानों की चेकिंग की और कुल 302 लोगों का सत्यापन किया। इसके साथ ही 78 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 39,250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर थाना और चौकी प्रभारियों को विशेष टीमें गठित कर अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाया गया।

एसपी नैनीताल डा. जगदीश चन्द्र एवं एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल की निगरानी में पुलिस ने होटल,



ढाबा, धर्मशाला, आश्रम, होम स्टे, हॉस्टल, पेइंग गेस्ट हाउस सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों में चेकिंग की। अभियान के तहत निजी और सार्वजनिक संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, कोचिंग सेंटरों, श्रमिकों, किरायेदारों तथा बाहरी राज्यों से आकर रह रहे लोगों का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान संदिग्ध पाए जाने वाले व्यक्तियों के मोबाइल नंबर लिए गए, जिन्हें सर्विलांस पर रखा जाएगा। इसके अलावा खुफिया की भी उन पर नजर रहेगा। अभियान के दौरान पुलिस ने 90 होटल व ढाबों की जांच की। कुल 302 लोगों का सत्यापन किया गया। अनियमितता पाए जाने पर 78 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई तथा 39,250 रुपये जुर्माना वसूला गया।

## पंचम होली महोत्सव कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 फरवरी को पंचम होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष नवीन पन्त ने बताया कि संस्था द्वारा मां जगदंबा बैंकेट हॉल शिव मंदिर के पास पंचम होली महोत्सव में कुमाऊंनी सांस्कृतिक होली गायन वादन, संदेशात्मक होली, और महिलाओं की टीमों द्वारा विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, स्थानीय अतिथि कलाकारों द्वारा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी। संस्था के सचिव ज्ञानेंद्र जोशी ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में मुख्य आकर्षण 'फूलों वाली होली' होगी, जिसके लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

# चंदन हॉस्पिटल में हाई वोल्टेज हंगामा

- जिन्दा मरीज़ को मृत बताने पर भड़के परिजन
- एबीवीपी कार्यकर्ताओं से भी अभद्रता का आरोप
- छात्रसंघ अध्यक्ष को 'गुंडा' कहने पर और बढ़ा तनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कालेज के छात्रसंघ अध्यक्ष और एबीवीपी नेता अभिषेक गोस्वामी अपने समर्थकों के साथ मंगलवार दोपहर चंदन अस्पताल में धरने पर बैठ गए। इस दौरान अस्पताल परिसर में हंगामा हुआ और कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। गुस्साए छात्र अस्पताल के अंदर घुस गए और हल्की तोड़फोड़ भी की। स्थिति तब और बिगड़ गई जब अस्पताल प्रबंधन की ओर से लगातार माफी मांगने की बात पर टालमटोल की गई। यह विवाद एक महिला के इलाज से जुड़ा था, जो अस्पताल में वेंटिलेटर पर थी। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल ने उनकी रिश्तेदार को मृत घोषित कर दिया था, जबकि वह जीवित थी। इस पर पुलिस ने जांच की और बताया कि अस्पताल की एक छोटी सी गलती के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई थी। सोमवार रात, अभिषेक गोस्वामी इसी मुद्दे पर अस्पताल प्रबंधन से मिलने पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान अस्पताल के एक अधिकारी ने अभिषेक को 'गुंडा' कहकर अपशब्द कहे। मंगलवार को इस मामले को लेकर अभिषेक अपने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से माफी मांगने की मांग की और यह भी कहा कि जिस अधिकारी ने अपशब्द कहे, उससे माफी ली जाए। इस दौरान अस्पताल में तनाव बढ़ गया और पुलिस को स्थिति संभालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब डेढ़ बजे, एबीवीपी कार्यकर्ता अस्पताल परिसर में घुसकर प्रबंधन से बातचीत करने लगे। इस दौरान अस्पताल के सीईओ डा. राजगोपाल ने कहा कि अगर कोई कर्मचारी अभद्र भाषा का प्रयोग करता है, तो अस्पताल उसकी जिम्मेदारी नहीं ले सकता, लेकिन वे माफी जरूर मांग सकते हैं। मामला और बढ़ता चला गया, और कुछ छात्रों ने अस्पताल के





एक कक्ष में घुसकर धक्का-मुक्की की, जिससे कक्ष की सीलिंग टूट गई। पुलिस को छात्रों को कक्ष से बाहर निकालने में काफी संघर्ष करना पड़ा। कई दौर की वार्ता के बाद भी छात्रों ने आरोपी अधिकारी से माफी की मांग की, लेकिन अंततः मामला सुलझाने में कामयाबी मिली। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि अंत में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई और मामला शांत हो गया। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा नेता हरिमोहन अरोरा, और सचिन शाह भी मौके पर मौजूद रहे।

## दिव्यांशु ने किया नाम रौशन

**हल्द्वानी।** आर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल लामाचौड़ के छात्र दिव्यांशु बिष्ट ने जेईई (मेंस) 2026 सेशन-1 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 99.67 एसटीए स्कोर प्राप्त किया है। यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जाती है और देश की सबसे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में गिनी जाती है। दिव्यांशु का विषयवार प्रदर्शन भी अत्यंत प्रभावशाली रहा। उन्होंने भौतिक विज्ञान में 96.82, रसायन विज्ञान में 95.60 तथा गणित में 99.98 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विशेष रूप से गणित में उनका लगभग परफेक्ट स्कोर प्राप्त करना बहुत सराहनीय है। दिव्यांशु ने इस वर्ष विद्यालय के रेगुलर छात्र रहते हुए जेईई (मेंस) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और वे इस वर्ष कक्षा 12वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने दिव्यांशु को बधाई दी।

# बारः कोर्ट में शांतिपूर्ण मतदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोर्ट परिसर को उड़ाने की ई-मेल धमकी के बावजूद मंगलवार को हल्द्वानी सिविल कोर्ट में उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य पदों के लिए मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की निगरानी में अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 10 बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया के दौरान न्यायालय परिसर में चहल-पहल बनी रही। प्रत्याशियों के समर्थक अधिवक्ताओं से संपर्क कर समर्थन जुटाते नजर आए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रवेश द्वारों पर चेकिंग की गई और पूरे परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पंत के अनुसार कुल 1092



अधिवक्ता मतदाता सूची में दर्ज थे, जिनमें से 855 ने मतदान किया, जिससे लगभग 78.29 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान की समाप्ति के बाद मतपेटियां बंद कर दी गईं और परिणाम बुधवार को घोषित किए जाएंगे। प्रदेश स्तर पर बार काउंसिल के 23 सदस्य पदों के लिए 104 अधिवक्ताओं ने अपनी दावेदारी पेश की है। हल्द्वानी सहित विभिन्न जनपदों में मतदान की प्रक्रिया पूरी की गई। ई-मेल से मिली धमकी के कारण अधिवक्ताओं के बीच कुछ क्षणिक चिंता जरूर रही, लेकिन इसका मतदान प्रक्रिया पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ा। अधिवक्ताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए यह संदेश दिया कि भय के माहौल में भी लोकतंत्र की मजबूती कायम रहती है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन जीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि जागनाथ कालोनी दमुवाढूंगा निवासी राजेंद्र सिंह बिष्ट (35) पुत्र गोपाल सिंह यहां पत्नी के साथ रहते थे। दोनों के बीच अकसर विवाद होते रहते थे। सोमवार को भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, लेकिन बार उसने जानलेवा कदम उठा लिया। सुबह जब परिजन सो कर उठे तो राजेंद्र का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। आनन-फानन में परिजनों ने राजेंद्र को फंदे से उतारा और सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष विमल ने बताया कि अस्पताल से उन्हें घटना की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस को घटना स्थल भेजा गया। परिजनों से जानकारी मिली कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## वनों को आग से बचाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू

**हल्द्वानी।** फायर सीजन की शुरुआत के साथ ही नैनीताल के भूमि संरक्षण वन प्रभाग ने वनों को आग से बचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। इस क्रम में मंगलवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीबाग में एक विशेष जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में चौगड़ रेंज की वन दरोगा अन्नपूर्णा सागर ने स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को वनाग्नि से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि फायर सीजन के दौरान वनों के निकट आग जलाने से पूरी तरह बचना चाहिए। यदि किसी कारणवश आग का उपयोग करना पड़े तो उसके पूर्ण रूप से बुझ जाने के बाद ही वहां से जाना चाहिए। वन कर्मी अन्नपूर्णा सागर ने बच्चों से अपील की कि आग लगने की कोई घटना दिखाई दे तो खुद आग बुझाने का जोखिम न लें, बल्कि तुरंत निकटतम वन विभाग के फायर क्रू स्टेशन या संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। इससे आग पर जल्दी नियंत्रण पाया जा सकता है और बड़ा नुकसान टाला जा सकता है। भूमि संरक्षण वन प्रभाग चौगड रेंज के वन अधिकारी और कर्मचारी इन दिनों विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर स्थानीय निवासियों को वनों में आग लगने से रोकने के उपायों और ऐसी घटना होने पर उनकी नैतिक जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

# पूर्व पार्षद से अभद्रता का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व कांग्रेस पार्षद ने महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पर जातिसूचक शब्दों द्वारा अपमानित करने, सार्वजनिक रूप से उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल के माध्यम से एसएसपी को एक शिकायती पत्र भेजकर शीघ्र ही कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मंगलवार को राजेन्द्र नगर वार्ड-12 की



पूर्व पार्षद राधा आर्य ने एसपी सिटी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वह कांग्रेस पार्टी में एक सक्रिय कार्यकर्ता है और यूथ कांग्रेस की प्रदेश महासचिव व प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुकी है। राधा ने कहा कि बीते 16 फरवरी को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित राजभवन घेराव कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए गई थी तभी महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मधु सांगुडी द्वारा मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जातिसूचक शब्दों द्वारा अपमानित करने, सार्वजनिक रूप से उत्पीडन किया। उन्होंने शिकायती पत्र सौंपकर शीघ्र ही कार्रवाई करने की मांग की है।

# वरिष्ठ नागरिकों की होली 28 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति हल्द्वानी द्वारा मंगलवार को कार्यकारिणी की एक बैठक समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे की अध्यक्षता में सपन्न हुई। जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में दर्ज राज्यमंत्री नवीन वर्मा मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई, और 28 फरवरी को रामपुर रोड बैंक्वट हॉल में होली कार्यक्रम करने का निर्णय लिया और समिति की मासिक बैठक 7 मार्च प्रस्तावित हुई।

इसके अलावा 2 मार्च को पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर में होने वाले होली कार्यक्रम में भागीदारी की योजना भी बनाई गई। बैठक में सभी सदस्यों से अपील की गई कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या



में भाग लें। इसके साथ ही समिति का होने वाला द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव 3 अप्रैल को प्रस्तावित था, उसके अगले एक माह के लिए स्थगित किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता दर्जा राज्यमंत्री नवीन चंद वर्मा ने कहा कि अप्रैल के पहले सप्ताह में प्रदेश स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों का खेलकूद एवं सम्मान समारोह हल्द्वानी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सहभागी होंगे। बैठक में इन्दर सिंह निगल्टिया, डीके पंत, श्रीकांत खंडेलवाल, दिनेश चंद पंतोला, दया कृष्ण बल्यूटिया, बीडी जोशी, पीडी पांडे, भगवती बिष्ट, एलएम लोहनी, आनंद सिंह भाकुनी, मोहन सिंह जंतवाल, एचपी जोसफ, प्रताप सिंह जंतवाल, सुशील कुमार मौजूद रहे।

## एसबीआई ने विद्यालय को दी 3-सीटर कुर्सियाँ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय स्टेट बैंक की नवीन मंडी शाखा हल्द्वानी द्वारा अपने सामा. जिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार के गांधी इंटर कालेज एवं राजकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गौजाजाली को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सुविधा के लिए 3-सीटर कुर्सियाँ भेंट स्वरूप प्रदान की गई। इस दौरान शाखा प्रबंधक रवि



शंकर कुमार ने बताया कि बैंक का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देना है। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा प्रदान की गई यह सामग्री विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और उनके अध्ययन कार्य में सहायक बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी बैंक शैक्षिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगा। विद्यालय प्रशासन से अपील की गई है कि उक्त सामग्री का उपयोग विद्यालय की आवश्यकतानुसार विद्यार्थियों के हित में किया जाए। इस मौके पर दीपक कुमार, रवि शंकर कुमार व विवेक पांडे आदि थे।

# गुणवत्ता और पारदर्शिता पर ज़ोर

## उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरूः कुलपति प्रोफेसर लोहनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लो. हनी ने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय शोध एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं उत्कृष्टता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। विश्व. विद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नवीन दिशानिर्देशों के अनुरूप राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) आधारित पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया 17 फरवरी से ऑनलाइन आरम्भ हो रही है, जो मार्च 2026 के द्वितीय सप्ताह तक संचालित रहेगी। मंगलवार को पत्रकार वार्त करते हुए कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि पीएचडी प्रवेश के लिए नेट विद जेआरएफ, नेट विद एलएस तथा नेट फॉर पीएचडी एडमिशन श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि है, आवेदन के



पात्र होंगे। संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया यूजीसी के मानकों के अनुरूप पूर्णतः पारदर्शी एवं गुणवत्तापरक ढंग से संपन्न की जाएगी। काउंसलिंग की तिथियाँ विषय विशेषज्ञों की उपलब्धता के आधार पर निर्धारित होंगी तथा इसकी सूचना विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं नवाचार निदेशालय द्वारा 17 से 19 फरवरी तक पीएचडी शोधार्थियों की छह माह की प्रगति समीक्षा के लिए तीन दिवसीय शोध कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यशाला में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक सहभागिता कर शोधार्थियों को मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि शोध एवं नवाचार निदेशालय की ओर से स्थानीय आकांक्षाओं, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा तथा विषय-विशिष्ट क्षेत्रों को शोध के प्रमुख फोकस के रूप में चिन्हित किया गया है। वर्तमान में विश्वविद्यालय में 26 विषयों में पीएचडी कार्यक्रम संचालित है। प्रो. लोहनी ने बताया कि विश्वविद्यालय के 4 शोधार्थियों को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन छात्रवृत्ति तथा 9 शोधार्थियों को यूजीसी की ओर से जेआरएफ एवं एनएफएससी फेलोशिप प्रदान की गई है। विश्व. विद्यालय अब तक 44 शोधार्थियों को डॉक्टरेट उपाधि प्रदान कर चुका है तथा वर्तमान में 128 शोधार्थी पीएचडी कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता में शोध एवं नवाचार निदेशालय के निद. शक प्रो. गिरिजा प्रसाद पाण्डेय एवं कुलसचिव खेमराज भट्ट मौजूद रहे।

# आर वन, बागनाथ व नीरज ने जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर द्वारा खेले जा रहे जिला क्रिकेट लीग मैच मंगलवार को अलग-अलग ग्राउंड में तीन मैच खेले गए। पहला मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में आरवन तथा नीरज राठौर क्रिकेट क्लब ब्लू के बीच खेला गया।

जिसमें आरवन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट खोकर 321 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीरज राठौर ब्लू क्रिकेट क्लब ने 45 ओवरों में 282 रनों पर आलआउट हो गई। दूसरा मैच वैंडी क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में बागनाथ क्रिकेट क्लब तथा रामराज क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया जिसमे रामराज रामराज क्रिकेट क्लब ने 45.3 ओवर में 339 रनों पर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागनाथ क्रिकेट क्लब 40 वें ओवर में 231 रनों पर आलआउट हो गई, और 108 रनों से मैच हार गई।

जबकि तीसरा मुकाबला आर्यन क्रिकेट क्लब तथा नीरज राठौर रेड क्रिकेट क्लब के बीच जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। जिसमें नीरज राठौर रेड क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 37 ओव. रों 195 रनों पर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन क्रिकेट क्लब की टीम 28 ओवर में 126 रनों पर ही ढेर हो गई, और 69 रनों से मैच हार गई। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राम दत्त पांडेय, सचिव रमेश दानू क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पूर्व सँयुक्त सचिव सुरेश सोनियाल मौजूद रहे।

## हल्द्वानी के लक्ष्य ने जड़ा नाबाद अर्धशतक

**हल्द्वानी।** लखनऊ के इकाना मैदान में रणजी मैच में कर्नाटक के खिलाफ उत्तराखंड की हालत पतली हो गई है, 69 ओवर में उत्तराखंड की टीम 5 विकेट के नुकसान पर 149 रन बना लिए है, जबकि स्टार खिलाड़ियों से सजी कर्नाटक की टीम ने पहली पारी में 736 रन बनाये है। उत्तराखंड की टीम के लिए आदित्य रावत ने 4 मयंक मिश्रा ने 3 जबकि लक्ष्य राय चंदानी ने 1 विकेट लिया। इधर उत्तराखंड की पारी लड़खड़ा गई है, तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हल्द्वानी के लक्ष्य राय चंदानी 10 चौके की मदद से 52 नाबाद रन से दीवार बनकर डटे है, जबकि हल्द्वानी निवासी विकेट कीपर बल्लेबाज सौरभ रावत 2 चौके की मदद से 10 नाबाद रन बनाकर क्रीज में डटे है। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया बुधवार कल के मैच में उत्तराखंड की आस इन दोनों बल्लेबाज के अलावा हल्द्वानी के है मयंक मिश्रा व आदित्य रावत पर टिकी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

CMYK



# स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं आशाः भट्ट

- उधम सिंह नगर में आशा सम्मेलन का भव्य आयोजन
- सांसद अजय भट्ट और विधायक शिव अरोड़ा ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद उधम सिंह नगर में 'आशा सम्मेलन' का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली आशा कार्यकर्ताओं के योगदान को सराहा गया और उनके सशक्तिकरण पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अजय भट्ट उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा और नगर निगम के महापौर विकास शर्मा ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। सांसद अजय भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि आशा बहनें धरातल पर स्वास्थ्य सेवाओं को



जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। केंद्र और राज्य सरकार उनकी समस्याओं के समाधान और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

विधायक शिव अरोड़ा ने आशा कार्यकर्ताओं के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोरोना काल से लेकर सामान्य दिनों तक, समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने में इनकी भूमिका अतुलनीय है। महापौर विकास शर्मा ने नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए आशाओं के प्रयासों को सराहा और स्थानीय स्तर पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के के अग्रवाल द्वारा बताया गया कि सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। जनप्रतिनिधियों ने उनकी समस्याओं को सुना और उनके निराकरण हेतु उचित पटल पर बात रखने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं भारी संख्या में आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। संचालन बीएस बेनवाल द्वारा किया गया।

सम्मेलन में पीएमएस डा. राजेश सिंह, डा. हरेंद्र मालिक, डा. एसपी सिंह, डा. सुधीर गुप्ता, डा. संजीव सरना, डा. कुलदीप यादव, डा. राहुल, डा. अंजनी, डा. पीडी गुप्ता, विवेक सक्सेना, कपिल शर्मा, अभिषेक सक्सेना, हिमांशु, चांद मियां, निधि शर्मा, पूरनमल, जावेद, आमिर एवं समस्त बीसीएम आशा फैसिलिटेटर आदि लोग उपस्थित रहे।

# नाले में पड़ा मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मंगलवार सुबह काशीपुर मार्ग स्थित रेलवे मालगोदाम रोड पर स्थानीय लोगों ने एक नाले में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ देखा। नाले में शव मिलने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान करने की कोशिशों में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार प्रातः काल जब लोग रेलवे मालगोदाम मार्ग से गुजर रहे थे, तब उन्हें नाले के भीतर एक शव दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को नाले से बाहर निकाला। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी कोशिशों के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। शव की स्थिति को देखते हुए उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष आंकी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार, शव कुछ दिन पुराना लग रहा है और कीचड़ में पूरी तरह सना हुआ था। शव के गलने और काफी समय से पानी में रहने के कारण उससे दुर्गंध भी आ रही थी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृत्यु कुछ दिन पूर्व हुई होगी। पुलिस ने घटना के संबंध में आसपास के सभी थाना क्षेत्रों और जनपदों को सूचना प्रसारित कर दी है, ताकि गुमशुदा लोगों के रिकॉर्ड से मृतक का मिलान किया जा सके। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# मिनी स्टेडियम में दिखा लाल-नेप्ड इबिस का झुंड, पक्षी प्रेमियों में उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार सुबह मिनी स्टेडियम परिसर में अज्ञात पक्षियों का एक झुंड दिखाई देने से लोगों में उत्सुकता फैल गई। स्थानीय नागरिकों ने जब इन पक्षियों के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि यह लाल-नेप्ड इबिस है। जिसे भारतीय काला इबिस या ब्लैक आइबिस के नाम से भी जाना जाता है।

लाल-नेप्ड इबिस (वैज्ञानिक नामः स्यूडिबिस पैपिलोसा) भारतीय उपमहाद्वीप के मैदानी क्षेत्रों में पाई जाने वाली इबिस की एक प्रमुख प्रजाति है। अन्य इबिस प्रजातियों के विपरीत यह पक्षी जलस्रोतों पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहता। यह अक्सर सूखे खेतों, खुले मैदानों और घास के मैदानों में भोजन की तलाश करता हुआ दिखाई देता है। इसकी पहचान इसके काले शरीर और गर्दन के पीछे मौजूद लाल रंग के उभरे हुए धब्बे (नेप) से होती है। आमतौर पर यह छोटे-छोटे समूहों में देखा जाता है और जमीन पर कीड़े-मकोड़े व छोटे जीवों को अपना आहार बनाता है। सुबह के समय मिनी स्टेडियम में इन पक्षियों का झुंड देखे जाने से पक्षी प्रेमियों और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल रहा। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि ऐसे पक्षियों की मौजूदगी क्षेत्र के बेहतर पारिस्थितिक संतुलन का संकेत है। स्थानीय नागरिकों ने वन विभाग से क्षेत्र में पक्षियों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

# थानाध्यक्ष के हटते ही कोतवाली क्षेत्र में नशा तस्कर सक्रिय

- थानाध्यक्ष उमेश कुमार के स्थानांतरण होते ही नानकमत्ता कोतवाली क्षेत्र में नशा तस्कर हुए सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर नशा तस्कर सक्रिय होने के साथ ही पुलिस के डर से भूमिगत हुए नशा तस्कर फिर सक्रिय हो गए हैं। इतना ही नहीं इन नशा तस्करों को मिल रहे संरक्षण के चलते गाढ़ी कमाई भी हो रही है।

बता दें कि जनपद में नए पुलिस कप्तान तो नशा कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कारवाई करने वाले अधिकारियों में अपनी पहचान रखते हैं, लेकिन यहां नानकमत्ता को थाना से कोतवाली



का दर्जा मिलने के बाद यहां तैनात रहे थानाध्यक्ष उमेश कुमार के स्थानांतरण हो जाने के बाद मानों बिल में दबके नाश तस्कर फिर सक्रिय हो गए हैं।

उमेश कुमार द्वारा यहा कई नशा तस्करों को सलाखो तक पहुंचाने के साथ ही कुछ नशा तस्करां को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार भी किया था, जिनके यहां से स्थानांतरण हो जाने के बाद मानों नशा तस्कर फिर बिना किसी भय के अपने नशा कारोबार को अन्जाम दे रहे हैं। सूत्रों की माने तो कुछ नशा तस्करों को मिल रहे संरक्षण से गाढ़ी कमाई भी हो रही हैं, वहीं एक छापे के दौरान नशा तस्करों से मोटी रकम लेकर उन्हें छोड़ने का मामला भी क्षेत्र में काफी चर्चा के विषय बना हुआ है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री का उत्तराखण्ड नशा मुक्त प्रदेश बनाने के प्रयास पर मानों कोतवाली नानकमत्ता में नशा तस्करों पर कारवाई ना होने से दम तोड़ता दिख रहा है। यहां कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में नशा तस्कर सक्रिय हो गे हैं, जो शाम ढलते ही नशा कारोबार में लिप्त हो जाते हैं, जिन पर अंकुश लगाना कोतवाली पुलिस के लिए टेढी खीर साबित होगा।

# हनुमान धाम पहुंचे सांसद अजय भट्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व नैनीताल ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट रामनगर के ग्राम छोई स्थित हनुमान धाम पहुंचे। उन्होंने श्री हनुमान धाम में बजरंग बली एवं भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने दिव्य वातावरण में प्रार्थना कर सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की।इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा अजय भट्ट का भाजपा कार्यकर्ताओं और मंदिर समिति ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत,वरिष्ठ अधिवक्ता जगतपाल सिंह रावत,रिटायर्ड कैप्टन विनोद सिंह रावत,रिटायर्ड कैप्टन बलवंत रावत,सतनाम सिंह,प्रेम जैन, पवन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# शिविर में आए 113 प्रार्थना पत्र, 42 का हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अन्तर्गत नगर पंचायत, महुआडाबरा के अन्तर्गत नगर पंचायत स्थित मंगल बाजार के बारात घर में मुख्य विकस अधिकारी दिवेश शाशनी अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 925 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें कुल 113 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 42 प्रार्थना पत्रों/प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित किया गया। अन्य प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनता की समस्याओं का



त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न प्रकार की योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करते हुए सभी प्रकार के प्रमाण-पत्रों को शीघ्रता से निर्गत करने तथा शिविर में आने वाले सभी पात्र व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित करने हेतु विशेष ध्यान रखने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 676 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क दवाई वितरित की गयी तथा 20 आयुष्मान कार्ड, 10 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये। होम्योपैथिक विभाग द्वारा 98 लोगों की जांच तथा आयुष विभाग द्वारा 52 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क दवा वितरण किया गया। श्रम विभाग द्वारा 16 श्रम कार्ड बनाये गये तथा 15 निर्माण श्रमिकों की चिकित्सा जाँच की गयी। समाज कल्याण विभाग द्वारा 07 व्यक्तियों के पेंशन आवेदन भरवाये गये। पूर्ति विभाग द्वारा 08 लोगों के राशन कार्ड/ई केवाईसी कराए गए।

शिविर में पूर्व विधायक डा. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, सहित जनपद, तहसील/विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# हथकरघा/हस्तशिल्प एवं लघु उद्योग पुरुस्कार को मांगे आवेदन पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार ने बताया कि जनपद के हथकरघा बुनकरों/हस्तशिल्पियों तथा लघु उद्यमियों को वितीय वर्ष 2025-26 हेतु उनके द्वारा उत्पादित विशिष्ट उत्पादों की उत्कृष्टता के आधार पर हथकरघा/हस्तशिल्प एवं लघु उद्योग पुरुस्कार दिया जाना है। यह पुरस्कार जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय होगा।

उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट बुनकरों/हस्तशिल्पियों एवं लघु उद्यमियों का चयन जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय हेतु गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

महाप्रबंधक उद्योग ने बताया कि बुनकरों/हस्तशिल्पियों पुरस्कार हेतु बुनकर एवं हस्तशिल्पी अथया उसका उद्योग जो उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड द्वारा अथवा विकास आयुक्त हथकरघा / हस्तशिल्प भारत सरकार के अधीन बुनकर एवं हस्तशिल्पी के रूप में पंजीकृत हो. पात्र होगे। उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत पंजीकृत हस्तकला/ हथकरघा के निजी दस्तकार सहकारी समितिया तथा पंजीकृत अशासकीय संस्थानों के हस्तशिल्पी एंव बुनकर पात्र होंगे। बुरकर एंव हस्तशिल्पी जिसकी सहकारी समिति/सस्था किसी भी प्रकार से विभागीय/बैंक ऋण के डिफाल्टर न हो पात्र होंगे। महाप्रबंधक उद्योग ने बताया लघु स्तरीय उद्योगों के उद्यमियों के पुरस्कार हेतु उत्तराखण्ड शासन ने उद्योग विभाग के अन्तर्गत स्थाई रूप से ऐसी लघु स्तरीय इकाईयां जो विगत तीन वर्षों से निरन्तर उत्पादनरत हो (विगत तीन वर्षों की ऑडिट बैलेंसशीट) पात्र होंगे। ऐसी लघु स्तरीय इकाईयां जो किसी भी बैंक विभागीय डिफाल्टर न हो पात्र होंगे।

महाप्रबंधक उद्योग ने बताया योजनान्तर्गत आवेदन हेतु आवेदन पत्र दो प्रतियों में निर्धारित रूप पत्र के साथ (रू0 50.00 का डिमान्ड ड्राफ्ट जो महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, उधमसिंह नगर के पक्ष में देय होगा) आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र रुद्रपुर एवं प्रभारी राजकीय डिजाईन सेन्टर काशीपुर के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड की प्रति, बैंक पासबुक की प्रति एवं पासपोर्ट साईज की फोटो सलग्न कर मय उत्पाद के सहित 25 फरवरी, 2026 सांय 05 बजे तक सम्पूर्ण औपचारिकओं के साथ महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र रुद्रपुर एवं प्रभारी राजकीय डिजाईन सेन्टर, काशीपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा किये जा सकते हैं।

# धरोहर हमारी संस्कृति हमारी पहचान कार्यक्रम आयोजित

- स्कूल के 25 वर्ष पूरे होने पर धूमधाम से मनाई गई रजत जयंती
- नन्हे मुन्नों ने स्टेज पर बिखेरे कला संस्कृति के रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के गोशन स्कूम में विद्यालय की रजत जयंती पर कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, वहीं कार्यक्रम के मुख्य तिथियों को सम्मानित चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


मंगलवार को गोशन स्कूल प्रबन्धन द्वारा स्कूल के 25 वर्ष पूरा करने पर धरोहर कार्यक्रम के तहत रजत जयंती मनाई गयी, इस अवसर पर विद्यालय द्वारा प्रांगण में कला एवं सांस्कृतिक एवं कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें नन्हें मुन्ने स्कूली बच्चों द्वारा यहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों के स्वागत में अभिवादन प्रस्तुत किया गया, आयोजित कार्यक्रम में महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता की प्राचार्या अंजला दुर्गापाल मुख्य अतिथि रही। यहां किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, सुप्रीत भाटिया सहित जन प्रतिनिधियों को विद्यालय के प्रबंधक डा.




सुरेश जोशी एवं विद्यालय की अध्यक्ष सरोज जोशी के द्वारा सम्मानित चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

यहां मंच पर अपने सम्बोधन में विद्यालय के प्रबंधन डा. सुरेश जोशी के कहा की विद्यालय आज जिस उचाई पर हैं उसमें क्षेत्र व सामाजिक लोगों का योगदान है। विद्यालय वर्ष 1999 में रखी गयी नीव को मजबूत करते हुए सफलता के शिखर पर 25 वा वर्ष पूरे होने का सफर तय कर चुका है। यहां कार्यक्रम में शिक्षक नेता केएन अटवाल, प्रधानाचार्य प्रकाश चन्द कांडपाल, प्रधानाचार्य दमनप्रीत कौर, नीरज जोशी, मीनाक्षी मिश्रा, शिवदत्त जोशी, दीपक सक्सेना, हेमचंद कांडपाल, पंकज बिष्ट, मीनाक्षी मिश्रा ,सहित अभिभावक गण मौजूद रहे वही कार्यक्रम में मंच का संचालन विद्यालय के शिक्षक चारु जोशी एवं कशिश भट्ट द्वारा किया गया।

# पत्रकार चंचल गोला को पितृ शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के पत्रकार चंचल गोला के पिता व ज्ञान विज्ञान पत्रिका के सम्पादक एवं राशन डीलर टीका प्रसाद गोला (85 वर्ष) के आकस्मिक निधन पर मीडिया कर्मियो, राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना ईश्वर से की है।

मोहल्ला बंबाघेर-मोतीमहल निवासी व वार्ड सभासद पारस गोला के ताऊ व राशन डीलर गंगा प्रसाद गोला के भ्राता स्व टीपी गोला एक सामाजिक कार्यकर्ता व काफी मिलनसार व्यवहार के मालिक थे और ज्ञान विज्ञान पत्रिका के जरिये नई-नई जानकारियां पाठकों तक पहुंचाते थे। उनके पुत्र चंचल गोला के अनुसार कुछ दिन पूर्व उन्हें हार्ट प्रॉब्लम हुई थी जिसका उपचार काशीपुर के निजी हॉस्पिटल में चल रहा था और उपचार के दौरान उन्होंने मंगलवार तड़के इस संसार को अलविदा कह दिया है। टीपी गोला के निधन पर विनोद पपनै, हरीश भट्ट, डॉ. जफर सैफी, गणेश रावत, राजीव अग्रवाल, चंचल गोला, त्रिलोक रावत, जीवन कुमार, राजू वर्मा, अजीत प्रताप गोस्वामी, नाजिम सलमान, जुगेश अरोड़ा बंटी, चन्द्रसैन कश्यप, सलीम मलिक, आसिफ इकबाल, रोहित गोस्वामी, गिरीश पांडे, चन्द्रशेखर जोशी, नितेश जोशी, कैलाश सुयाल, नदीम वारसी, मौ. कैफ खान, विक्की कश्यप, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, अमित बेलबाल, दानिश खान, मौ. उस्मान, नसीम खान राजा, रागिब खान, नसीम खान राजा, नवीन पोखरियाल, अरबाज खान, गणेश गगन, रोहित भट्ट, सिद्धार्थ पपनै, शमीम दुर्रानी, उधम सिंह राठौर, शब्बू खान, नौशाद सिद्दीकी, फरीद कुरैशी, असलम सिद्दीकी, रूबीना सैफी, विमला अधिकारी, रोशनी पांडे, रूमाना परवीन, मंयक मैनाल, कार्तिक बिष्ट, नावेद सैफी आदि मीडियाकर्मियों सहित विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, भागीरथ लाल चौधरी, उर्मिला चौधरी, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, रेखा रावत, शिशुपाल सिंह रावत, राकेश नैनवाल, गणेश रावत, एडवोकेट फैजुल हक आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# रामनगर तहसील दिवस में पहुंचे एडीएम

- फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तहसील सभागार रामनगर में आयोजित तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक राय ने शिविर में मौजूद फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया।

इस दौरान एडीएम प्रशासन विवेक राय ने बताया कि तहसील दिवस में दो दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याओं को रखा।उन्होंने बताया कि अधिकांश समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के सामने समाधान करते हुए अन्य समस्याओं का समाधान निर्धारित समय पर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह शिविर इसलिए आयोजित किए जाते हैं कि जनता को अधिकारियों एवं कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े



लेकिन इसके बावजूद भी जो अधिकारी जनता के समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके साथ ही उन्होंने एक फरियादी द्वारा सिंचाई नहर में कूड़ा डालने के दौरान नहर के पानी से उनकी गेहूं की फसल बर्बाद होने को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए समस्या का समाधान करने के साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की लापरवाही फिर से हुई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, कनिष्ठ उप प्रमुख मीना रावत, एसडीएम गोपाल चौहान, तहसीलदार मनीषा मरकाना, नायब तहसीलदार कुंदन पूरी, खंड विकास अधिकारी गिरिश पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार सिंह, रेंजर नवीन पाण्डे, संजय पाण्डे, पूरन सिंह खानायात, इंदर लाल दर्पण सिंह निखुर्पा, उमेश पाल, अजय कुमार, दुर्गेश जोशी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

# मांगों को लेकर लोनिवि कर्मियों का कार्य बहिष्कार जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पारस्परिक स्थानांतरण की मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार मंगलवार को भी जारी रहा। कर्मचारियों ने लोनिवि कार्यलय में प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया।



कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाती तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। कर्मचारियों ने कहा कि हमारी एक सूत्रीय मांग पारस्परिक स्थानांतरण से संबंधित है। कहा कि पारस्परिक स्थानांतरण किए जाए का अधिकार प्रमुख अभियंता को ही है। संगठन पारस्परिक स्थानांतरण की मांग उठा रहा है, लेकिन उनकी मांग नहीं मानी जा रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। कार्य बहिष्कार में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दीप चंद्र तिवारी, गीता जोशी, मुकेश सिंह, दिलीप सिंह, भूमिका भाटिया, आंचल सक्सेना आदि मौजूद थे।

# शॉर्ट सर्किट से मकान में आग गृहस्थी का सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र के मुंडिया पिस्तौर गांव में मंगलवार सुबह करीब छह बजे आरिफ पुत्र शमीम अहमद के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। बताया जा रहा है कि बिजली की चिंगारी से लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आकर घर में रखा बिस्तर, घरेलू सामान और नगदी सहित अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। घटना से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए पानी की सहायता से आग पर काबू पाया। अग्निकांड में पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। परिवार ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# निहित को जेईई मेन्स में मिले 99.61 प्रतिशत अंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** मुख्य चौराहा स्थित छबड़ा आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर के स्वामी मनोज छाबड़ा के पुत्र निहित छाबड़ा ने जेईई मेन्स में 99.61 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डिग्री कॉलेज रोड निवासी निहित छाबड़ा को यह सफलता दूसरे प्रयास में मिली है। इस उपलब्धि के बाद उनके परिवार में खुशी का माहौल है। निहित ने वर्ष 2025 में अलकेमिस्ट स्कूल से इंटरमीडिएट किया था। उसके बाद से जेईई मेन्स की तैयारी में जुटे हुए थे। उन्होंने घर पर ही रहकर ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई की और दूसरे प्रयास में जेईई मेन्स में उत्कृष्ट अंकों से सफलता प्राप्त कर लिया। वहीं निहित अब 17 मई को होने वाले जेईई एडवांस्ड परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं।

# राखी उत्तराखंड एसटी आयोग की सदस्य नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** ग्राम मोहम्मदपुर भूड़िया निवासी राखी देवी पत्नी सुभाष सिंह को उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया। थारू जनजाति समाज से उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग में सदस्य पद हेतु यह नियुक्ति राज्यपाल की सहर्ष स्वीकृति के बाद हुई है। इनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

# मंदिर समिति को साउंड सिस्टम स्पीकर भेंट किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रामनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रामनगर चिलकिया के शिव विहार कॉलोनी में मंदिर में पूजा अर्चना कर कॉलोनी वासियों को शिवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए सभी के लिए मंगल कामना की।इस अवसर पर उन्होंने मंदिर समिति को साउंड सिस्टम स्पीकर भेंट किया।

स्थानीय नागरिकों ने राकेश नैनवाल का आभार व्यक्त किया है और राकेश नैनवाल ने भविष्य में पुर्ण सहयोग देने की बात कही।राकेश नैनवाल ने ग्रामीणों को भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग देने की बात कही।राकेश नैनवाल ने कहा कि यह जनता की निःस्वार्थ सेवा पिछले 25 साल से करते आ रहे हैं।जनता का आशीर्वाद व स्नेह हमेशा ही उनकी ताकत रहा है।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेन्द्र सैनी ,प्रिंसिपल/सचिव वैदिक रूट्स पब्लिक स्कूल पीरूमदारा नीमा मेहता,लीला सोंत्याल ,योगेश खुल्बे ,ललित पाठक,सुरेश पाठक,भुवन पपनै, यशपाल पटवाल व कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

# सैकड़ों कांग्रेसियों ने की राजभवन घेराव में भागेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित राजभवन घेराव कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में रामनगर विधानसभा क्षेत्र के शहर, ब्लॉक एवं मालधन कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्पित सैकड़ों कांग्रेसजनों ने भागेदारी की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सरकार का पतन शुरू हो चुका है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और लोगों की भीड़ से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेंगी। उन्होंने कहा कि एकजुटता और जनहित के प्रति समर्पण ही कांग्रेस पार्टी की वास्तविक शक्ति है। इस सशक्त सहयोग ने लोकतंत्र की आवाज को बुलंद करने का कार्य किया है और जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को और अधिक मजबूत बनाया है। इस दौरान भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, ओमप्रकाश, भुवन पांडे, हरदीप सिंह, अनिल अग्रवाल खुलासा, मोहम्मद अजमल, मुनव्वर हुसैन, गिरधारी लाल, नजाकत अली, बाबर खान, मुनव्वर हुसैन, मुजाहिद सिद्दीकी, चांद खान, शेर खान, अनीस खान, मोहसिन खान, अनीश अहमद, कुबेर कदाकोटी, कैलाश उपाध्याय, ओमप्रकाश आर्यवंशी, पप्पू अधिकारी, कुबेर कडाकोटी, शकील अहमद, महेंद्र आर्य, खुर्शीद आलम, मोहसिन खान, मोहम्मद इमरान, अफाक हुसैन, सुमित तिवारी आदि मौजूद रहे।

# ई-ऑफिस अपनाने पर जिलाधिकारी सख्त

■ सभी विभागों को डिजिटल कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में ई-कार्यालय प्रणाली की समीक्षा हेतु बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को ई-कार्यालय कार्यप्रणाली अपनाने के सख्त निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने पारदर्शिता, दक्षता तथा डिजिटल प्रणाली को प्राथमिकता देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में जारी किए जाने वाले प्रत्येक पत्र के साथ अनिवार्य रूप से रसीद तैयार की जाए। सभी पत्र निर्धारित फॉर्मेट, उचित कार्यप्रवाह (Flow) एवं आधिकारिक मूवमेंट प्रक्रिया के अनुरूप तैयार किए जाएं। कार्यालय/विभाग के लोकल एडमिन को अधिक सक्रिय एवं प्रोएक्टिव भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए, विशेषकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण से संबंधित मामलों में। यथासंभव पत्रों अथवा ड्राफ्ट की प्रिंटिंग से बचते हुए उन्हें केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रेषित किया जाए बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया । जिलाधिकारी ने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समस्त विभागों द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है अथवा नहीं, इसकी सतत समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा नियमित रूप से इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि पत्राचार केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही किया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित विभागों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष नबीयाल, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र वर्मा सहित समस्त विभागों के कार्यालयाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाशिवपुराण कथा का भव्य समापन

■ हवन-पूजन व भंडारे के साथ गूंजा 'हर-हर महादेव'



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैनी स्थित प्राचीन बनखंडी मंदिर में आयोजित महा. शिवपुराण कथा का सोमवार को भव्य समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस मंदिर परिसर 'हर-हर महाद. `व' और 'बोल बम' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

ार्यक्रम के तहत रविवार को श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ महादीप दान किया गया। सैकड़ों दीपों की ज्योति से मंदिर परिसर आलोकित हो उठा। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया। आचार्यों के निर्देशन में यज्ञ में आहुतियां दी गईं। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने शिवमहिमा का श्रवण किया और कथा के समापन पर पूर्णाहुति दी गई। कथा आयोजकों ने बताया कि महाशिवपुराण कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा वाचक ने भगवान शिव की महिमा, भक्ति, त्याग और सदाचार का संदेश दिया। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंदिर समिति और क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के अंत में सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## एक नजर

# बाजपुर चीनी मिल मैदान में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' शिविर आज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्रवासियों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने के उद्देश्य से आज 18 फरवरी 2026 को बाजपुर के बाजपुर चीनी मिल मैदान में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में भाजपा नेता राजेश कुमार ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। राजेश कुमार ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो आम जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे तथा योजनाओं से संबंधित जानकारी और आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है, जिससे विकास कार्यों में गति आती है। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचें और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**भाजपा नेता राजेश कुमार ने लोगों से पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की**

# कैरियर गाइडेंस एवं विदाई समारोह का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंहटा में मंगलवार को बाल सखा परामर्श प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस, किशोरावस्था प्रबंधन, जीवन कौशल विकास, परामर्श एवं परीक्षा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक दिवसीय जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसी अवसर पर कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य धूम बहादुर सिंह चौहान एवं उप चिकित्सालय बाजपुर से पधारी मुख्य संदर्भदाता डॉ. आकांक्षा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता डॉ. आकांक्षा ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आत्मविश्वास, तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के भय को दूर करने, समय प्रबंधन की उपयोगिता, रुचि आधारित कैरियर चयन तथा विभिन्न व्यावसायिक अवसरों के संबंध में व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षण कार्यक्रम प्रभारी डी.आर. बाराकोटी ने सुसंगठित एवं प्रभावशाली ढंग से किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन कौशल, संवाद कला, आत्मविश्लेषण तथा लक्ष्य प्राप्ति की रणनीतियों पर प्रेरक विचार साझा किए।

विदाई समारोह के दौरान कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का वातावरण भावनाओं, उत्साह और भविष्य की नई आशाओं से सराबोर रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि विद्यालय परिवार सदैव उनके मार्गदर्शन के लिए तत्पर रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक दीपक शर्मा, सोमनाथ सिंह, राजकिशोर, अनिसुर रहमान, देवेंद्र सिंह, गीता यादव, देवेंद्र कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# गंगोलीहाट के खिरमाण्डे में लगा शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में न्याय पंचायत रिठायत के रामलीला मंच, खिरमाण्डे (विकासखण्ड गंगोलीहाट) में शि. विर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमा गोस्वामी, जिला विकास अधिकारी द्वारा की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में फकीर राम टम्टा विधायक गंगोलीहाट, नारायण राम आर्य दर्जा मंत्री) तथा ब्लॉक प्रमुख गंगोलीहाट विनोद प्रसाद सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों/ कार्मिकों की उपस्थिति रही।

शिविर में लगभग 320 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया तथा 388 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 120 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 96 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 24 शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से आगामी शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक नागरिक सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक कैम्प में स्वयं उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का अधिकतम संख्या में मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करें।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और सेना भर्ती की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पीएमश्री राजकीय इंटर कालेज दिगालीचौड़ में आयोजित एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम के तहत अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन की समन्वयक श्रीमती कुसुम जोशी ने छात्र-छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, ध्यान और योग के माध्यम से मन को शांत रखने, बोर्ड परीक्षाओं को उत्सव की तरह लेने, आत्मविश्वास बनाए रखने, सकारात्मक दृष्टिकोण और तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रेरक संवाद किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. सुधाकर जोशी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। द्वितीय सत्र में सूबेदार मेजर चंद्रशेखर जोशी ने विद्यार्थियों को इंडियन आर्मी थल, जल एवं वायु सेना में भर्ती के विभिन्न मार्ग अग्निवीर, एनडीए, सीडीएस, टेक्निकल व प्रोफेशनल एंट्री तथा नर्सिंग ऑफिसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरित किया।

# डायनेस्टी के 25 छात्रों ने पास की जेईई मेंस परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म खटीमा के 25 विद्यार्थियों ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जेईई मेंस परीक्षा पास की है। कृष जोशी 99.59, पुलकित जोशी 99.53, नवनीत जोशी 97.64, योगेश सिंह 97.40, दीपक भट्ट 95.23, आदित्य चंद 94.07, अक्षत कापड़ी 93.98, यामिनी जोशी 91.67, शिखर उपाध्याय 91.63, नमन भट्ट 91.48, कंचन डसीला 91.35, पल्लवी पाल 91.23, अमित पांडेय 91.01, सुमित बिष्ट 90.49, आस्था चंद 90.25, चिराग कापड़ी 90. 15, नितिन मौनी 89.77, विपिन सिंह 89. 29, ऋषभ तिवारी 88.04, बलवंत सिंह 86.17, भूपेश चंद 83.86, रोहन बोरा 83.81, सात्विक सिंह 81.86, आस्था भंडारी 80.03 तथा वेदांत राना ने 73.25 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खुशी का माहौल**

विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने समस्त अभिभावकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि से समस्त क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास हेतु अग्रसर है। वहीं विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, गायत्री भट्ट, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, अशोक जोशी,अरुण कुमार, मानवेन्द्र सिंह, उमेश सिंह, अजय यादव, अर्जुन बिष्ट,मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, कल्पना चंद, हेमलता बोरा, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली, लिंसी त्यागी, शिल्पा सक्सेना व विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु कामना की।

# उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 21 फरवरी से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं 2026 को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर 21 फरवरी से 20 मार्च तक चलने वाली परीक्षाओं के दौरान तहसील चम्पावत क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा सं. हता (ठछै) 2023 की धारा 163 लागू कर दी गई है।

**चम्पावत में 100 मीटर दायरे में धारा 163 लागू**

उप जिलाधिकारी अनुराग आर्या द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजकीय एवं अशासकीय इंटर कॉलेजों सहित कुल 10 परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखना अनिवार्य होगा। परीक्षा अवधि में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की बाधा न हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र करना, शोर-शराबा करना अथवा किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी ने अभिभावकों और आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा की शुचिता बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# वार्ड नंबर 2 व 4 में कबाड़ियों के अतिक्रमण से दुर्दशा

■ आमजन परेशान, स्कूली बच्चों का निकलना हुआ मुश्किल

■ बेखौफ कबाड़ी रोड से नहीं हटाते हैं गाड़ियां, हटाने की बात करने पर करते हैं बदतमीजी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वार्ड नंबर 2 तथा 4 में रोड पर कबाड़ियों का लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। कबाड़ी मनमानी तरीके से रोड पर गाड़ियां खड़ा कर देते हैं। जिससे दुर्दशा की स्थिति बनी हुई है। वहीं जाम की वजह से आमजन एवं स्कूली बच्चों का निकलना भी काफी मुश्किल हो गया है।

कबाड़ी रोड पर बड़ी-बड़ी गाड़ियां खड़ा करके रोड को अवरुद्ध कर देते हैं जिससे रोड पर पैदल चलने और अन्य वाहनों के निकलने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही दुर्घटना की भी काफी संभावना बनी रहती है। वहीं कबाड़ियों द्वारा लापरवाही बरतते हुए सड़कों पर शीशे के टुकड़े फेंक दिए जाते हैं जो काफी जोखिम भरा बना रहता है। अतिक्रमण के वजह से रोड पर घंटों पर लंबा जाम लगा रहता है और स्कूली बच्चों की गाड़ियां तथा अन्य आने जाने वाले वाहन भी घंटों सड़क पर खड़े होकर रोड खाली होने का इंतजार करते रहते हैं। जिसमें स्कूली बच्चों को काफी परेशानी होती है। वहीं स्कूल वाहन के ड्राइवर व अन्य लोग कबाड़ियों से रोड पर खड़ी गाड़ियों को जब हटाने की बात करते हैं तो कबाड़ी बदतमीजी और अभद्रता पर उतारू हो जाते हैं। वहीं रोड पर अतिक्रमण होने की वजह से अधिकांश स्कूली बस के ड्राइवर इस्लामनगर गोटिया जाने से कतराते हैं क्योंकि इन कबाड़ियों के वजह से हमेशा लंबा जाम लगा रहता है। वहीं अतिक्रमण के वजह से अधिकांश बच्चे स्कूल समय से नहीं पहुंच पाते हैं और बीमार व्यक्ति भी अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं।

# किसानों को राहत की सौगात: 2022-23 की लंबित अनुदान राशि हुई जारी

■ उद्यान विभाग ने बढ़ाई रफ्तार, एंटी-हेल नेट कार्य प्राथमिकता पर 50 प्रतिशत भुगतान जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं में लंबित पड़ी अनुदान राशि को निदेशालय स्तर से जारी कर दिया गया है। लंबे समय से भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे कृषकों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।

जिला उद्यान अधिकारी मोहित मल्ली ने बताया कि जिन किसानों के खेतों में एंटी-हेल नेट (ओलावृष्टि रोधी जाल) का कार्य आंशिक रूप से पूरा हुआ था या किसी कारण से शेष रह गया था, उन्हें अब प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि स्वीकृत धनराशि का 50 प्रतिशत भाग जारी कर दिया गया है, जबकि शेष भुगतान कार्य पूर्ण होते ही चरणबद्ध तरीके से किसानों को प्रदान किया जाएगा। विभाग द्वारा लाभार्थियों से सीधे समन्वय कर प्रक्रियाओं में तेजी लाई जा रही है, ताकि इसी माह सभी लंबित कार्य पूरे हो सकें। अधिकारियों के अनुसार एंटी-हेल नेट व्यवस्था से ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की प्रभावी सुरक्षा होगी। इससे न केवल उपज सुरक्षित रहेगी, बल्कि किसानों की आय में भी स्थिरता और मजबूती आएगी।

उद्यान विभाग की इस पहल को किसानों की आर्थिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जिला किसान यूनियन के अध्यक्ष नवीन करायत का कहना है कि देर सबेर विभाग द्वारा हेलनट उपलब्ध कराकर किसानों को राहत तो दी है लेकिन उनका यह भी कहना है कि उद्यान व कृषि की फसले तो प्रकृति अपने हिसाब से ही चलती हैं यदि समय से किसानों को खाद, बीज आदि सभी जरुरतें समय से मिल जाए तो किसानों की मेहनत रंग ले आती है। यदि बाती बुझने के बाद उसमें तेल डाला जाए तो उसको क्या लाभ मिलेगा ?

# आईटीबीपी से जुड़कर बदली तस्वीर



**पशुपालकों ने बकरी सप्लाई कर कमाए 3.54 लाख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** सीमांत जनपद चंपावत के पशुपालकों के लिए यह सौदा किसी वरदान से कम नहीं रहा। आईटीबीपी और पशुपालन विभाग के बीच हुए समझौते के तहत स्थानीय पशुपालकों ने 1183 किलोग्राम जिंदा बकरी की सफल सप्लाई कर 3 लाख 54 हजार 900 रुपये की शुद्ध आमदनी अर्जित की। यह पहल सीमांत क्षेत्र में पशुपालन को मजबूती देने और स्थानीय उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रही है। सीधे संस्थागत खरीद से पशुपालकों को बिचौलियों से मुक्ति मिली है और उन्हें अपने उत्पाद का उचित व लाभकारी मूल्य प्राप्त हुआ है। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और मानकों के अनुरूप बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और आईटीबीपी ने सख्त प्रबंध किए। बकरियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पशुपालन विभाग से डॉ. दीपक तथा आईटीबीपी के सेकेंड इन कमान डॉ. सूबे सिंह मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने प्रत्येक पशु की बारीकी से जांच कर गुणवत्ता सुनिश्चित की। तौल और गुणवत्ता मिलान के दौरान 'लाइन कमेटी' के सदस्य तथा आईटीबीपी की 'विजिलेंस टीम' भी तैनात रही, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और विश्वसनीय बनी रही। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वसुंधरा गर्ब्याल ने बताया कि इस प्रकार के एमओयू स्थानीय पशुपालकों के लिए स्थायी आय का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। आने वाले समय में ऐसे प्रयासों से सीमांत क्षेत्र की आर्थिकी को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# टनकपुर में जनता के बीच पहुंचा प्रशासन

■ गांधी मैदान में लगा समाधन शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत/टनकपुर।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारते हुए मंगलवार को गांधी मैदान में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत बहुउद्देश्यीय जनसेवा शि. विर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की। इस अवसर पर प्रशासनिक अमला स्वयं जनता के बीच पहुँचा और पेंशन, राशन कार्ड, आधार संशोधन, किसान पेंशन सत्यापन सहित विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पूर्ति तथा नगर पालिका सहित कई विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया।

शिविर में लगभग 250 से अधिक लोगों ने भागीदारी की। जनसुनवाई के दौरान कुल 92 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 48 का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तत्काल किया गया। इसके अलावा 35 पात्र व्यक्तियों का किसान पेंशन सत्यापन भी शिविर स्थल पर ही पूर्ण किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए जिलाधिकारी ने समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मनिहारगोठ की प्रधान शाहाना खातून ने जल निकासी की समस्या उठाई। विभिन्न बोर्ड सदस्यों ने पाइपलाइन एवं सीवर लाइन विस्तार की मांग रखी, जबकि स्थानीय नागरिक भुवन भट्ट ने आवासीय भवनों के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज विद्युत लाइनों से उत्पन्न खतरे की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही स्थानीय नागरिकों ने सरकारी निर्माण कार्यों में क्षेत्रीय श्रमिकों को प्राथमिकता देने का अनुरोध भी किया। जिलाधिकारी ने सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, नगर पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, उप जिलाधिकारी टनकपुर अनुराग आर्या, तहसीलदार जगदीश नेगी, अधिशासी अधिकारी ऋषभ उनियाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# आदर्श ग्राम पंचायत अमौली में स्वच्छता का संकल्प

■ होली पूर्णिमा तक चलेगा विशेष अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जनपद के आदर्श ग्राम पंचायत अमौली में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी रविंद्र गोस्वामी के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चन्द्र भट्ट, प्रकाश चन्द्र भट्ट, प्रमोद कुमार भट्ट, बब्लू भट्ट, कमल भट्ट, मयंक भट्ट, भूमा भट्ट, कविता देवी, दीपा भट्ट, लता भट्ट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सार्वजनिक स्थलों, रास्तों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान समस्त ग्रामवा. सियों ने यह संकल्प लिया कि स्वच्छता अभियान को होली पूर्णिमा तक निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि गांव को स्वच्छ, स्वस्थ और आदर्श बनाया जा सके।

ग्राम पंचायत अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे तो गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना कठिन नहीं है।

# जिला कोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

## सुबह 7.11 बजे आया ई-मेल, सवा 11 बजे बम फटने की धमकी, एहतियातन खाली कराया कोर्ट परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के जिला कोर्ट को मंगलवार को दोबारा बम से उड़ाने की धमकी से पूरे नैनीताल शहर में हड़कंप मच गया। सोमवार को मिली धमकी के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू ही की थी कि मंगलवार को एक और धमकी भरे मेल ने फिर खलबली मचा दी है। सूचना के बाद पुलिस ने कोर्ट परिसर खाली कराकर गेटों पर ताले जड़ दिए साथ कोर्ट परिसर में बारीकी से जांच की गयी। बता दें कि सोमवार को जिला कोर्ट के जिला जज की आधिकारिक ई-मेल पर कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद पूरे शहर में हड़कंप मचा हुआ था, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू ही की थी कि मंगलवार को दोबारा ई-मेल पर सुबह 7.11 बजे पर धमकी भरा मेल भेजा गया है जिसमें कोर्ट को ह्यूमन बम से उड़ाने की धमकी भी दी थी। मेल की सूचना के बाद कोर्ट परिसर में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा जिससे न्यायिक कार्य भी बाधित रहे, वहीं सूचना के बाद पुलिस बल, डॉग स्क्वॉयड व दम निरोधक दस्ता भी जांच में जुटे रहे। पुलिस ने परिसर व आसपास खड़े वाहनों की सघन चैकिंग की वहीं परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की भी चैकिंग की। वहीं परिसर में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



### मंगलवार को मिला यह ई-मेल

**नैनीताल।** जज साब! जज के चैंबर में आज सुबह 11.15 बजे 5 आरडीएक्स बम विस्फोट किए जाएंगे। कृपया जल्द से जल्द कोर्ट खाली करें! विस्फोट इस प्रकार होंगे सी-आरडीएस से बने 3 आरडीएस विस्फोटक बम (आईईडी) पहले ही परिसर के महत्वपूर्ण स्थानों पर रखे जा चुके हैं। दोपहर के भोजन के समय 1 या 2 सदस्य न्यायाधीश कार्यालय के निकट आएंगे और जैसे ही कयू शाखा.आईएसआई के सदस्य जो रिमोट कंट्रोल ट्रिगर लिए हुए हैं परिसर के 100 फीट के दायरे में आएंगे। आईईडी स्वत: ही फट जाएंगे। यदि किसी कारणवश वे सक्रिय नहीं होते हैं तो सदस्य स्वयं भवन के अंदर आएंगे और श्रीलंका के ईस्टर ऑपरेशन की तरह ही सभी कर्मचारियों के साथ खुद को भी उड़ा लेंगे। हम एक संदेश देना चाहते हैं और आपका न्यायालय फिलहाल सबसे आसान निशाना है। हम जिम्मेदारी लेते हैं और किसी भी कीमत पर अपनी आवाज सुनाना चाहते हैं! मेल के तहत इस बार हमले की जिमेदारी तमिल टाइगर ऑफ ईलम और पाकिस्तान आईएसआई द्वारा ली गई है।



### पुलिस ने एक और अज्ञात के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

**नैनीताल।** जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की दोबारा धमकी के बाद पुलिस और चौकन्नी हो गई है। कार्यालय लिपिक की दूसरी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला जज के आधिकारिक ई-मेल पर मिली सूचना व पुलिस की जांच के बाद कार्यालय लिपिक कमलेश जोशी ने तल्लीताल थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके ओर से प्रशासनिक कार्यालय में कंप्यूटर में न्यायालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी को 10 बजे लॉगिन किया गया। इस दौरान मेल पर एक धमकी भरा ई.मेल प्राप्त हुआ था। ईमेल में पांच आरडीएक्स बम जज के चेंबर में रखे होने की बात कही गई थी। साथ ही सवा 11 बजे बम फटने की बात कही थी। उन्होंने मेल की जांच कर मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरी ओर मामले में एसपी डा. जगदीश चंद्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 66 (एफ) व बीएनएस की धारा 351 (1) के तहत एक और प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है।

**शहर में चेकिंग अभियान--नैनीताल।** जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने कोर्ट परिसर के अलावा नैनीताल शहर में भी चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों व कई वाहनों की जांच की। वहीं लोगों से संदिग्धों की सूचना पुलिस को देने की भी अपील की है।

## 8.5 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार व्यक्ति को 5 साल का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट संजीव कुमार की अदालत ने 19 अक्टूबर 2018 को रामनगर में 8.5 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार व्यक्ति को 5 साल के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार रामनगर पुलिस ने 19 अक्टूबर 2018 को गढ़ीनेगी, कुंडा निवासी सिद्धार्थ उर्फ सोनू को 8.5 किलों गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पूजा साह ने कई गवाह व रिकार्ड कोर्ट में पेश किए। गवाहों के बयानों व पुलिस विवेचना के आधार पर कोर्ट आरोपी को गांजा तश्करी का दोषी ठहराते हुए उसे 5 साल के कठोर कारावास व 50 हजार रुपया अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

## पुलिस ने दो दिन में 302 के किए सत्यापन, 78 के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई

**नैनीताल।** जिले में आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाया। इसके चलते पुलिस ने दो दिन में 302 के सत्यापन और 78 के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की है। बता दें पुलिस महा. निदेशक उत्तराखंड की ओर से राज्य में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने व कानून व्यवस्था को सही करने के लिए वृहद सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जिले के विभिन्न आश्रमों, होम स्टे, हॉस्टल, प्रतिष्ठानों व शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत, प्राइवेट नौकरी, श्रमिक, किरायेदार तथा फ्लैट लेकर निवासरत अज्ञात, अपरिचित व संदिग्ध समेत विभिन्न प्रकार के आपराधिक कृत्यों में लिप्त, आपराधिक पृष्ठभूमि छिपाकर रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत एसएसपी नैनीताल डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर एक माह का सघन अभियान ऑपरेशन क्रैक डाउन शुरू किया गया है। सोमवार व मंगलवार को एसपी डा. जगदीश चंद्र व एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल के नेतृत्व में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने सोमवार व मंगलवार को कुल 90 होटल ढाबों को चेक किया। इसमें 302 लोगों के सत्यापन किए, अनियमितता पाए जाने पर 78 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में चलानी कार्रवाई की गई है।

## दी राज्य सरकार व बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति को हाई कोर्ट ने दी तीन हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2017 के बीच बद्री केदारनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए जारी फंड्स का दुरुप्रयोग करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार व बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति से तीन सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी अमित शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2017 के बीच बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिरो के जीर्णोद्धार के लिए फंड्स जारी हुआ था। इस फंड्स का दूरप्रयोग किया गया। इस फंड्स का उपयोग उन मंदिरो पर भी किया गया जो बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अंदर नहीं आते हैं। जनहित याचिका मे यह भी आरोप लगाया गया है कि कई कर्मचारियो की अवैध नियुक्तियां भी की गयी। जिसकी अनुमति नहीं ली गयी। अपने खास लोगों को मंदिर की सेवा मे रख लिया गया। जो कि नियमावली के विरुद्ध है। जनहित याचिका मे कोर्ट से प्रार्थना की गयी है कि मामले की जांच कराई जाए। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार व मंदिर समिति से जवाब प्रस्तुत करने को कहा था लेकिन अभी तक नहीं किया गया वहीं राज्य सरकार व मंदिर समिति ने कोर्ट से प्रार्थना कि की उन्हें जवाब पेश करने के लिए अतरिक्त समय दिया जाय। पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार व बद्रीकेदारनाथ मंदिर समिति से तीन सप्ताह मे जवाब पेश करने के आदेश दिए हैं।

## एक नजर

### भीमताल में वन विभाग ने पकड़ा तेंदुआ

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल नगर के जून स्टेट में मंगलवार की सुबह वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में कैद एक तेंदुए को विभाग ने रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा। दूसरी ओर अब एक तेंदुए के पकड़े जाने के बाद विभाग की ओर से अन्य तेंदुओं को पकड़ने के लिए पिंजरे और ट्रैप कैमरे लगाए हैं। मामले में नगर पालिका के पूर्व पालिकाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चनौतिया, भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट और चंदन नौगाई ने कहा कि क्षेत्र में बाघ की मूवमेंट भी बनी हुई है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से गश्त के साथ अन्य वन्य जीवों को पकड़ने की मांग की है। दूसरी ओर वन विभाग के डिप्टी रेंजर किशन भगत ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के बाद उसे रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है। उन्होंने कहा कि वन कर्मियों की टीम क्षेत्र में मुस्तैद रहेगी। उन्होंने लोगों से घरों से बाहर अकेले नहीं निकलने की अपील की है।

### रोटरी क्लब की शांति रैली कल को पहुंचेगी

**नैनीताल।** रोटरी क्लब नैनीताल के तत्वावधान में रोटरी पीस शांति कार रैली 19 फरवरी वीरवार को नैनीताल के डीएसए मैदान में आयोजित की जाएगी। बता दें रोटरी मंडल 3110 के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष राजेन विद्यार्थी के नेतृत्व में यह पीस कार रैली बरेली शहर से 18 फरवरी को रवाना हो कर पीलीभीत होते हुए रुद्रपुर पहुंचेगी वहां से 19 फरवरी को काशीपुर होते हुए रैली का सायं 3 बजे नैनीताल आगमन होगा। नैनीताल रोटरी क्लब के सदस्य अपने वाहन में अपराह्न 2.40 बजे बारापत्थर के समीप इस पीस कार रैली का स्वागत करने के पश्चात रैली में शामिल होकर डीएसए मैदान पार्किंग में आयेंगे। डीएसए मैदान में बरेली से पधारे सभी पीस कार रैली के सदस्यों का स्वागत शाम को 3.30 बजे भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के इंटरैटर्स द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात बैंड स्टैंड में छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा और इस कार रैली को सायं 5 बजे डीएसए मैदान पार्किंग से हल्द्वानी के लिए माल रोड होते हुए रवाना किया जाएगा।

### होटल गाइड के साथ पालिका ईओ ने की बैठक

**नैनीताल।** नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने मंगलवार को पालिका कार्यालय में होटल गाइडों के साथ बैठक की। गाइडों को निर्धारित सीमा अंतर्गत कार्य करने और पर्यटकों से अच्छा व्यवहार किए जाने के निर्देश दिए साथ ही समय से लाइसेंस रिन्यू कराने को कहा गया। वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय में 82 होटल गाइड पंजीकृत हैं जिनमें से बैठक में काफी कम संख्या में गाइड उपस्थित रहे जिस पर ईओ ने नाराजगी जताई और लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू किए जाने से पूर्व समस्त गाइडों का उचित सत्यापन किए जाने के निर्देश लाइसेंस अनुभाग को दिए और गाइडों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने और अवैध गाइडों के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

### देवभूमि, विनिंग एज की टीम ने जीते मुकाबले

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल खेल मैदान में चल रही कुंवर पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला कृष्णापुर ए और देवभूमि की टीम के बीच हुआ जिसमें देवभूमि की टीम ने चार विकेट से जीत हासिल की वहीं दूसरा मुकाबला विनिंग एज और एसॉल्टर इलेवन की टीम के बीच खेला गया जिसमें विनिंग एज की टीम ने 79 रन से मुकाबला अपने नाम किया।

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण हुई शुरू

**नैनीताल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं मंगलवार से नैनीताल में शांतिपूर्ण शुरू हो गई हैं। बता दें पहले दिन 12वीं एंटरप्रेन्योरशिप व 10वीं गणित का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नगर में 800 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। नैनीताल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के सिटी कॉर्डिनेटर हिल व बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने बताया कि नगर के सात विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से समबद्ध हैं। जिनमें बिड़ला विद्या मंदिर, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर, सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीजीआईसी और राधा चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय शामिल हैं। नगर में परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं जिनमें बिड़ला विद्या मंदिर, सेंट जेवियर और मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर शामिल हैं। दोनों कक्षाओं की परीक्षा एक पाली में संचालित की जा रही हैं, सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे के आयोजित की जा रही है।

### सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को भुगतान के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा अशासकीय डिग्री कालेज के सेवानिवृत प्रधानाचार्य चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों का तुरंत भुगतान करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी कर्मचारी से स्वास्थ्य योजना का अंशदान देरी से या एकमुश्त लिया गया है, तो सरकार इस आधार पर उसके इलाज का खर्च देने से इनकार नहीं कर सकती। यह मामला श्री गुरु राम राय डिग्री कालेज देहरादून के सेवानिवृत प्रिंसिपल विनय आनंद बौराई से जुड़ा है। वर्ष 2022 में सेवानिवृत होने के बाद वे गंभीर बीमारी की चपेट में आ गए और गुरुग्राम के निजी अस्पताल में उनका लंबा इलाज चला। इलाज के बाद उन्होंने 11,12,992 रुपये के मेडिकल बिलों की प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन किया जिसे सरकार ने तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए ठुकरा दिया था।

# डा. नरेन्द्र रावत फिर बने अध्यक्ष

## प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ नैनीताल का चुनाव सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ उत्तराखंड की नैनीताल शाखा की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु मंगलवार को बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल डा. हरीश पंत की अध्यक्षता एवं डायरेक्टर कुमाऊं मंडल डा. केके पांडे एवं पीएमएस डा. टीके टम्टा बीडी पाण्डे जिला चिकित्सालय नैनीताल के संरक्षण में जिला चिकित्सालय नैनीताल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद नैनीताल के पर्वतीय क्षेत्रों (नैनीताल, बेतालघाट, गरमपानी, भवाली, भीमताल, ओखलकांडा, रामगढ़, पदमपुरी, सुयालबाड़ी) के चिकित्सकों की उपस्थिति रही। बैठक की निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी डीएलएस मेहता द्वारा विधिवत संपादित की गई। निर्वाचन उपरांत सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर डा. नरेंद्र रावत को पुन: शाखा नैनीताल का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया जबकि सचिव पद पर डा. मणि भूषण पंत को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर डा. प्रियांशु श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष (पुरुष) पद पर डा. सुधांशु सिंह जबकि उपाध्यक्ष (महिला) पद पर डा. अभिलाषा पांडे का चयन किया गया। उपाध्यक्ष (दंत चिकित्सक) पद पर डा. तनुजा पाल निर्वाचित हुई वहीं संयुक्त सचिव पद पर डा. रोहित ग्रोवर का चयन किया गया। केंद्रीय प्रतिनिधि के रूप में डा. गणेश धर्मशतू का चयन संपन्न हुआ। जनपद प्रतिनिधि पद पर डा. अक्षय बिश्नोई निर्वाचित हुए वहीं मीडिया प्रभारी पद पर डा. मोनिका कांडपाल का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में अरुण कुमार टमटा, वरिष्ठ सर्जन डा. महिमन सिंह दुगताल, डा.सीके मिश्रा तथा डा. प्रशांत आली आदि डाक्टर भी मौजूद थे।



## आपदा से बचाव के तरीके बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** मंगलवार को 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) गदरपुर की टीम के द्वारा कालाढूंगी तहसील में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वाहिनी के सेनानी संतोष कुमार के निर्देशन और एनडीआरएफ टीम के इंस्पेक्टर अमलेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान तहसील कर्मियों एवं वन विभाग के कर्मचारियों को आपदा से बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। टीम ने रक्तस्राव रोकने की प्राथमिक तकनीक, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन), इंप्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाने की विधि, आग और बाढ़ से बचाव के उपाय, सांप के काटने पर प्राथमिक उपचार, बाहरी वायु मार्ग अवरोध (चोकिंग) की स्थिति में राहत देने के तरीके, भूकंप के समय सुरक्षा उपाय तथा पानी में डूबने से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम में तहसीलदार ईश्वर सिंह भीमा सहित हवलदार पूरन, शिवराज, अमर सिंह, सिपाही प्रदीप, धर्मेंद्र और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




# बोर्ड परीक्षाओं में तनाव न लें आंखों का भी रखें विशेष ख़याल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी है, जिसके चलते बच्चों में तनाव की स्थिति सामान्य रूप से देखी जाती है। परीक्षाओं के दौरान छात्रों पर अच्छे अंक लाने का मानसिक दबाव बढ़ जाता है। बच्चों का मानसिक तनाव दूर करने के लिए राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के मानसिक रोग विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. निकिता देउपा ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए है। डा. निकिता ने बताया कि अत्यधिक तनाव बच्चों के आत्मविश्वास, एकाग्रता और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। ऐसे में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। छात्र रात-रात भर पढ़ाई न करें तथा प्रतिदिन कम से कम 5-6 घंटे की नींद अवश्य लें। पर्याप्त नींद न लेने से दिमाग सही ढंग से कार्य नहीं करता और स्मरण शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सलाह दी कि परीक्षा के बीच में मिलने वाली छुट्टियों में भी पढ़ाई की नियमितता बनाए रखें। 3-4 दिन पढ़ाई न करके केवल परीक्षा से एक दिन पूर्व रात भर पढ़ाई करना मानसिक दबाव बढ़ा सकता है। यदि छात्र तनाव महसूस करें तो वे अपने अभिभावकों से अपनी भावनाएं साझा करें। संवाद तनाव कम करने में सहायक होता है। भोजन में प्रोटीन युक्त आहार को शामिल करें। पौष्टिक आहार, हल्का व्यायाम और योग तनाव कम करने में लाभकारी सिद्ध होते हैं। लगातार पढ़ाई करने के बजाय 1-2 घंटे बाद थोड़ा आराम करें। इस दौरान अपनी रुचि के अनुसार खेल, पेंटिंग, संगीत आदि गतिविधियाँ कर सकते हैं। पढ़ाई के दौरान फोन का अधिक उपयोग एकाग्रता में कमी ला सकता है, इसलिए इसका सीमित उपयोग करें।



## नाबालिग को स्कूटी देने पर सीज की कार्रवाई

**नैनीताल।** नैनीताल में लोगों की ओर से बिना डीएल व नाबालिग को स्कूटी देने पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। बिना डीएलए दस्तावेज व नाबालिग की ओर से ड्राइविंग करने पर तीन स्कूटी सीज की गई हैं। एसएसपी के निर्देश पर मंगलवार को तल्लीताल में पुलिस की ओर से चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस की ओर से वाहनों की चैकिंग की गई। इस दौरान एसआई सतीश उपाध्याय ने बिना डीएलए बिना दस्तावेज व नाबालिग की ओर से ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। तल्लीताल थाने के एसओ मनोज नयाल ने बताया कि बिना डीएल स्कूटी किराए पर देने पर तल्लीताल निवासी आशा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यूके 04 टीबी 7628 बिना दस्तावेज वाहन चलाने पर जुनैद के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यूके 04 एडी-20903 व नाबालिग को स्कूटी देने पर संत राम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यूके 04 एडी 1469 स्कूटी को सीज कर दिया है जबकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 12 के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## हाथी ने किसानों की फसल रौंदी

**कालाढूंगी।** आबादी में पहुंचा हाथी किसान की फसल को पैरों तले रौंदा। कालाढूंगी की ग्राम सभा चकलुआ के मुख्य बाजार के नजदीक हाथी मंगलवार की देर शाम को ही पहुंच गया और वहां मनमोहन बसेड़ा के खेत में जा पहुंचा जहां हाथी ने उनकी फसल को पैरों तले रौंद दिया बमुश्किल किसानों ने हाथी को सौर कर जंगल में खदेड़ा वही किसान मनमोहन बसेड़ा ने वन विभाग से हाथियों के आतंग से छुटकारा दिलाए जाने की मांग की है वहीं इस संबंध में जब वन विभाग से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि वन कर्मियों की गश्त बढ़ा दी जाएगी।

# प्राइवेट अस्पताल लूट का अड्डा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

धारी। हल्द्वानी चंदन अस्पताल वाले मामले मे बोलते हुये भीमताल विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता

### भीमताल विस के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज शर्मा गुस्से में

मनोज शर्मा ने बयान जारी कर कहा कि ये अस्पताल नहीं कसाई खाने हैं जिनमें अभद्र स्टाफ हैं। लगभग हल्द्वानी के सभी प्राइवेट अस्पताल लूट का अड्डा बने हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत और भाजपा के गणमान्य जिस चन्दन अस्पताल का उदघाटन करते हैं वहाँ ऐसी लूट ए ह्रदयविदारक हैं। शर्मा ने कहा कि सरकारी अस्तपाल पहले ही रेफर सेंटर बने हुए हैं। पूरी भीमताल विधानसभा के साथ ही पूरा पहाड़ इन कसाई खानो मे लूटने को मजबूर हैं ये अस्पताल बड़े शहरों के डीफोर्टर डाक्टरों के सहारे चल रहे हैं, ठेका ले रहे हैं किसी जान का ए मनोज शर्मा ने सरकार से मांग की कि इन कसाई खानो पर रोक लगाई जाय व सरकारी अस्पतालो में सुविधाएं मुहैया कराई जाए। फाइव स्टार होटलो की तर्ज पर बने ये अस्पताल हमारे पहाड़ को लूटने का काम कर रहे ए और वर्तमान भाजपा सरकार इस अस्पतालो को संरक्षण देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लगातार भीमताल विधानसभा का भ्रमण कर रहे है और देख रहे हैं कि पूरी भीमताल विधानसभा के अंदर के सरकारी अस्पताल खुद ही बीमार हैं तथा ज्यादा सुविधाएं तो छोड़िये ए टायलेट, बाथरूम तक इन सरकारी अस्पतालों में नहीं हैं जिसको जिम्मेदार क्षेत्रीय विधायक व सांसद हैं। मनोज शर्मा ने कहाँ कि भीमताल विधानसभा के अन्तर्गत सभी सरकारी अस्पताल बदहाल है और जनता की मजबूरी है प्राइवेट मे इलाज कराना जहाँ पहले ही लूट तंत्र बैठा है। शर्मा ने कहा कि मेरी भीमताल विधानसभा के अन्तर्गत सभी सरकारी अस्पताल खुद ही बीमार है। कहा कि प्रदेश मे सरकार नहीं माफियाओं का राज चल रहा है, हर क्षेत्र मे लूट पर लूट जारी है जनता त्रस्त है।



# अदालतों को मिल रहीं धमकियों पर आईजी ने अपनाया सख्त रुख

## कुमायूँ पुलिस को किया अलर्ट, न्यायालय परिसरों की सुरक्षा होगी चाक चौबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नैनीताल।** कुमायूँ परिक्षेत्र के अंतर्गत पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, बागेश्वर एवं नैनीताल जनपदों के न्यायालयों को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकियां मिलने की सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए कुमायूँ पुलिस ने तत्काल उच्चस्तरीय सतर्कता लागू करते हुए सभी जनपद प्रभारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशानुसार सभी न्यायालय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। न्यायालयों के प्रवेश द्वारों पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर स्थापित कराए गए हैं तथा हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर के माध्यम से प्रत्येक आगंतुक की गहन जांच सुनिश्चित की जा रही है। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा घेरा मजबूत किया गया है। बम निरोधक दस्ता एवं डॉग स्कॉड की टीमें नियमित रूप से न्यायालय परिसरों में सर्चिंग और एंटी सबोटाज चेकिंग अभियान चला रही हैं साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परिसर में आनेजाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर सतत निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध गति. विधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। निर्देशित किया गया है कि यदि किसी प्रकार की धमकी या संदिग्ध सूचना प्राप्त होती है तो बिना किसी अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न किए निर्धारित एसओपी एवं जनपद सुरक्षा योजना के अनुरूप न्यायालय परिसर को सुरक्षित रूप से खाली कराया जाए और त्वरित कार्रवाई की जाए। अफवाहों पर नियंत्रण के लिए मीडिया को समयबद्ध एवं तथ्यात्मक ब्रीफिंग देने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है तथा भय या भ्रम फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय अभिसूचना इकाइयों को सक्रिय कर महत्वपूर्ण सूचनाओं का संकलन किया जा रहा है। साथ ही धमकी भरे ई.मेल भेजने वाले अज्ञात व्यक्तियों की पहचान और ट्रेसिंग के लिए एसटीएफ के साथ समन्वय स्थापित कर विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। कुमायूँ पुलिस ने आमजन को आश्वस्त किया है कि स्थिति पूर्णत: नियंत्रण में है और न्यायालय परिसरों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जा रही है।



# उत्तराखंड बार काउंसिल का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड बार काउंसिल का चुनाव पूरे उत्तराखंड में मंगलवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गए। इस चुनाव के लिये प्रदेश भर में 31 पोलिंग बूथ बनाये गए थे जिनमें 14 हजार 809 अधिवक्ताओं को 23 सदस्यों के चुनाव हेतु मतदान करना था। इस चुनाव हेतु उत्तराखंड हाईकोर्ट में बने मतदान केंद्र में कुल 1303 अधिवक्ताओं में से 970 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। मतदान प्रक्रिया न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ पुलिस सुरक्षा के साथ हुई। प्रदेश भर से मतपत्र अब नैनीताल स्थित राज्य अतिथि गृह लाये जाएंगे और 20 फरवरी शुक्रवार से मतगणना शुरू होगी। मतगणना 4-5 दिन चलने की संभावना है । उत्तराखंड बार कौंसिल के प्रभारी सचिव विजय सिंह ने बताया कि प्रदेश के सभी मतदान स्थलों में मंगलवार को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव हुए। बताया कि मतदान केंद्रों से मत प्रतिशत के वास्तविक आंकड़े अभी बार काउंसिल ऑफिस में प्राप्त नहीं हुए हैं लेकिन अधिवक्ताओं ने चुनाव में बढ़ चढ़कर भागीदारी की। नैनीताल हाईकोर्ट में हाईकोर्ट व जिला कोर्ट के अधिवक्ताओं ने मतदान किया । यहां कुल 1303 अधिवक्ता मतदान के लिये पंजीकृत थे जिसमें से 970 अधिवक्ताओं ने मतदान किया।



## सड़क की बदहाली पर ग्रामीणों ने दिया धरना

**नैनीताल।** नैनीताल जनपद के अंतर्गत डौन परेवा क्षेत्र में ग्रामीणों ने सड़कों की खस्ताहाल स्थिति और सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को क्षेत्रवासियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार नैनीताल मनीषा बिष्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्षेत्र की सड़कों की हालत अत्यंत जर्जर है जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि खराब मार्गों में डामरीकरण किया जाए। धरने और ज्ञापन में दयाल सिंह प्रधान डौन परेवा, पीसी गोरखा पूर्व दर्जा राज्य मंत्री, संजय बोहरा जिला पंचायत सदस्य समेत कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी ( नैनीताल )**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी मो. जुबैर पुत्र मो. शफीक अहमद निवासी कालागी वार्ड नं. 5 पो.ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) द्वारा कालाढूंगी वार्ड नं. 5 में श्री मो. शाहिद पुत्र स्व. श्री अजीमुल्ला से एक दुकान क्रय की गयी है। जिसके पूरब में खुर्शीद अहमद का भवन, पश्चिम में सड़क उत्तर में सड़क, व दक्षिण में श्री मो. सुहेब की सस्ते गल्ले की दुकान स्थित है। जिसका गृहकर प्रार्थी मो. जुबैर अपने नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र शपथ पत्र व विक्रेता श्री मौ. शाहिद पुत्र स्व. श्री अजीमुल्ला का अनापत्ति का शपथ पत्र दिया गया है। उक्त दुकान का गृहकर करों की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार होने के दशा में मो. जुबैर पुत्री मो. शफीक अहमद के नाम हस्तान्तरण किया जाना है। नोट: यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद स्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# गावस्कर, कपिल समेत 14 कप्तानों की इमरान से बेहतर बर्ताव की अपील



● **14 हस्ताक्षर करने वाले कप्तानों ने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिंता जताई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सुनील गावस्कर और कपिल देव समेत 14 इंटरनेशनल कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से इमरान खान के साथ शारीरिक, मानसिक, पर्यावरण और यहां तक कि सामाजिक तौर पर भी बेहतर बर्ताव की जोरदार अपील की है। क्रिकबज समेत कुछ चुनिंदा मीडिया आउटलेट्स को जारी किया गया यह जॉइंट स्टेटमेंट, पूर्व वर्ल्ड कप विनिंग कप्तान की भलाई के लिए एक ऑफिशियल रिप्रेजेंटेशन है, जो जेल में बंद हैं और उनकी हेल्थ या सेफ्टी के बारे में कोई जानकारी मौजूद नहीं है। 14 साइन करने वालों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारत के पूर्व हेड कोच ग्रेग चैपल भी शामिल हैं।

अपनी एक पेज की रिक्वेस्ट में, उन्होंने कहा है कि हम पाकिस्तान सरकार से आदर के साथ रिक्वेस्ट करते हैं कि इमरान खान को ए मिलें। उनकी बताई गई हेल्थ प्रॉब्लम को ठीक करने के लिए उनकी पसंद के क्वालिफाइड स्पेशलिस्ट से तुरंत, सही और लगातार मेडिकल मदद। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के हिसाब से हिरासत में इंसानी और इज्जतदार हालात, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य रेगुलर तौर पर उनसे मिलते रहें। बिना किसी बेवजह देरी या रुकावट के कानूनी प्रोसेस तक सही और ट्रांसपेरेंट पहुंच। गावस्कर, कपिल और चैपल के अलावा, दूसरे साइन करने वालों में माइकल आथर्टन, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रेयरली , इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, डेविड गॉवर, किम ह्यूजेस, नासिर हुसैन, सर क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ, और जॉन राइट शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि उनकी हेल्थ से जुड़ी हालिया रिपोर्ट खासकर हिरासत में रहने के दौरान उनकी नजर में खतरनाक गिरावट और पिछले दो सालों में उनके जेल में रहने के हालात। पिछले डेढ़ साल ने हमें बहुत चिता में डाल दिया है।

उन्होंने लिखा कि साथी क्रिकेटरों के तौर पर, जो फेयर प्ले, सम्मान और इज्जत की वैल्यू को समझते हैं, जो हद से ज्यादा हैं, हमारा मानना है कि इमरान खान जैसे कद के इंसान के साथ वैसी ही इज्जत और बुनियादी इंसानी सोच होनी चाहिए जैसी एक पूर्व नेशनल लीडर और एक ग्लोबल स्पोर्टिंग आइकॉन के साथ होनी चाहिए। उन्होंने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिता जताई। उन्होंने बताया है कि कैसे इमरान को उनकी इंस्पायरिग लीडरशिप और क्रिकेट में योगदान के लिए पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। इमरान खान के खेल में योगदान की पूरी दुनिया में तारीफ होती है।

# पाक के लिए करो या मरो मुकाबला

**आज कोलंबो में भारत के दबाव के साथ उतरेगी पाक टीम, सुपर-8 की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नामीबिया को हराना होगा**




**कोलंबो/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान का करो या मरो वाला मुकाबला और दक्षिण अफ्रीका का शानदार दबदबा बुधवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में एक दिलचस्प मुकाबला पेश करेगा। जहां दक्षिण अफ्रीका क्वालिफिकेशन पक्की करके और मोमेंटम के साथ यूनाइटेड अरब अमीरात के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप डी मुकाबले में उतरेगा, वहीं पाकिस्तान कोलंबो में भारी दबाव में उतरेगा, उसे सुपर आठ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नामीबिया के खिलाफ जीत की जरूरत है। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका हर तरह से खिताब का दावेदार लग रहा है। तीन मैचों में तीन जीत ने उन्हें आराम से अगले स्टेज में पहुंचा दिया है। कप्तान एडेन मार्करम ने आगे बढ़कर लीड किया है, उन्होंने तीन पारियों में 150 रन बनाए हैं, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 गेंदों पर नाबाद 86 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। बॉलिंग अटैक ने बैटिंग की ताकत का मुकाबला किया है। लुंगी एनगिडी ने तीन मैचों में आठ विकेट लेकर खतरनाक प्रदर्शन किया है, जबकि मार्को यानसन और केशव महाराज ने अहम सफलताएं दिलाई हैं। यूएई के खिलाफ जीत की 97 प्रतिशत संभावना के साथ, प्रोटियाज अपनी टीम को रोटेट भी कर सकते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य ग्रुप स्टेज में बिना किसी गलती के जीत हासिल करना है। यूएई, जो पहले ही बाहर हो चुका है, ने अपने पिछले मैच में दम दिखाया। सोहैब खान ने अफगानिस्तान के खिलाफ 68 रन बनाकर टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार हाफ-सेंचुरी बनाई, लेकिन उनका 160/9 का स्कोर काफी नहीं था। हालांकि वे दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देना चाहेंगे, लेकिन गहराई और कंसिस्टेंसी में अंतर साफ दिखता है। इसके बिल्कुल उलट, कोलंबो के एसएससी क्रिकेट ग्राउंड पर नामीबिया के खिलाफ पाकिस्तान का शाम का मुकाबला कहीं ज्यादा अहम है। भारत से 61 रन की करारी हार ने 2009 की चैंपियन टीम को मुश्किल में डाल दिया है। एक और चूक जल्दी बाहर होने का कारण बन सकती है। अनुभव से भरी टीम के बावजूद, पाकिस्तान की बैटिंग खराब रही है। साहिबजादा फरहान 120 रन के साथ उनके रन चार्ट में सबसे आगे हैं, लेकिन टॉप पर इन कंसिस्टेंटनेस ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। पूर्व कप्तान बाबर आजम तीन मैचों में सिर्फ 66 रन ही बना पाए हैं, जबकि कप्तान सलमान अली आगा मिडिल ऑर्डर को संभालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत रही है, जिसमें कई योगदान देने वालों ने विकेट शेयर किए हैं, हालांकि शाहीन अफरीदी महंगे रहे हैं। कागज पर पाकिस्तान 93 परसेंट जीत की संभावना के साथ भारी फेवरेट बना हुआ है, लेकिन हालिया फॉर्म दबाव में कमजोर होने का संकेत देता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डुसान लाजोविच का रियो ओपन के अंतिम-16 में प्रवेश

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** सर्बियाई क्वालिफायर डुसान लाजोविच जर्मनी के सातवें सीड डेनियल अल्टमायर को 6-4, 7-6 (7) से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए। लाजोविक, जिन्होंने लकी लूजर के तौर पर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी, ने सोमवार को जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और दो मिनट में अपनी पहली सर्व पर 79 परसेंट पॉइंट जीते और नेट पर 14 में से 12 पॉइंट लेकर जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 54 अल्टमायर ने आठ एस मारे लेकिन 38 अनफोर्स्ड गलतियां कीं और अपनी दूसरी सर्व पर सिर्फ 39 परसेंट पॉइंट जीते। 129वीं रैंक वाले लाजोविच एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में चिली के टॉमस बैरियोस वेरा या इटली के माटेओ से भिड़ेंगे।

### पेगुला ने आखिरी 9 गेम जीते, राउंड ऑफ-16 में पहुंचीं

**दुबई, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 5 जेसिका पेगुला- जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार सेमीफाइनल रन के बाद आईं - ने डब्ल्यूटीए टूर पर मिडिल ईस्ट स्विग के पहले दो टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया, बल्कि ठीक होने के लिए यूनाइटेड स्टेट्स वापस चली गईं। नंबर 4 सीड होने के नाते, पेगुला को दूसरे राउंड के लिए बाई मिली थी , जहां वह मंगलवार को क्वालिफायर वरवारा ग्राचेवा पर 6-4, 6-0 की रूटीन जीत में निश्चित रूप से तरोताजा और हावी दिखीं। पेगुला को तीसरे राउंड में आगे बढ़ने के लिए सिर्फ 70 मिनट लगे और अब इवा जोविक और डायना नैडर के विनर का इंतजार है। पेगुला ने जीत के बाद कहा कि अच्छा लग रहा है। किसी स्लैम का इतना अच्छा रिजल्ट आने के बाद, और पहले हफ्ते, वापस खेलना और पिछले हफ्ते स्किप करना यह हमेशा थोड़ा अजीब लगता है।

# आयरलैंड पर टिकी है ऑस्ट्रेलिया की सुपर-8 की किस्मत

● **ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल टीम चौराहे पर खड़ी है उनकी सुपर-8 की किस्मत आयरलैंड व जिम्बाब्वे के सहारे**




**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है, लेकिन आज स्क्रिप्ट हाई ड्रामा जैसी लग रही है - ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल क्रिकेट टीम चौराहे पर खड़ी है, उनकी सुपर 8 की किस्मत सिर्फ उनके अपने बल्ले से नहीं, बल्कि आयरलैंड और जिम्बाब्वे की किस्मत से जुड़ी है।

जब बड़ी टीमें आगे की बजाय बगल से देखने लगती हैं, तो आप समझ जाते हैं कि कहानी चूल्हे पर ज्यादा देर तक रखे चावल की तरह गाढ़ी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया, चोटिल लेकिन सांस लेते हुए, एक मैथमेटिकल भूलभुलैया में फंस गया है। एक जीत, दो हार, और एक नेट रन रेट जो हल्का सा 0-414 पर मुस्कुरा रहा है - यह किसी चैंपियन का अकड़ नहीं है, यह एक ऐसी टीम का रस्सी पर चलना है जो खाई को देख रही है।

ओमान के खिलाफ उनका आखिरी लीग मुकाबला अब सिर्फ एक मैच नहीं है, यह एक बचाव मिशन है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट यह है। ओमान पर जबरदस्त जीत भी शायद काफी न हो। कंगारू को नाचने से पहले बैगपाइप बजाना होगा। आयरलैंड को जिम्बाब्वे को हराना होगा। उस आयरिश बगावत के बिना, ऑस्ट्रेलिया का कैंपेन तूफान में मोमबत्ती की तरह बुझ जाएगा। इस बीच, श्रीलंका ने अब तक अपने तीनों मैच जीतकर छह पॉइंट्स के साथ सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। रविवार रात, मेजबान टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया, जिसमें पथुम निसंका की शानदार सेंचुरी ने ग्रुप स्टेज में उनके शानदार प्रदर्शन को दिखाया। जिम्बाब्वे चार पॉइंट्स के साथ टेबल में सबसे ऊपर है और उसका नेट रन रेट 1-984 है। यह नंबर सिर्फ हिसाब-किताब नहीं है - यह एक किला है। अगर वे आयरलैंड को हरा देते हैं, तो ऑस्ट्रेलिया के लिए दरवाजा बंद हो जाएगा। अगर वे हार जाते हैं, तो नेट रन रेट महाभारत शुरू हो जाएगी - एक तीन-तरफा मुकाबला जहां हर रन, हर बचा हुआ ओवर, हर बाउंड्री एक खंजर या ढाल बन जाती है। ऑस्ट्रेलिया के लिए, अब यह जीतने के बारे में नहीं है - यह बड़ी जीत के बारे में है। इंच से नहीं, बल्कि मीलों से। पहाड़ खड़ा करो या बिजली की तरह पीछा करो। ओमान को कोल्हू में गन्ने की तरह निचोड़ो। क्योंकि एनआरआर के कोर्टरूम में, दया की कोई अपील नहीं है। विडंबना यह है कि यह काव्यात्मक है।

# सुपर-8 का अभ्यास करने उतरेगा भारत

● **आज नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच**

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब आप आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप जैसा टूर्नामेंट खेलते हैं, तो दो तरह के मैच होते हैं। एक वो जिसमें जिंदा रहना दांव पर होता है। दूसरा वो जिसमें स्टैंडर्ड तय होते हैं। बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच साफ तौर पर दूसरी कैटेगरी में आता है।

भारत पहले ही सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर चुका है। तीन मैच, तीन पक्की जीत। काम अच्छे से, लगभग क्लिनिकली किया गया है। लेकिन अगर दशकों से महान टीमों को देखने से आप एक बात सीखते हैं, तो वह यह है - वे कभी स्विच ऑफ नहीं होतीं। क्वालिफिकेशन फिनिश लाइन नहीं है( यह सिर्फ चेकपॉइंट है। इस भारतीय टीम ने कमाल का बैलेंस दिखाया है। टॉप ऑर्डर में इरादा है, मिडिल ऑर्डर में मैच्योरिटी है, और बॉलिंग में वैरायटी है। पिछले मैच में, ईशान किशन की 40 गेंदों पर 77 रन की शानदार पारी ने माहौल बना दिया। यह बिना सोचे-समझे हिटिंग नहीं थी, यह सोची- समझी आक्रामकता थी। यही एक अच्छी पारी को एक महान पारी से अलग करता है। सूर्या बीच के ओवरों में शांत रहते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी भारत को टी-20 क्रिकेट में बहुत जरूरी फिनिशिंग देते हैं। टीम मैनेजमेंट के लिए अच्छी बात गहराई होगी। अगर एक या दो बैट्समैन फेल भी हो जाते हैं, तो भी भरपाई के लिए काफी फायरपावर है। बॉलिंग यूनिट शायद और भी शानदार रही है। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने मिलकर अब तक टूर्नामेंट में 12 विकेट लिए हैं। जो बात सबसे अलग है, वह है उनका कंट्रोल। वे सिर्फ विकेट नहीं ढूंढते वे प्रेशर बनाते हैं। और प्रेशर, खासकर टी-20 क्रिकेट में, गलतियां करने पर मजबूर करता है।

ऐसी चर्चा है कि जसप्रीत बुमराह को सुपर 8 स्टेज के लिए फ्रेश रखने के लिए आराम दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो इससे भारत बहुत कमजोर नहीं होगा। यह सिर्फ बेंच स्ट्रेंथ को टेस्ट करेगा। जो टीमें टूर्नामेंट में गहराई तक जाती हैं, उन्हें अक्सर 14 या 15 प्लेयर्स की जरूरत होती है, न कि सिर्फ आम ग्यारह की। नीदरलैंड्स के लिए, सिचुएशन बिल्कुल अलग है। अमेरिका से भारी हार के बाद, वे खुद को मुश्किल स्थिति में पाते हैं।

# होबार्ट लेग को भारतीय टीम घोषित

**एफआईएच प्रो लीग**

● **भारतीय हॉकी टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी**




**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट लेग के लिए 24 सदस्यों वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान किया। यह टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी। आने वाले लेग में भारत स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला करेगा, जो एक हाई-इंटेंसिटी मुकाबला होने की उम्मीद है। राउरकेला लेग पूरा करने के बाद, जहां भारत का सामना बेल्जियम और अर्जेंटीना से हुआ था, टीम अब होबार्ट में फिर से इकठा होकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। टीम में अनुभव के साथ युवा टैलेंट का मेल है, क्योंकि टीम का मकसद मजबूती से वापसी करना है। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 गेम्स में दो बार के ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट, अनुभवी मिडफील्डर हार्दिक सिंह को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। हरमनप्रीत सिंह पर्सनल कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे। राउरकेला लेग के दौरान सीनियर टीम में डेब्यू करने वाले युवा खिलाड़ी अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह ने टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। सूरज और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार गोलकीपिग की जिम्मेदारी संभालेंगे। डिफेंस में अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित जैसे अनुभवी नाम हैं, साथ ही होनहार युवा खिलाड़ी अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच और पूवन्ना चंदुरा बॉबी भी हैं।

**मिडफील्ड की** कमान कप्तान हार्दिक सिंह के साथ संजय, विवेक सागर प्रसाद और राज कुमार पाल संभालेंगे। उन्हें राजिदर सिंह, मनमीत सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह और विष्णु कांत सिंह का साथ मिलेगा।

**फॉरवर्ड लाइन** में जाने-माने अटैकर मंदीप, अभिषेक और शिलानंद लाकड़ा शामिल हैं। मनिदर सिंह टीम में वापस आए हैं, जो हीरो एशिया कप 2022 और एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले एडिशन में खेल चुके हैं।

# भारत 43 पदकों के साथ तालिका में टॉप पर

**दुबई, वार्ता।** भारत ने शुरुआती दुबई 2026 ग्रां प्री- 17वीं फाजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप- में शानदार प्रदर्शन किया, और कुल 43 मेडल के साथ मेडल टेबल में टॉप पर रहा, जिसमें 16 गोल्ड मेडल, 13 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। कोलंबिया और केन्या ने अपने 20-20 मेडल में से 11 और 6 गोल्ड मेडल के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि मेजबान यूएई सीजन के पहले वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 31 मेडल में से 6 गोल्ड के साथ चौथे स्थान पर रहा। भारत के लिए, जो नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अगला डब्ल्यूपीए ग्रां प्री होस्ट करेगा, उसके एथलीटों के लिए सीजन की शुरुआत कॉन्फिडेंस के साथ करना जरूरी था, और उन्होंने दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन ग्राउंड पर ठीक वैसा ही किया। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल पुरुषों की जेवलिन थ्रो64 में गोल्ड के साथ अपने पसंदीदा मैदानों में से एक पर लौटे, जबकि उनके साथी थ्रोअर और पेरिस 2024 के गोल्ड मेडलिस्ट नवदीप (पुरुषों की जेवलिन थ्रो41) और धर्मबीर नैन (पुरुषों की क्लब थ्रो 51) ने भी दुबई में जीत के साथ सीजन की शुरुआत की। उनके साथ पेरिस 2024 की डबल ब्रॉन्ज मेडलिस्ट प्रीति पाल भी थीं, जिन्होंने महिलाओं की 100मी और 200मी टी35 इवेंट्स में क्रमशः गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीते। दुबई में उनके मेडल ने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स के बाद उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन को और पक्का कर दिया।


## कार्यालय, सहायक अभियन्ता (चतुर्थ) ग्रामीण निर्माण विभाग, उपखण्ड भीमताल।

पत्रांक: 40/ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025-26 | **अल्पकालीन निविदा सूचना** | दिनांक: 13-02-2026

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न निर्माण कार्यो की मुहरबन्द निविदा दिनांक 26-02-2026 के अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड कार्यालय नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय, दिनांक 25-02-2026 को सांय 04:00 बजे तक ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि जिनके हस्ताक्षर ठेकेदार द्वारा प्रमाणित किये गये हों, को निविदा मूल्य लेखाशीर्षक 0515008000100 एवं जी0एस0टी0 की धनराशि (CGST+SGST) जी0एस0टी0 नम्बर 05AAAGE0687E1ZR में ऑनलाईन जमा कर ई चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर प्रखण्ड कार्यालय ग्रामीण निर्माण विभाग, नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित लाख रू0 | धरोहर धनराशि लाख रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा की बैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| उपखण्ड चतुर्थ स्तर पर आमंत्रित निविदा | | | | | | | |
| 01 | बसगाँव तवालेख मोटर मार्ग के अंतिम छोर पाठक बैण्ड से महलधार अगासखान, कामड़ तक ग्रामीण सड़क का अनुरक्षण कार्य। | 3.55 | 7,100.00 | नि0मू0 रू0 500.00 + GST रू0 90.00 | 02 माह | 45 दिन | श्रेणी 'ई0' एवं उच्चतर (भवन/मार्ग निर्माण) |
| 02 | रातीघाट बेतालघाट मोटर मार्ग से ग्राम गैरखाल तक ग्रामीण मोटर मार्ग में सुरक्षा दीवार का पुनर्निर्माण कार्य। (फेज 1) | 4.10 | 8,200.00 | नि0मू0 रू0 500.00 +GST रू0 90.00 | 02 माह | 45 दिन | श्रेणी 'ई0' एवं उच्चतर (भवन / मार्ग निर्माण) |
| 03 | रातीघाट बेतालघाट मोटर मार्ग से ग्राम गैरखाल तक ग्रामीण मोटर मार्ग में सुरक्षा दीवार का पुनर्निर्माण कार्य। (फेज-2) | 3.67 | 7500.00 | नि0मू0 रू0 500.00 + GST रू0 90.00 | 02 माह | 45 दिन | श्रेणी 'ई0' एवं उच्चतर (भवन / मार्ग निर्माण) |

नोट:- 1- संबंधित फर्म एवं ठेकेदार को जी0एस0टी0 संबंधी अद्यतन अदेय प्रमाण पत्र (No due certificate) संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो क्षेत्राधिकार कर प्राधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा। इस निविदा हेतु GSTR-3B मान्य नहीं होगा।
2- निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा की शर्तो की जानकारी प्रखण्ड /उपखण्ड कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में प्राप्त करना अनिवार्य होगा, निविदा के शर्तो के अनुरूप ही कमेटी द्वारा निविदा स्वीकार की जायेगी।

**सहायक अभियन्ता तृतीय**
ग्रामीण निर्माण विभाग, उपखण्ड हल्द्वानी।



## कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।

Phone No- 05965/230375- Fax No. 230180 Email- dfo.champawat@rediffmail.com

पत्रांक: 3657/4-36, चम्पावत | दिनांक- 17-2-2026

### वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु अपील

**1- वनाग्नि सुरक्षा हेतु निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दें तथा वनों की सुरक्षा में सहभागी बनें-**

- यदि किसी वन क्षेत्र में आग दिखाई दें तो तुरन्त इसकी सूचना निकटस्थ वन कर्मचारी या वन विभाग के रेंज कार्यालय अथवा निकटवर्ती वन अग्नि सुरक्षा केन्द्र में दें।
- वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आग बुझाने में मदद मांगने पर सहायता प्रदान करें। यदि अग्नि छोटी मात्रा में हो या दुर्घटनावश लग गयी है तो उसे तत्काल बुझा दें।
- वन क्षेत्रों के समीप खेतों, आवासीय भवन, बगीचें, गोशाला, पेट्रोल पम्प आदि स्थानों की कम से कम 5-10 मीटर की परिधि में ज्वलनशील पदार्थ की सफाई करें।
- यदि आप किसी को वनों में आग लगाते देखते हैं तो उसे रोकें तथा उसकी रिपोर्ट निकटवर्ती वन चौकी/ पुलिस थाने में दें। भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत वनों में आग लगाना दण्डनीय अपराध है।
- आरक्षित, सिविल एवं पंचायती वनों में आग लगाने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में सूचना देने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत किया जायेगा तथा उसकी जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।

**2- वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु निम्न सावधानी बरतें-**

- जलती सिगरेट, बीडी या दिया-सलाई वन क्षेत्रों में ना फेंके। लापरवाही से फेंकी गयी एक दिया सलाई से आग लगने पर अनेकों पेड़-पौधे एवं वन्यजीव नष्ट हो जाते हैं।
- जानवरों की घास के लिए वन क्षेत्रों में आग न लगायें, इससे कालान्तर में वनों को नुकसान होने की सम्भावना रहती है।
- शादी एवं विभिन्न समारोहों के दौरान पटाखे छोड़ने से वनों में आग लगने की सम्भावना रहती है। अतः वनों के समीप पटाखों का प्रयोग न करें।
- पिकनिक के समय खाना बनाने के बाद जलती आग न छोड़ें इसे भली-भाँति बुझाकर ही जायें।
- अपने खेतों में आड़े सुबह के समय ही जलायें तथा आड़े जलाने से पूर्व निकटस्थ वन चौकी को सूचित करें।
- व्यक्तिगत रंजिश या शरारत से प्रेरित होकर वनों में आग लगाकर राष्ट्रीय वन सम्पदा की क्षति न करें।

**3- वनाग्नि घटित होने पर क्या करें -**

- नजदीकी वनाग्नि क्रू-स्टेशन को सूचित करें।
- जब तक वन विभाग के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुँचते तब तक स्थानीय लोगों को एकत्र कर सावधानीपूर्वक अग्नि को नियंत्रित करने का प्रयास करें।
- मानव एवं पशुधन आदि की सुरक्षा सर्वप्रथम करें।
- घटना स्थल पर पड़ी ऐसी चीजों को हटाने का प्रयास करें, जिससे आग फैलने का खतरा हो।

**4- वनाग्नि सूचना हेतु महत्वपूर्ण दूरभाष नम्बर निम्न प्रकार हैं-**

| | |
|---|---|
| प्रभागीय मास्टर कन्ट्रोल रूम 05965-230180 | आपदा प्रबन्धन चम्पावत 05965-230819 |
| वन क्षेत्राधिकारी चम्पावत- 9412100413 | वन क्षेत्राधिकारी काली कुमाऊँ- 9410948155 |
| वन क्षेत्राधिकारी भिंगराड़ा- 9368870936 | वन क्षेत्राधिकारी बूम- 9045955667 |
| वन क्षेत्राधिकारी लोहाघाट- 9690822778 | वन क्षेत्राधिकारी लीसा डिपों टनकपुर- 9368530749 |
| वन क्षेत्राधिकारी दोगाडी- 9410906342 | वन क्षेत्राधिकारी देवीधूरा- 9412930239 |

**आशुतोष सिंह,** आई.एफ.एस.
प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।

**मनीष कुमार,** आई.ए.एस.
जिलाधिकारी,
चम्पावत।

## भगवानपुर पुलिस ने किया रविदास आश्रम के महंत की गुमशुदगी का खुलासा

# पत्नी से संबंधों के चलते पति ने कुल्हाड़ी से काट डाला

**❖शव बरामद, हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, मोबाइल समेत आरोपी दंपति व उसका भाई गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** 10 फरवरी 2026 को ग्राम मोहम्मद बेगपुर उर्फ टकाभरी निवासी श्याम सिह ने कोतवाली भगवानपुर में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि रविदास आश्रम में निवासरत महात्मा बृजेश दास दिनांक 05/02/2026 बिना बताये कहीं चले गए हैं और तब से उनका कोई अता-पता नही है। प्रार्थनापत्र के आधार पर कोतवाली भगवानपुर पर गुमशुदगी क्रमाक 02/02026 पंजीकृत की गई। पड़ताल में मिली महत्वपूर्ण लीड-गुमशुदा बृजेशदास की तलाश में जुटी थाना भगवानपुर व सीआईयू रुड़की की संयुक्त पुलिस टीम ने विभिन्न सुरागों के आधार पर जानकारी जुटाई तो सामने आया कि गुमशुदा बृजेश दास बागपत निवासी एक महिला के संपर्क में था तथा अंतिम बार भी उक्त महिला से ही मोबाइल नंबर के जरिए बात हुई थी।



पूछताछ में खुला चिट्ठा-सामने आयी जानकारी के मुताबिक जब पुलिस टीम ने उक्त महिला व उसके पति से गंभीरता से पूछताछ की तो महिला ने बताया कि पुराना परिचित होने व रिश्तेदारी में आने के चलते गुमशुदा बृजेश दास का अक्सर उसके घर पर आना जाना था। इस बीच बृजेश द्वारा अक्सर मानसिक व वित्तीय तौर पर परेशान किए जाने व अनावश्यक दबाव डालने पर महिला ने दिनांक 05.02.2026 को कॉल कर बृजेश दास अपने घर पर बुलाया जहां योजना के मुताबिक घर पहुंचे महिला के पति ने कुल्हाडी से वार कर बृजेश दास की हत्या कर दी। हत्या के बाद हत्यारोपी और उसके भाई ने रात के अंधेरे में शव और मोटर साईकिल कृष्णा नदी में बहा दिए। सबूतों को किया आग के हवाले-कत्ल की इस वारदात को छिपाने के लिए हत्यारोपियों ने मृतक का मोबाईल फोन, बिस्तर पर लगी चादर, गद्दा, मृतक के कुछ कपड़े व शव लपेटने के लिए इस्तेमाल की गई चादर को आग लगाकर नष्ट करने का भी प्रयास किया। निशांदेही पर शव व कुल्हाड़ी बरामद-हत्यारोपियों की निशांदेही पर पुलिस टीम ने नदी के किनारे से गुमशुदा महंत बृजेश दास का शव बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस टीम ने भूसे के ढ़ेर मे छिपाकर रखी गयी कुल्हाड़ी, मृतक के मोबाइल के अधजले पार्टस/बैटरी, मृतक के जलाये कपडों की राख आदि बरामद की गई। विवरण आरोपित-संजीव पुत्र स्व0 रामपाल निवासी ग्राम गांगनौली थाना दोघट जिला बागपत उ0प्र0-महिला पत्नी संजीव निवासी उपरोक्त-जोगेन्द्र पुत्र स्व0 रामपाल वर्तमान निवासी सोनीपत हरियाणा पुलिस टीम थाना भगवानपुर-प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण- उ0नि0 नीरज रावत-उ0नि0 बालाराम जोशी-अ0उ0नि0 मनोज कुमार- कानि0 संजीव यादव-का0 उवैदउल्लाह आदि शामिल रहे।

## गंगनहर के किनारे मिला अज्ञात शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर में गंग नहर के किनारे स्थित एक बाग में 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से पुलिस को शव के पास ही एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। मोटरसाइकिल के आधार पर मृतक की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस आसपास के गांवों के लोगों से संपर्क कर शव की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है।मंगलौर सीओ अभिनय चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

## कलियर में दर्दनाक सड़क हादसा, 48 घंटे में दूसरी बड़ी टक्कर, एक युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांवड़ पटरी मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। स्कूटी और मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दियास

जानकारी के मुताबिक कांवड़ पटरी मार्ग पर दो दोपहिया वाहन अचानक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में प्रशांत शुक्ला (निवासी सिद्धार्थ एनक्लेव, रामनगर रुड़की) और गुलशन (पुत्र देशराज, निवासी पूरनपुर, राजपुर कोतवाली रानीपुर) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी ,सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रशांत शुक्ला की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें रुड़की के सरकारी अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी है। दूसरे घायल गुलशन की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और स्कूटी को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी विस्तृत पड़ताल की जा रही है। प्रारंभिक आशंका तेज रफ्तार या लापरवाही की जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। गौरतलब है कि इससे पहले 7 फरवरी की देर शाम इसी थाना क्षेत्र के बेडपुर चौक के पास ईंट-भट्टे के समीप भी एक भीषण हादसा हुआ था।

## सेंट मार्क्स में हर्षोल्लास से आयोजित हुआ पुरस्कार समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दिल्ली रोड स्थित सेंट मार्क्स अकादमी, सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक अकादमिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मधुराका सक्सेना (पूर्व प्राचार्या, एस.एम.जे.एन. पी.जी. कॉलेज रुड़की) एवं रोटरी क्लब रुड़की की अध्यक्ष रीना सैनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के निदेशक कुवर जावेद इकबाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने छात्रों को वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

निदेशक ने बताया कि वर्ष 2000 में स्थापित विद्यालय आज 25 वर्षों का सफल सफर तय कर एक मजबूत संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने विद्यालय के पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि शुभम चौधरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुडो खिलाड़ी हैं तथा संदीप पाल जिम्नास्टिक के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। हालांकि खेल प्रदर्शन के दौरान संदीप पाल दुर्घटना का शिकार हो गए, जिनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रिया अग्रवाल ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि प्रधानाचार्या अजरा जावेद ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती वंदना, ब्लूमिंग स्टार डांस, राजस्थानी एवं पंजाबी नृत्य प्रमुख आकर्षण रहे, जिनसे उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। अंत में छात्र-छात्राओं को अकादमिक पुरस्कार एवं स्पोर्ट्स अवॉर्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रिया अग्रवाल, शालिनी सक्सेना एवं फिरदौस खान के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीनियर रोटेरियन सुभाष सरीन, प्रो. राजेश चंद्र, वीरेंद्र जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## मेजर जनरल समीर भल्ला ने किया एनसीसी ग्रुप मुख्यालय का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मेजर जनरल समीर भल्ला, अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड, देहरादून द्वारा एनसीसी ग्रुप मुख्यालय भ्रमण के क्रम में 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की का भ्रमण किया गया जहाँ उनका स्वागत ब्रिगेडियर प्रभात भंडारी व लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार सिंह द्वारा किया गया। वाहिनी के कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अतिथि के भ्रमण का शुभारंभ किया। कमान अधिकारी द्वारा बटालियन की कार्य प्रणाली के बारे में अपर महानिदेशक महोदय को जानकारी दी गई जिसके उपरांत जनरल ऑफिसर द्वारा बटालियन के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए कैडेट्स के लिए उच्चतम प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का आवाहन किया गया । अपने उद्बोधन में उन्होंने एनसीसी कैडेट्स से अनुशासन और आचरण के उच्चतम मानकों के साथ-साथ चरित्र परिपक्वता और निस्वार्थ सेवा के उच्चतम गुणों का पालन करने, क्षेत्र, जाति और पंथ की बाधाओं को पार करते हुए सौहार्द और टीमवर्क बनाए रखने का आवाहन किया । उन्होंने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य कैडेट्स में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनके मूल्य प्रणालियों को गहरा करना और हमारे देश के समृद्धि , संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना है।

## छह दिन बाद मिला आईआईटी छात्र का शव

### गंगनहर में पैर फिसलने से आशीष शुक्ला हो गया था लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की से एक बेहद दुखद और महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। गंग नहर में डूबकर लापता हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के छात्र आशीष शुक्ला का शव छह दिनों की लगातार तलाश के बाद मंगलवार सुबह बरामद कर लिया गया। यह बरामदगी मोहम्मदपुर झाल क्षेत्र के पास से हुई, जहां पिछले कई दिनों से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, छात्र के लापता होने के बाद पुलिस प्रशासन ने तत्काल व्यापक स्तर पर खोज अभियान शुरू किया था। इस अभियान में स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आपदा नियंत्रण टीमों और अन्य राज्यों से बुलाए गए प्रशिक्षित गोताखोरों ने भी हिस्सा लिया। दिन-रात चले इस ऑपरेशन में तेज धारा और गहराई जैसी चुनौतियों के बावजूद टीमों ने लगातार प्रयास जारी रखे। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि मंगलवार सुबह सर्च अभियान के दौरान टीमों को सफलता मिली और छात्र का शव गंगनहर से बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। यह घटना न केवल संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए बेहद पीड़ादायक है। देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान से जुड़े छात्र की इस तरह असमय मौत ने हर किसी को झकझोर दिया है। वहीं, छह दिनों तक लगातार चले इस खोज अभियान में शामिल सभी एजेंसियों के समन्वय और समर्पण की भी सराहना की जा रही है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी उम्मीद नहीं छोड़ी। फिलहाल प्रशासन द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों ने भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने की भी बात कही है।



## नाबालिग से दरिंदगी करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** महिला एवं बाल अपराधों पर सख्त रुख अपनाए हुए हरिद्वार पुलिस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि ऐसे अपराधों में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना बुग्गावाला क्षेत्र से नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। मामला 11 फरवरी 2026 का है, जब थाना बुग्गावाला, जनपद हरिद्वार निवासी एक व्यक्ति ने लिखित तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बहन को दिलनवाज पुत्र इरफान निवासी ग्राम लालवाला, थाना बुग्गावाला बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। शिकायत पर आरोपी की गिरफ्तारीके निर्देश दिए। लगातार प्रयासों के बाद 16 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने अहम सुराग के आधार पर आरोपी और अपहृता को मीना कम्पनी, चंदोडर, जनपद अहमदाबाद गुजरात से बरामद कर लिया।

## पुलिस ने जेवरात सहित एक चोर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस टीम ने चोरी की वारदात में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 फरवरी 2026 को वादी डोडी चौहान पुत्र बलबीर सिंह निवासी सिंचाई विभाग कॉलोनी, गंगनहर ने तहरीर देकर बताया कि 6 फरवरी को सुबह लगभग 11 बजे अज्ञात चोर ने उनके घर में घुसकर अलमारी से सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इस संबंध में थाना गंगनहर पर मु0अ0सं0 0054/2026 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गंगनहर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की और सर्विलांस व मुखबिर तंत्र की मदद से सुराग जुटाए। कड़ी मशक्कत के बाद 14 फरवरी 2026 को पुलिस ने आरोपी शुभम पुत्र लक्ष्मण दास निवासी मिलाप नगर, ढंढेरा, रुड़की को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना कबूल की। पुलिस ने उसके कब्जे से मांग का टीका, बच्चे की चौन, महिला की चौन, पेंडल तथा नाक की नथ सहित पीली धातु के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदी है और नशे की लत को पूरा करने के लिए उसने दिन में ही सूने घर को निशाना बनाया।

## झबरेड़ा क्षेत्र में लगातार विद्युत कटौती को लेकर अधिकारियों से मिले हितेश शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** क्षेत्र में लगातार हो रही भारी विद्युत कटौती को लेकर आज पूर्व मंडी समिति मंगलोर के चेयरमैन पं हितेश शर्मा ने अधीक्षण अभियंता रूद के कार्यालय पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं सहित घेराव किया, और चल रही 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा मैं बड़े पैमाने पर विद्युत कटौती के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें अधीक्षण अभियंता रुड़की ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चलने की बात कही, इस अवसर पर उपस्थित विशु शर्मा शुभम सैनी देवेंद्र सिंह नाथीराम सत्यम चौधरी कुणाल सैनी ईशम सिंह मास्टर नाथीराम राजू सैनी मनोज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे



## तीन लोगों के खाते से चार लाख की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा निवासी तीन व्यक्तियों के खाते से ₹400000 से भी अधिक की साइबर ठगी कर ली गई। ठगी का एहसास उस समय हुआ जब दूसरी ओर से फोन कर 10 लाख रुपए और भेजने को कहा गया ।कस्बा निवासी व्यक्ति द्वारा साइबर ठगी के संबंध में थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। कस्बा निवासी अक्षय कुमार गुप्ता द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरे द्वारा सोमवार को फेसबुक पर एक आप डाउनलोड की गई थी यह आप शेयर मार्केट में पैसा लगाने तथा मुनाफा दिए जाने के संबंध में थी ।मेरे द्वारा लिंक डाउनलोड कर अपने पीएनबी झबरेड़ा बैंक खाता नंबर से 58000 ट्रेडिंग आप में भेज दिए गए थे। आप को डाउनलोड करते ही एक फोन आया तथा और पैसे भेजने को कहा गया। फोन आते ही मेरे द्वारा अपने दोस्त परवेज के खाते से 48000 रुपए तथा अपने रिश्तेदार अनुराग कुमार के खाते से 300000 इस खाते में भेज दिए गए। उक्त रुपए जाने के बाद उधर से फोन आया तथा 10 लाख रुपए और लगाओ कहा गया ।उधर से फोन आने पर तथा 10 लाख रुपए और लगाने के लिए कहने पर मुझे ऑनलाइन ठगी का एहसास हुआ। जब मेरे द्वारा इस नंबर पर फोन किया गया तो नंबर ही नहीं लग पाया। थाना ध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राकिब व उसकी पत्नी श्रीमती रेशमा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रीति ठीक ना होने के कारण मैंने राकिब व रेशमा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

श्रीमती खातून पत्नी स्वः इरफान नि. ग्राम नेहन्दपुर सुठारी थाना व तहसील लक्सर, जिला हरिद्वार।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिवार नकल में प्रार्थी के पुत्र का नाम शिवम दर्ज है जो गलत है। जबकि उसके पुत्र का सही नाम गोविन्द है। इसीलिए प्रार्थी के पुत्र को शिवम के स्थान पर सही नाम गोविन्द से ही जाना पहचाना, पढ़ा लिखा, व दर्ज किया जाए। **मुकेश कुमार पुत्र कृपा नि. मौहम्मदपुर बुजुर्ग, लक्सर, हरिद्वार।**


# ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पनियाला रोड ,शिवपुरम रुड़की स्थित ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट ,(अध्यक्ष बी.एस.एम शिक्षण संस्थान विशिष्ट अतिथि श्री रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट सचिव बीएम शिक्षण संस्थान तथा डॉक्टर आनंद भारद्वाज (पूर्व संस्कृत शिक्षा निदेशक एवं पूर्व अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखंड) रहे।अन्य अतिथियों में श्री हर्ष तिवारी एवं श्रीमती वंदना तिवारी (एम .डी. कोटैक हेल्थ केयर), एडवोकेट भानु प्रताप गौतम ,श्रीमती सुनीता शर्मा एवं श्रीमती रेखा शर्मा, डॉ. ममता जोशी प्रधानाचार्य (बीएसएम बी. एड. कॉलेज) , श्री ब्रजमोहन रहे।



सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधक श्री वासुदेव पंत , प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत, श्री राजीव पंत, श्री शैलेन्द्र पंत, श्रीमती ज्योति पंत ने पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। छात्रों के द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिनका उद्देश्य समाज को एकता, प्रेम, भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियों का आयोजन छात्रों के कौशल विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर छात्रों को विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में मोनिका, मानवी, दीपांशी, वंशिका रहे। विज्ञान प्रदर्शनी के लिए आर्यन,आयु, अनमोल,आयुष, रिद्धिमा, उमेमा, मंतशा, अक्षत, चंचल,सदीन, कुनाल, अक्षर ,अनिकेत, आदि छात्रों तथा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ममता, आंचल , विकास,माही, सांची,मधु आदि छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्रबंधक श्री वासुदेव पंत ने बताया कि विद्यालय निरंतर छात्रों के सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है । प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा पंत ने कहा कि विद्यालय छात्रों को शिक्षा के नये अवसर देने में सक्षम है। प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती आरती रावत, श्रीमती इंदु, श्रीमती सुकृति शर्मा, श्री आजाद पंवार, श्री अंकित कुमार, श्रीमती रंजिता शर्मा ,श्रीमती गीता, श्रीमती अनुराधा,श्रीमती सुषमा ,मोनिका,लक्की,श्रीमती ज्योति शर्मा ,श्रीमती प्रीति ,कंचन अग्रवाल, श्रीमती दीपमाला, श्रीमती अनुराधा , श्रीमती मीनू अग्रवाल आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय


बुधवार, 18 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कैसे लगे लगाम

मंगलवार को हेट स्पीच पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी अहम टिप्पणी की। जिसमें उसने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारे बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट शिक्षाविद रूपरेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं पर सुनवाई कर रहा था। हालांकि कोर्ट ने अलग से एक याचिका दायर करने के लिए कहा है और मौजूदा याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार किया है। याचिका में नेताओं व मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाओं में कहा गया था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से चीफ जस्टि सूर्यकांत, जस्टि बीवी नागरत्ना और जस्टिस जायमाल्या बागची के समक्ष दलीलें रखी। सिब्बल का कहना था कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का विशेष रूप से नाम लिया, लेकिन साथ ही कहा कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाजपा में जवाब तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया जा रहा है, लेकिन बेंच उनकी दलीलों से असंतुष्ट दिखाई दी और चीफ जस्टिस ने साफ कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। इसलिए एक दूसरी याचिका दायर करें और इनको वापस लें। उस नई याचिका में यह बताया जाए कि राजनीतिक कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर कोर्ट सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान जस्टि नागरत्ना ने बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उस पर सभी को ध्यान देना चाहिए। नागरत्ना का कहना था कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल भी उठाए, जिसमें उनकी पीड़ा भी दिखाई देती है कि अगर वह गाइडलाइन बना भी दें तो उनका पालन कौन करेगा। भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं। हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। इस बीच अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने चुनाव प्रचार संहिता का भी जिक्र किया और पीठ को बताया कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन इससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने जानना चाहा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है। इस पर बड़ी बात जस्टिस बागची ने यह कहकर कही कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले भी हेट स्पीच को कई सिद्धांत तय चुका है। उनका यह कहना बिल्कुल सही था कि ऐसे में राजनीतिक दलों की बड़ी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि कोई भी नेता पार्टी का एक सदस्य होता है। जाहिर है हेट स्पीच एक बड़ी समस्या है, नि:संदेह वह केवल कोर्ट के सहारे नहीं रोकी जा सकती। राजनीतिक दल ही आगे आएं।

## पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख



एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है, एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं, प्रचार की भूखी मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है, इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिंचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहां तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

–मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

# रमजान मुबारक: इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना

रमजान मुबारक इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और बरकतों से भरा महीना माना जाता है। यह महीना केवल रोजा रखने का नाम नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसंयम, त्याग, सब्र और अल्लाह की इबादत में डूब जाने का महीना है। दुनिया भर के मुसलमान इस महीने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि यह महीना उन्हें आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है और जीवन को एक नई दिशा देता है। रमजान का चांद दिखाई देते ही मस्जिदों में रौनक बढ़ जाती है, घरों में इबादत का माहौल बन जाता है और हर दिल में एक खास सुकून उतर आता है।

रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इसी महीने में पवित्र कुरआन शरीफ का अवतरण हुआ था। यह महीना हमें याद दिलाता है कि इंसान को अपने अंदर की बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि अपनी नजर, अपनी जुबान, अपने विचार और अपने व्यवहार को भी नियंत्रित रखने का नाम है। जब कोई व्यक्ति सुबह से शाम तक कुछ खाता-पीता नहीं है, तब उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे दया और इंसानियत की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

रमजान में सहरी और इफ्तार का विशेष महत्व होता है। सहरी वह भोजन है जो सूर्योदय से पहले किया जाता है, और इफ्तार सूर्यास्त के बाद रोजा खोलने का समय होता है। इफ्तार के समय परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठते हैं, दुआ करते हैं और खजूर तथा पानी से रोजा खोलते हैं। यह .श्य अपने आप में एकता और प्रेम का प्रतीक होता है। मस्जिदों में सामूहिक इफ्तार का आयोजन भी किया जाता है, जहां अमीर-गरीब सभी एक साथ बैठकर रोजा खोलते हैं। इससे सामाजिक समानता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

रमजान का महीना तरावीह की नमाज के लिए भी जाना जाता है। इस दौरान मुसलमान रात में विशेष नमाज अदा करते हैं जिसमें कुरआन शरीफ का पाठ किया जाता है। यह इबादत दिल को सुकून देती है और इंसान को अल्लाह के करीब ले जाती है। रातों की इबादत और दिन के रोजे मिलकर इंसान के जीवन में अनुशासन और संयम लाते हैं। यह महीना सिखाता है कि अगर इंसान चाहे तो अपने मन और इच्छाओं पर नियंत्रण पा सकता है।

रमजान में जकात और सदका देने की परंपरा भी है। जकात इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसके तहत संपन्न लोग अपनी आय का एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को देते हैं। इससे समाज में आर्थिक संतुलन बना रहता है और जरूरतमंद लोगों की मदद होती है। रमजान के दौरान लोग खुलकर दान करते हैं, क्योंकि माना जाता है कि इस महीने में किए गए नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है।

रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्लेषण का अवसर भी है। यह महीना हमें अपने कर्मों पर विचार करने, अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने का संदेश देता है। जब इंसान रोजा रखता है, तो वह झूठ, चुगली, गाली-गलौज और बुरे कामों से दूर रहने की कोशिश करता है। यह आत्मसंयम धीरे-धीरे उसके स्वभाव का हिस्सा बन जाता है।

इस महीने में आखिरी दस दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन्हीं दिनों में शबे-कद्र आती है, जिसे हजार महीनों से बेहतर रात कहा गया है। इस रात की इबादत का सवाब अत्यधिक होता है। लोग पूरी रात जागकर नमाज अदा करते हैं, कुरआन पढ़ते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। यह रात इंसान को उम्मीद और नई शुरुआत का संदेश देती है।

रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है। यह एहसास उसे जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार करता है। अंत में, रमजान मुबारक केवल एक शुभकामना नहीं है, बल्कि एक दुआ है कि यह महीना हमारे जीवन में खुशियां, शांति और बरकत लेकर आए। यह हमें सच्चाई, ईमानदारी और इंसा. नियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। रमजान



**रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ्रतार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है।**

हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी इंसान हैं और हमें एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान से रहना चाहिए। रमजान मुबारक का यह पवित्र महीना हर साल हमें खुद को सुधारने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का अवसर देता है। अगर हम इस महीने की शिक्षाओं को पूरे साल अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा समाज अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बन सकता है। यही रमजान का असली संदेश है सब्र, इबादत, दया और इंसानियत।

नसीम राना

# सूरजमुखी के पराबैंगनी की दोहरी भूमिका

**सूरजमुखी की दो प्रजातियों एच. एन्नस और एच. पेटियोला. रिस के जीनोम का अध्ययन किया गया। अकेले एच. एन्नस में एक जीन में बहुरूपता मिली जो फूलों के पैटर्न में 62 प्रतिशत विविधता के लिए जिम्मेदार थी। एच. पेटियोलारिस में स्पष्ट परिणाम नहीं दिखे। अन्य शोधकर्ताओं का कहना है कि ये निष्कर्ष अन्य फूलों पर भी लागू हो सकते हैं और इस तरह के अध्ययन यह समझने में मदद कर सकते हैं कि पौधे जलवायु परिवर्तन के प्रति किस तरह की प्रतिक्रिया दे सकते हैं।**

गर्मियों के अंत में खेतों में सूरजमुखी खिले दिखते हैं। लंबे तने के शीर्ष पर लगे सूरजमुखी के फूल लगभग एक जैसे ही दिखाई देते हैं। चटख पीले रंग की पंखुड़ियां और बीच में कत्थई रंग का गोला, लेकिन पराबैंगनी प्रकाश को देखने में सक्षम मधुमक्खियों व अन्य परागणकर्ताओं को सूरजमुखी का फूल बीच में गहरे रंग का और किनारों पर हल्के रंग का दिखता है जैसे चांदमारी का निशाना (बुल्स आई) हो।

हाल ही में ई-लाइफ में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक इस बुल्स आई में पाए जाने वाले यौगिक न सिर्फ परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं, बल्कि पानी के ह्रास को भी नियंत्रित करते हैं और सूरजमुखी को अपने वातावरण में अनुकूलित होने में मदद करते हैं। शोधकर्ताओं को बुल्स आई के आकार के लिए जिम्मेदार एक एकल परिवर्तित जीन क्षेत्र भी मिला है। ये निष्कर्ष शोधकर्ताओं को यह समझने में मदद कर सकते हैं कि सूरजमुखी और कुछ अन्य फूल बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण अक्सर पड़ने वाले सूखे से कैसे निपटते हैं। सूरजमुखी (हेलिएंथस प्रजातियां) कठिन आवास स्थानों के प्रति अनुकूलित होने में माहिर हैं। इस वंश के पौधे अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों, जैसे गर्म, शुष्क रेगिस्तान और खारे दलदल में रह सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के पादप आनुवंशिकीविद मार्को टोडेस्को जैव विकास और जेनेटिक्स की दृष्टि से समझना चाहते थे कि ये ऐसा कैसे करते हैं। शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका के दूरस्थ स्थानों से लाकर यूनिवर्सिटी में उगाए गए 1900 से अधिक सूरजमुखी पौधों का अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य फूलों के रंग जैसे विभिन्न लक्षणों को देखना था ताकि उनका



आनुवंशिक आधार खोजा जा सके। शोधकर्ताओं द्वारा सूरजमुखी की पराबैंगनी तस्वीरें लेने पर पता चला कि हरेक सूरजमुखी के फूल के लिए बुल्स आई का आकार बहुत अलग था। फूल के बीच में छोटे से घेरे से लेकर पूरी पंखुड़ियों पर बड़े घेरे तक बने थे। ये भिन्नता न केवल अलग-अलग प्रजातियों में थी बल्कि एक ही प्रजाति के फूलों के बीच भी थी, जिससे लगता है कि इसका कोई वैकासिक महत्व होगा। अन्य प्रजातियों के फूल परागणकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए इसी तरह के पैटर्न का उपयोग करते हैं, इसलिए शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या सूरजमुखी के मामले में भी ऐसा ही है। जैसी कि उम्मीद थी, परागणकर्ता छोटे या बड़े बुल्स आई वाले फूलों की तुलना में मध्यम आकार की बुल्स आई वाले फूलों पर 20-30 प्रतिशत बार अधिक आए। सवाल उठा कि यदि मध्यम आकार परागणकर्ताओं के लिए सबसे आकर्षक है तो फिर इन फूलों में बुल्स आई के इतने भिन्न आकार क्यों दिखते हैं? शोधकर्ताओं का अनुमान था कि बुल्स आई का कोई अन्य कार्य भी होगा जिसके चलते आकार में इतनी विविधता है। इस संभावना की जांच के लिए शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका वाले सूरजमुखी (हेलिएन्थस एन्नस) के विभिन्न आकार की बुल्स आई का भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से मानचित्र बनाया, जैसी कि उम्मीद थी उन्हें विविधता में एक स्पष्ट भौगोलिक पैटर्न दिखाई दिया। पहले तो शोधकर्ताओं को लगा था कि बुल्स आई, जिसमें पराबैंगनी सोखने वाले रंजक होते हैं, सूरजमुखी को अतिरिक्त सौर विकिरण से बचाती होगी, लेकिन सूरजमुखी के मूल भौगोलिक क्षेत्र में पराबैंगनी किरणों की तीव्रता और बुल्स आई के औसत आकार के बीच कोई सम्बंध नहीं दिखा। फिर शोधकर्ताओं को लगा कि शायद तापमान का इससे सम्बंध होगा। पूर्व अध्ययनों ने बताया गया था कि सूरजमुखी के फूल ऊष्मा को अवशोषित करने के लिए सूरज की तरफ रुख करते हैं, जो उन्हें तेजी से बढ़ने और परागणकर्ताओं को आकर्षित करने में मदद करता है। इसलिए शोधकर्ताओं का विचार था कि बड़ी बुल्स आई फूलों को ऊष्मा देने में मदद करती होगी ताकि परागणकर्ता भी आकर्षित हों और वृद्धि भी तेजी से हो, लेकिन जब शोधकर्ताओं ने विभिन्न आकार के बुल्स आई वाले फूलों से आने वाली गर्मी की मात्र की तुलना की तो उन्हें इसमें दिन में किसी भी समय कोई अंतर नहीं दिखा। अंत में, उन्होंने देखा कि बड़े बुल्स आई वाले सूरजमुखी शुष्क इलाकों से लाए गए थे, जबकि छोटी बुल्स आई वाले सूरजमुखी नम इलाकों से लाए गए थे। इस आधार पर शोधकर्ताओं का विचार था कि बुल्सआई के आकार का सम्बंध नमी रोधन से होगा।

...स्रोत फीचर्स

# एचबीए 1 सी टेस्ट पर नया अध्ययन: डायबिटीज की चुनौतियां



विनीत नारायण

डायबिटीज, जिसे आधुनिक युग की महामारी कहा जा रहा है, भारत में करोड़ों लोगों को अपनी चपेट में ले चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत दुनिया का डायबिटीज कैपिटल है, जहां 10 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। डायबिटीज के निदान और नियंत्रण के लिए एचबीए1 सी (ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन) टेस्ट को 'सोने का मानक' माना जाता रहा है। यह टेस्ट पिछले दो-तीन महीनों की औसत ब्लड शुगर लेवल को मापता है, जो आसान, गैर-आक्रामक और विश्वसनीय लगता है। लेकिन फरवरी 2026 में 'द लैंसेट रीजनल हेल्थ - साउथईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दे दी है। यह अध्ययन, जो विशेष रूप से भारतीय और दक्षिण एशियाई आबादी पर केंद्रित है, चेतावनी देता है कि एनीमिया, हीमोग्लोबिन विकृतियों और अन्य कारकों के कारण एचबीए1सी टेस्ट गलत निदान कर सकता है, जिससे डायबिटीज का पता चार साल तक देरी से चल सकता है।

यह अध्ययन, प्रोफेसर अनूप मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा लिखित, एचबीए1सी की सीमाओं पर गहन समीक्षा करता है। भारत में एनीमिया एक महामारी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक वयस्क महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष एनीमिया से प्रभावित हैं। एनीमिया आयरन की कमी से लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या घटाता है, जिससे एचबीए1सी का स्तर कृत्रिम रूप से ऊंचा हो जाता है। परिणामस्वरूप, जो व्यक्ति डायबिटीज से ग्रस्त नहीं है, उसे गलत तरीके से डायबिटीज का मरीज घोषित कर दिया जा सकता है। इसके विपरीत, हीमोग्लोबिनोपैथी (जैसे थैलेसीमिया, जो भारत में 4: आबादी को प्रभावित करता है) या जी6पीडी की कमी एचबीए1सी को कम दिखा सकती है, जिससे वास्तविक डायबिटीज वाले मरीजों का निदान देरी से होता है।

अध्ययन के अनुसार, दक्षिण एशियाई लोगों में एचबीए1सी और वास्तविक ब्लड ग्लूकोज के बीच सहसंबंध कमजोर है। उदाहरण के लिए, एनीमिया वाले क्षेत्रों में एचबीए1सी पर निर्भरता से डायबिटीज का निदान 20-30 प्रतिशत मामलों में गलत हो सकता है। यह न केवल निदान को प्रभावित करता है, बल्कि उपचार को भी, अनावश्यक दवाएं या देरी से उपचार से जटिलताएं जैसे हृदय रोग, किडनी फेलियर बढ़ सकती हैं। अध्ययन की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जैसे विकासशील देशों में जहां एनीमिया और आनुवंशिक विकार आम हैं, एचबीए1सी को अकेले इस्तेमाल करना जोखिमपूर्ण है। यह पश्चिमी आबादी पर आधारित मानकों को सीधे लागू करने की भूल को उजागर करता है।

भारत में डायबिटीज का बोझ पहले से ही भारी है। आईसीएमआर के अनुसार, 2030 तक यह 13.5 करोड़ तक पहुंच सकता है, लेकिन यह अध्ययन बताता है कि लाखों लोग अनदेखे डायबिटीज से पीड़ित हो सकते हैं, क्योंकि एचबीए1सी पर अंधविश्वास ने अन्य टेस्ट जैसे ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट (ओजीटीटी) या फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज (एफपीजी) को पीछे धकेल दिया है। विशेष रूप से ग्रामीण भारत और महिलाओं के लिए यह खतरा अधिक है, जहां एनीमिया दर 60 प्रतिशत से ऊपर है। देरी से निदान से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ भी बढ़ता है। चिंता का मतलब घबराहट नहीं होना चाहिए। यह अध्ययन एक जागृति का संकेत है। भारतीयों की आनुवंशिक संरचना जैसे 'थ्रिफ्टी जीन' हाइपोथेसिस, जो दक्षिण एशियाई लोगों में इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ावा देती है, पहले से ही डायबिटीज को जन्मभूमि बनाती है। लेकिन एचबीए1सी की सीमाएं जानकर हम बेहतर रणनीति बना सकते हैं। अगर हम इसे नजरअंदाज करेंगे, तो 'साइलेंट किलर' जाने जाने वाली डायबिटीज और घातक हो जाएगी।

गौरतलब है कि फार्मा उद्योग, जो डायबिटीज मार्केट से सालाना अरबों-खरबों कमाता है, इस अध्ययन से हलचल में आ सकता है। भारत में एचबीए1सी टेस्ट किट्स का बाजार 500 करोड़ रुपये से अधिक का है। इस अध्ययन से बड़ी कमानियों की बिक्री प्रभावित हो सकती है, क्योंकि डॉक्टर अब कॉम्बिनेशन टेस्ट की सिफारिश करेंगे। संभावना है कि फार्मा कंपनियां वैकल्पिक डायग्नोस्टिक टूल्स पर निवेश बढ़ाएंगी। दवाओं के मामले में भी सदियों से चली आ रही दवाओं पर सीधा असर कम होगा, क्योंकि निदान गलत होने से उपचार की शुरुआत प्रभावित होगी, लेकिन एक बार निदान हो जाए तो दवाओं को उसी मुताबिक दिया जाएगा। हालांकि, फार्मा इंडस्ट्री की लॉबी इस अध्ययन को चुनौती दे सकती है, यह दावा करते हुए कि एचबीए1सी अभी भी उपयोगी है। वहीं वैश्विक स्तर पर, कुछ कंपनियां, जो अलग तरह के जांच उपकरण व दवाएं बेचती हैं, इस नए अध्ययन को मार्केटिंग के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। कुल मिलाकर, यह उद्योग के लिए एक अवसर भी साबित हो सकता है, जो बाजार को नया आयाम देगा, लेकिन अगर प्रतिक्रिया नकारात्मक हुई, तो नियामक दबाव बढ़ सकता है। भारतीय डॉक्टर इस अध्ययन से सहमत हैं, लेकिन घबराहट की बजाय सतर्कता की वकालत करते हैं। प्रोफेसर अनूप मिश्रा, अध्ययन के मुख्य लेखक और फोर्टिस सीकेडी हॉस्पिटल के चेयरमैन, कहते हैं, एचबीए1सी पर पूर्ण निर्भरता से डायबिटीज की स्थिति का गलत वर्गीकरण हो सकता है। कुछ लोग अनुचित रूप से देरी से निदान हो सकते हैं। एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया के एक सर्वे में 70 प्रतिशत डॉक्टरों ने कहा कि एनीमिया वाले मरीजों में ओजीटीटी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अध्ययन के बाद, डॉक्टरों का मत है कि एचबीए1सी उपयोगी है, लेकिन अकेला नहीं। वो मानते हैं कि मिलीजुली प्रकिया के तहत डायबटीज जैसी बीमारी का निदान किया जा सकता है।

यह अध्ययन हमें निष्क्रियता से हटाकर सक्रियता की ओर ले जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर आप एचबीए1सी टेस्ट करवा रहे हैं, तो सीबीसी (कम्प्लीट ब्लड काउंट) से एनीमिया भी चेक जरूर करवाएं। अगर एनीमिया है, तो ओजीटीटी या एफपीजी पर स्विच करें। इसके साथ ही 30 वर्ष से ऊपर वाले व्यक्तियों को हर साल कम से कम दो टेस्ट. एफपीजी और एचबीए1सी करवाने चाहिए। डायबिटीज का 80: जोखिम रोकथाम योग्य है। दैनिक 30 मिनट व्यायाम, फाइबर-युक्त आहार (दालें, सब्जियां) और वजन नियंत्रण अपनाएं। अध्ययन दिखाता है कि भारतीयों में वजन बढ़ने से इंसुलिन रेजिस्टेंस तेजी से बढ़ता है। एनीमिया रोकने के लिए आहार में पालक, गुड़ और पौष्टिक आहार शामिल करें, लेकिन अपने डॉक्टर की सलाह से। अस्पतालों और सामाजिक संस्थाओं को सामुदायिक स्तर पर कैंप लगाने चाहिए, जिससे कि जागरूकता बढ़े। सस्ते व आसानी से उपलब्ध ग्लूकोमीटर या ऐप्स से घर पर मॉनिटरिंग करें। ए कदम न केवल डायबिटीज को नियंत्रित करेंगे, बल्कि समग्र स्वास्थ्य भी सुधारेंगे। यह अध्ययन एचबीए1सी को खारिज नहीं करता, बल्कि इसकी सीमाओं को उजागर करता है। भारतीयों के लिए यह एक जागृति का क्षण है, चिंता करें, लेकिन उचित कार्रवाई भी करें। डायबिटीज से लड़ाई में सटीक निदान पहला कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



मुंबई। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का स्वागत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## भारत-नेपाल व्यापार महोत्सव 20 फरवरी से दिखेगी नेपाली संस्कृति की झलक

**नई दिल्ली।** एवरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ईसीसीआई) दिल्ली के हौज खास में 20 फरवरी से तीन दिवसीय भारत-नेपाल व्यापार सम्मेलन का आयोजन करेगा जिसमें लोगों को पर्वतीय देश की संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिलेगा। भारत में नेपाली कारोबारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के पदाधिका. रियों ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन में 20 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाले इस व्यापार मेले में नेपाल के खास उत्पाद, वहां के खान-पान और वहां की संस्कृति को दर्शाया जाएगा।


# नर्सरी में धतूरे का पौधा उगाता था जेफ्री एपस्टीन

## जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई

**वाशिंगटन।** हाल ही में जारी हुए एपस्टीन फाइल्स के ईमेल्स में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इन ईमेल्स में खास तौर पर 'ट्रम्पेट प्लांट्स' (धतुरा का पौधा) का जिक्र है। ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था।

बताया गया कि इसके असर में व्यक्ति को कहीं भी 'ले जाया' जा सकता है, क्योंकि वह पूरी तरह आज्ञाकारी और भ्रमित हो जाता है। हिंदू परंपरा में धतूरा भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला, तो शिव ने संसार की रक्षा के लिए उसे पी लिया। शिव मंदिरों में धतूरा के फूल और फल चढ़ाए जाते हैं। ईमेल के स्क्रीनशाट से पता चलता है कि उसके फाइनेंसर ने ऐसे पौधों में रुचि दिखाई थी। धतुरा के पौधों से स्कोपोलामीन नाम का एक रसायन निकलता है, जो दिमाग पर गहरा असर डालता है। स्कोपोलामीन याददाश्त कमजोर

**■ ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था**



कर सकता है, व्यक्ति को भ्रम की स्थिति में डाल सकता है। इसी वजह से कुछ विशेषज्ञ इसे 'जाम्बी ब्रीथ' भी कहते हैं। इसमें बताया गया था कि यह दवा लोगों को बहुत ज्यादा असर डालती है और उन्हें आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। ईमेल्स से पता चलता है कि एपस्टीन धतुरा के पौधे के बारे में पूछताछ कर रहा था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उसने इनका इस्तेमाल किया या नहीं। वहीं, 2022 के एक अन्य ईमेल में एक पीड़ित के बयान का जिक्र है, जिसमें स्कोपोलामीन के संपर्क में आने की बात कही गई। इन दस्तावेजों से यह साफ होता है कि एपस्टीन ऐसे पौधों से जुड़ा था, जिनमें दिमाग को प्रभावित करने की ताकत होती है। ईमेल्स में 3 बार इस पौधे का जिक्र-पहला ईमेल (3 मार्च 2014- यह ईमेल सीधे एपस्टीन ने 'एन रोड्रिगेज' नाम के एक व्यक्ति को भेजा था। ईमेल में उन्होंने लिखा था कि नर्सरी में लगे उनके ट्रम्पेट पौधों के बारे में क्रिस से पूछो। इससे साफ संकेत मिलता है कि एपस्टीन की नर्सरी में ट्रम्पेट प्लांट यानी धतूरा के पौधे लगे हुए थे। दूसरा ईमेल (27 जनवरी 2015-बताया जाता है कि यह ईमेल फ्रांसीसी फैशन फोटोग्राफर एंटोनी वेरग्लास की ओर से आगे भेजा गया था। ईमेल्स में जिस 'जाम्बी फ्लावर' का जिक्र है, वह दरअसल ट्रम्पेट आकार वाले पौधे हैं। फारवर्ड किए गए एक मैसेज का शीर्षक था- स्कोपोलामीन: कोलंबिया के जंगलों में उगने वाली एक शक्तिशाली दवा, जो इंसान की चेतना को खत्म कर देती है। यह मैसेज डेली मेल और वाइस की एक रिपोर्ट से जुड़ा था।

## लालू यादव की जमानत खारिज करने संबंधी याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देवघर चारा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को मिली जमानत के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर सुनवाई को अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिह की पीठ मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यादव की सजा निलंबित कर उन्हें जमानत दी गई थी। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने सजा निलंबित करते समय कानून को गलत अर्थ में देखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी नागरिक अधिकार नेता जेसी जैक्सन का निधन

वॉशिंगटन। अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुज़र गये। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक जाने-माने मानवा. धिकार कार्यकर्ता थे। उन्होंने 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए दो बार चुनाव लड़ा था।

### स्पेन में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्वी स्पेन में सोमवार को आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय अधिका. रियों ने यह जानकारी दी है। कैटलन क्षेत्रीय अग्निशमन सेवा ने एक बयान में कहा कि आग बार्सिलोना प्रांत के मान्लेउ शहर में एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी। दमकलकर्मियों ने लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन वहां पांच लोग मृत पाए गए। चार अन्य को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### म्यांमार में जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका

**यांगून।** उत्तरी म्यांमार के काचिन में सोमवार रात एक जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका है। यह घटना हपाकांत टाउनशिप में स्थानीय समयानुसार कल रात करीब 9:30 बजे हुई। खदान ढहने के बाद बड़ी संख्या में लोग बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर जमा हो गए, लेकिन खदान के बहुत बड़े पैमाने पर ढहने के कारण काम में रुकावट आई। काचिन राज्य पुलिस के अनुसार जब यह हादसा हुआ तब खदान में करीब 50 लोग काम कर रहे थे।

# तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने

## संसद भवन में शपथ हुई, 1 हिंदू समेत 49 मंत्री बनाए गए, इनमें 25 कैबिनेट, 24 राज्य मंत्री

**ढाका।** बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतर्ा. रम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सां. सदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं।

17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई राय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने तारिक रहमान को प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। बाद में दोनों ने हाथ मिलाया। इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी को संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62 प्रतिशत लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुता. बिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घट जाती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। पार्टी का कहना है कि चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह नहीं ली गई थी। बीएनपी के स्टैंडिंग कमिटी सदस्य और सांसद सलाहुद्दीन अहमद ने बताया कि पार्टी के कोई भी सांसद इस परिषद के सदस्य के रूप में शपथ नहीं लेंगे। वर्तमान संविधान में ऐसी किसी परिषद का कोई प्रावधान नहीं है और न ही कोई अलग शपथ का फार्मेट मौजूद है। उनका कहना है कि संसद सदस्य केवल संसद के लिए चुने गए हैं, संवैधानिक सुधार परिषद के लिए नहीं। इस परिषद को वैध बनाने के लिए पहले संविधान में संशोधन करके इसे शामिल करना होगा, फिर संसद में इसे अपनाना होगा और उसके बाद ही शपथ का कोई कानूनी आधार बनेगा। यह परिषद जुलाई चार्टर के तहत संवैधानिक सुधारों को लागू करने के लिए बनाई गई है। योजना थी कि नए संसद सदस्य के साथ-साथ इस परिषद के सदस्य भी बनें और दोनों के लिए शपथ लें, लेकिन बीएनपी ने इसे असंवैधानिक बताते हुए केवल संसद सदस्य की शपथ ली है। जुलाई चार्टर के तहत पीएम के लिए जीवनभर कुल 10 साल (या अधिकतम दो टर्म) की सख्त टर्म लिमिट लगाई गई है, ताकि कोई लंबे समय तक सत्ता में न रह सके। पीएम पार्टी चीफ के पद के साथ नहीं रह सकता, इमरजेंसी घोषणा के लिए कैबिनेट और विपक्षी लीडर की लिखित सहमति जरूरी होगी। प्रेसिडेंट की भूमिका मजबूत होगी, जैसे कई स्वतंत्र संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति में प्रेसिडेंट को ज्यादा स्वतंत्र अधिकार मिलेंगे, जो पहले पीएम के प्रभाव में थे। बाइकैमरल संसद (ऊपरी सदन) बनने से पीएम-केंद्रित निचले सदन के फैसलों पर कंट्रोल लगेगा और कई संस्थाओं के लिए अलग सेलेक्शन कमिटी बनेंगी, जिससे पीएम का एकतरफा नियंत्रण कम होगा।



**■ पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था**

### यूनुस ने किया पूर्वोत्तर भारत के 'सेवन सिस्टर्स' राज्यों का उल्लेख

**ढाका।** बंगलादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्र के नाम अपने विदाई संबोधन में भारत का उल्लेख तो नहीं किया, लेकिन 'सात बहनों' का संबोधन करते हुए कहा कि बंगलादेश, नेपाल, भूटान और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात राज्यों (सेवेन सिस्टर्स) को आर्थिक समृद्धि के लिए विशाल अवसर दे सकता है। यूनुस ने सोमवार रात अपने संबोधन में कहा कि खुला समुद्र केवल (बंगलादेश की) भौगोलिक सीमा नहीं है। यह बंगलादेश के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ काम करने का अवसर है। बंगलादेश सात बहनों, नेपाल और भूटान के लिए आर्थिक खुशहाली की बहुत बड़ी संभावना दे सकता है। 'सात बहन राज्यों' का अर्थ भारत के पूर्वोत्तर में मौजूद सात राज्यों से हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मेघालय, असम, त्रिपुरा, नागालैंड और मणिपुर शामिल हैं। यूनुस ने अपने बयान में नेपाल और भूटान का भी जिक्र किया, लेकिन उनके शब्दों में पड़ोसी भारत का कोई उल्लेख नहीं था।

## ओम बिरला ने बांग्लादेश के नए पीएम तारिक रहमान से की मुलाकात

**ढाका।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानक. ारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी।

बिरला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। मुलाकात के दौरान, बिरला ने रहमान को पद ग्रहण की बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने

**■ पीएम मोदी का पत्र सौंपा, भारत आने का दिया निमंत्रण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से भेजे गया पत्र भी तारिक रहमान को सौंपा। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के लोगों के भले के लिए मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की। बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने बताया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कहा कि दोनों नेता जनकेंद्रित सहयोग के तहत भारत और बांग्लादेश के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए आशावादी हैं।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा का पांच दिवसीय भारत दौरा 18 से

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा बुधवार को भारत की पांच यात्रा पर यहां पहुंच रहे हैं और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनी. तिक समझौते करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दा सिल्वा भारत की सरकारी यात्रा पर आएंगे और वह भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए वार्ता करेंगे। इस वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राष्ट्रपति दा सिल्वा के इस दौरे के दौरान ऊर्जा, नागरिक उड्यन, महत्वपूर्ण खनिज और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति ने इस दौरान उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी करेंगी।

## भारतीय लड़की भी यौन अपराधी एपस्टीन का शिकार हुई

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी नई फाइलों में खुलासा हुआ है कि एक भारतीय लड़की भी उसका शिकार हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने उसे पीड़ित मुआवजा फंड से भुगतान दिलाने के लिए भारत में तलाश शुरू की थी।

13 जनवरी 2020 की एक ईमेल में अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत सामने आई है। इसमें भारत में मौजूद पीड़िता का पता और जानकारी जुटाने को कहा गया है, ताकी भारत स्थित अमेरिकी दूतावास के जरिए उससे संपर्क किया जा सके। यह ईमेल एपस्टीन की अगस्त 2019 में जेल में हुई मौत के बाद की है। रिलीज दस्तावेजों में इस मेल का

**■ नई फाइल्स में खुलासा अमेरिकी अधिकारी पीड़ित मुआवजा फंड से मदद देने के लिए तलाश रहे थे**

**■ नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल**

टाइटल 'एपस्टीन विक्टिम्स' है, हालांकि अधिकारियों के नाम और कुछ जानकारियां छुपाई गई हैं। दस्तावेज में अमेरिकी अधिकारियों से भारतीय लड़की और उसकी कान्टैक्ट डीटेल्स निकालने के लिए कहा गया है। नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल है।

## उपभोक्ता हेल्पलाइन से 31 क्षेत्रों में 79521 शिकायतों का समाधान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने गत 31 जनवरी तक नौ महीनों की अवधि के दौरान धनवापसी के दावों से संबंधित 79521 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार यह समाधान 31 क्षेत्रों में किया गया है। सूचना में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 31 क्षेत्रों में 52 करोड़ रुपये की राशि की वापसी हो सकी है। मुकदमे से पहले के चरण में 79,521 शिकायतों का समाधान किया गया है और इसमें ई-कॉमर्स का हिस्सा सबसे ज्यादा है। विभाग की यह प्रमुख पहल उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत प्रभावी, सुलभ और समयबद्ध शिकायत निवारण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत का दूसरा दौर शुरू

## अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है

**■ बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था**

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच बहुप्रतीक्षित अप्रत्यक्ष वार्ता का दूसरा दौर मंगलवार को जिनेवा में शुरू हुआ। यह बैठक ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित है।

ईरान का प्रस्ताव है कि अगर अमेरिका ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाने और उसकी स्थिर संपत्तियों के इस्तेमाल को मंजूरी देता है, तो वह अपने संवर्धित यूरेनियम की गुणवत्ता कम करने के लिए तैयार है। अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने स्पष्ट किया है कि वह इसके पक्ष में नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस बैठक में 'अप्रत्यक्ष' रूप से शामिल होंगे। बैठक में ईरान की ओर से विदेश मंत्री अराघची शामिल होंगे, जबकि अमेरिका का प्रतिनिधित्व ट्रंप के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जैरेड कुश्नर करेंगे। बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। अमे. रिका और ईरान दोनों ने इसे एक 'अच्छी शुरुआत' करार दिया था, लेकिन दोनों देशों के बीच किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई थी।

## हंगरी, अमेरिका ने परमाणु सहयोग समझौते पर किए हस्ताक्षर

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिये हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमे. रिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गई छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा कि यह परमाणु ऊर्जा समझौता नवंबर में व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री ऑर्बान के बीच हुई बैठक में हुई चर्चाओं का परिणाम है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि अमे. रिकी सरकार ने हंगरी को प्रभावित करने वाले कुछ प्रतिबंधात्मक उपायों को निलंबित कर दिया है, जिससे द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# जेलेंस्की ने हंगरी के पीएम का उड़ाया मजाक

## कहा: वो अपना पेट बढ़ा रहे, सेना नहीं, यूक्रेन जंग में रूस का विरोध नहीं करने से नाराज

**म्यूनिख।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने जर्मनी के म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस में हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, रूस से लड़ रहा है, इसलिए यूरोप के देश आज आजादी से जी पा रहे हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि विक्टर आर्बन सोच रहे हैं कि अपना पेट कैसे बढ़ाया जाए, लेकिन ये नहीं सोच रहे कि सेना को कैसे बढ़ाया जाए, ताकि रूस टैंकों को बुडापेस्ट (हंगरी की राजधानी) की सड़कों पर फिर लौटने से रोका जा सके। जेलेंस्की का कहना है कि आर्बन रूस के खतरे को गंभीरता से लेने के बजाय अपनी राजनीति और आराम पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। वे सुरक्षा



**■ रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है**

और रक्षा तैयारियों के बजाय दूसरी बातों में ज्यादा उलझे हुए हैं। रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है। 1956 में सोवियत टैंक हंगरी में घुसे थे और विद्रोह को कुचल दिया गया था। जेलेंस्की याद दिलाना चाहते हैं कि अगर रूस को खुली छूट दी गई और समय रहते उसका विरोध नहीं किया गया, तो ऐसा खतरा दोबारा भी सामने आ सकता है। कोल्ड वार के समय हंगरी सोवियत यूनियन (आज का रूस) का हिस्सा था। बीते कुछ सालों में यूक्रेन और हंगरी के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हुए हैं। इसकी वजह यह है कि आर्बन पर रूस को लेकर नरम रुख अपनाने का आरोप है। हाल के हफ्तों में उन्होंने देश के चुनाव से पहले यूक्रेन के खिलाफ बयानबाजी भी तेज कर दी है। इससे पहले 2022 में रूसी हमले के बाद यूक्रेन ने यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने के लिए आवेदन किया था, लेकिन तब आर्बन के वीटो की वजह से आगे की बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी थी। बाकी यूरोपीय देशों के उलट, हंगरी ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भी रूस से अपने इंपोर्ट में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया। जेलेंस्की ने कहा कि अब पुराने दिन खत्म हो चुके हैं। अमेरिका अब यूरोप को पहले जैसा साझेदार नहीं मानता। इसलिए यूरोप को यूक्रेन के साथ मिलकर अपनी खुद की सेना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह युद्ध कुछ नेताओं के बीच बैठकर तय नहीं किया जा सकता। न तो डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन मिलकर इसका फैसला कर सकते हैं, न ही मैं खुद और पुतिन। म्यूनिख में बैठा कोई भी नेता अकेले पुतिन से बात करके इस युद्ध का अंत तय नहीं कर सकता।

## किम-जोंग की बहन या बेटी देश की अगली तानाशाह कौन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग की बाद अगला तानाशाह बनने के लेकर उनकी बहन और बेटी में संघर्ष छिड़ सकता है। यह दावा दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। दरअसल किम जोंग पिछले कुछ समय से लगातार अपनी 13 साल की बेटी शकिम जू ऐश के साथ सर्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं।

ऐसे में माना जा रहा है कि वो किम जू-ऐ को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर सकते हैं। इसे लेकर दक्षिण कोरिया के पूर्व राजदूत राह जोंग-यिल ने कहा कि किम जू-ए के लिए रास्ता बिल्कुल आसान नहीं होगा। उनकी सबसे बड़ी चुनौती किम जोंग-उन की छोटी बहन 'किम यो-जुंग' होंगी, जो अपने भाई जितनी ही खूंखार मानी जाती हैं। 38 साल की किम यो-जुंग को उत्तर कोरिया में दूसरी सबसे ताकतवर शख्स हैं। पार्टी से लेकर सेना तक उनकी

**■ एक्सपर्ट बोले: भाई जितनी ही खूंखार, राष्ट्रपति को छोड़ सबको फांसी दे सकती हैं**

मजबूत पकड़ है। यहां तक कहा जाता है कि वे राष्ट्रपति को छोड़कर पार्टी की 250 सदर्स्ईय केंद्रीय समिति के किसी भी नेता को मौत की सजा दे सकती हैं। राह जोंग-यिल का कहना है कि अगर किम यो-जुंग को लगा कि उनके पास शीर्ष नेता बनने का मौका है, तो वे बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगी। यानी सत्ता संघर्ष की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अन्य एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि अगर अचानक किम जोंग-उन को कुछ हो जाता है या वे शासन करने की हालत में नहीं रहते, तो किम यो-जुंग तुरंत सत्ता संभालने की कोशिश कर सकती हैं। किम यो-जुंग को बचपन में 'स्वीट प्रिंसेस यो-जोंग' कहा जाता था।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108